


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 16 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 207, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


सेंसेक्स 72,987.03 ▲ -117.58
डॉलर 83.416 ▼ -0.075

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 73,290

चांदी (1 किलो) 86,830

## एक नजर

### धर्म के आधार पर न बजट बांटने देंगे न आरक्षण : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र के डिंडोरी में एक बार फिर कांग्रेस के तुष्टीकरण पर हमला बोलते हुए कहा कि ये देश के सारे बजट का 15 प्रतिशत सिर्फ मुसलमानों पर खर्च करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक सिर्फ एक ही हैं, उसका अपना प्रिय वोट बैंक। जब मैं मुख्यमंत्री था तब कांग्रेस चाहती थी कि देश के सारे बजट का 15 प्रतिशत सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। तब मैंने इसका पुरजोर विरोध किया था। भाजपा के जबरदस्त विरोध के कारण वे कामयाब नहीं हो पाए थे। लेकिन, अब ये सारे पुराने एजेंडे को लागू करने पर तुले हुए हैं। बाबा साहेब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे। लेकिन, कांग्रेस कह रही है कि एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देंगे। कांग्रेस आपकी संपत्ति को भी जब्त करके उसका हिस्सा अपने वोट बैंक को देने की तैयारी में है। लेकिन, कांग्रेस और इंडी अलायंस वाले कान खोलकर सुन लें, मोदी धर्म के आधार पर ना बजट बांटने देगा और ना ही धर्म के आधार पर आरक्षण देगा।

बालासाहेब के हर सपने को **नकली शिवसेना ने चूर कर दिया :** प्रधानमंत्री ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और शरद पवार को निशाने पर लेते हुए कहा कि इस नकली शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और नकली राष्ट्रवादी पार्टी (शरद पवार) का कांग्रेस में विलय होना पक्का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आज के मैच

GUJARAT TITANS VS SUNRISERS HYDERABAD

**समय : 16 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : हैदराबाद**




# टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर आलम गिरफ्तार

- 35.23 करोड़ रुपये बरामदगी के मामले में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए मंत्री
- मंत्री की गिरफ्तारी के बाद ईडी कार्यालय की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई
- डॉक्टरों ने मंत्री के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें पूरी तरह फिट बताया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में बुधवार कांग्रेस के लिए काफी घटना प्रधान रहा। एक ओर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश दिनभर राजधानी में जमे रहे और प्रधानमंत्री पर हमला बोलते रहे वहीं दूसरी ओर राज्य में टेंडर कमीशन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया। इसके पहले बुधवार सुबह आलमगीर आलम थोड़ी देर से ईडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। दिनभर चली पूछताछ के बाद शाम करीब साढ़े छह बजे ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया है। टेंडर कमीशन घोटाले में यह नौवीं गिरफ्तारी है। इसके पूर्व में उनके निजी सचिव संजीव लाल, पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम सहित आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बुधवार को ईडी की पूछताछ में वे अपने पीएस के नौकर के घर से 35.23 करोड़ रुपये बरामदगी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कब क्या हुआ

**14 मई :** ईडी के अधिकारियों ने मंत्री से साढ़े नौ घंटे तक पूछताछ की थी। साथ ही 15 मई को फिर ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय आने को कहा था।

**05 मई :** टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के निजी सचिव संजीव लाल सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे।

**06 मई :** ईडी ने कार्रवाई करते हुए अहले सुबह छह मई की को आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद ईडी ने दोनों को कोर्ट में पेश किया और रिमांड पर लिया है।

### वीरेंद्र राम से जुड़े सवालों में घिर गए आलम

मंत्री आलमगीर आलम ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से जुड़े सवालों में घिर गये। मालूम हो कि 2023 में गिरफ्तारी के बाद वीरेंद्र राम ने ईडी से कई तथ्य साझा किए थे। इसमें विभाग में ऊपर से नीचे तक कमीशन की परंपरा, संरचना और हिस्सेदारी भी बताई गई थी। इसी आधार पर मंत्री के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के घर पर छापा मार 35.23 करोड़ रुपये बरामद किए थे। तभी से मंत्री पर सवाल उठने लगे थे। बताया जा रहा है कि बुधवार को आलमगीर आलम, संजीव और उसकी पत्नी रीता को आमने-सामने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बड़हरवा टेंडर विवाद में भी आया था नाम

साहिबगंज के बड़हरवा में टेंडर विवाद मामले में मारपीट का एक केस 22 जून 2020 को दर्ज हुआ था। इस केस में मुख्य आरोपित राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के अलावा तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, तपन सिंह, दिलीप साह, इश्तखार आलम, तेजस भगत, कुंदन गुप्ता, धनंजय घोष, रांजीव रंजन शर्मा, संजय रमाणी, टिंकू रज्जक अंसारी व अन्य अज्ञात थे। इस प्राथमिकी के दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर यानी 23 जून 2020 को बिना विधिवत अनुसंधान के तत्कालीन बड़हरवा एसडीपीओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने मंत्री आलमगीर आलम व ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# ब्लड बैंक का लाइसेंस नवीकरण शीघ्र दूर कर ली गई है कमियां : ड्रग इंसपेक्टर

- ब्लड बैंक का लाइसेंस एक्सपायर, नवीकरण की प्रक्रिया चल रही है : प्राचार्य
- चालान जमा करने के बाद कोई परेशानी की बात नहीं




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रांगण में स्थित ब्लड बैंक का लाइसेंस का नवीकरण प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में एमएमसीएच के प्राचार्य डॉ. कमेन्द्र प्रसाद ने बताया कि लाइसेंस 30 सितम्बर 2020 में ही एक्सपायर कर गया। मगर इससे कोई दिक्कत नहीं है। यह कागजी कार्रवाई है जो चल रही है। हम लोगों ने अपना काम कर लिया है। निरीक्षण का काम तीन अप्रैल 2024 को किया गया है। इस रिपोर्ट के बाद नवीकरण में जो त्रुटि थी उसे भी दुरूस्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस ब्लड बैंक के लाइसेंस के नवीकरण व विस्तारीकरण के लिए निर्धारित शुल्क जमा कर दी गई है। डॉ. कर्मेंद्र ने बताया कि पलामू जिले के ड्रग इंस्पेक्टर चंदन कच्छप और पूर्वी क्षेत्र कोलकाता के ड्रग इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से इस ब्लड बैंक का निरीक्षण किया गया था। उन्होंने बताया कि इसी बीच 10 मई 2024 को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# कन्या प्राथमिक विद्यालय में नहीं है शौचालय, परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जहां एक ओर पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव-गांव में शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य है भारत को खुले में शौच से मुक्त करना है। वहीं पलामू प्रमंडल मुख्यालय से सटे सदर प्रखंड के अंदर आने वाले और मेदिनीनगर निगम से सटे जोड़ पंचायत के राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में शौचलय नहीं है। इस विद्यालय में 1 से 5 तक की कक्षा संचालित होती है। विद्यालय की प्राचार्य मीरा कुमारी ने बताया कि विद्यालय में अभी तक बाथरुम का व्यवस्था नहीं की गई है, जबकि यह विद्यालय वर्षों पुराना है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में हमने कई बार अपने विभाग को चिट्ठी भी लिखी है, लेकिन अभी तक यहां बाथरुम की व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके चलते स्कूल में पढ़ रही छात्राओं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि उन्हें अपने घर शौच के लिए जाना पड़ता है, लेकिन अभी तक इसके बारे में विभाग से किसी प्रकार का कोई कार्रवाई करने का आदेश या आश्वासन नहीं दिया गया है। पहले स्कूल में दो पोर्टबुल बाथरूम की व्यवस्था की गई थी, लेकिन उसे अभी तक चालू नहीं किया गया है। बाहर शौच जाना लज्जाजनक तो है ही। साथ ही वहां सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जंतुओं से भी खतरा रहता है। प्राचार्य ने विभाग से सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया है।




### इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करूंगा : डीएसई

इस सबंध में डीएसई रणधीर कुजूर ने बताया कि यह गंभीर विषय है। इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करूंगा। अब तक किन कारणों से वहां शौचालय नहीं बन पाया इसका पता करने का प्रयास करूंगा और वहां शौचालय बनना चाहिए। इस संबंध में मैं आवश्यक कदम उठाउंगा।

# एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को देने नहीं देंगे : हिमंता

- राहुल गांधी भारत के पीएम नहीं बन सकते, वह पाकिस्तान जाकर शौक पूरा कर लें
- कांग्रेसी सांसद के घर से 350 करोड़ तो मंत्री के पीए के घर से 35 करोड़ मिल रहे
- एक पूर्व मुख्यमंत्री जमीन घोटाले के आरोप में जेल की हवा खा रहे हैं



**गिरिडीह/रामगढ़।** भाजपा के स्टार प्रचारक व असम के फायरब्रांड मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा बुधवार को पूरे फार्म में दिखे। रामगढ़ के रजरप्पा में मनीष जायसवाल और कोडरमा सीट केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में मुसलमानों को आरक्षण का कोई हक नहीं है। वह आरक्षण यहां के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलना चाहिए। जिन राज्यों में कांग्रेस और उनके गठबंधन की सरकार है, वहां पर ओबीसी के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को दिया जा रहा है लेकिन भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण खत्म कर देगी। उन्होंने झारखंड की झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि इन्हें अपना जेब भरने से मतलब है जनता के कल्याण से नहीं। यहां के कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ और मंत्री के घर से 30-35 करोड़ रुपए मिल रहे हैं। एक पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार करने की वजह से जेल में हैं। ऐसी सरकार की जरूरत इस प्रदेश को कतई नहीं है। लोकसभा चुनाव के बाद होने वाले झारखंड के विधानसभा चुनाव में इस प्रदेश में एक बार फिर डबल इंजन की सरकार बनेगी। झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों की समस्या का जिक्र करते हुए हिमंता बिस्वा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# ओरमांझी जैविक उद्यान में बाघिन के नीचे दबे चार नवजात शावक, मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान में चार शावकों की मौत हो गई। बाघिन मां गौरी के करवट लेने से शावक उसके नीचे दब गए थे, जिससे उनकी मौत हुई है। जानकारी के अनुसार, बाघिन गौरी ने पहली बार चार शावकों को जन्म दिया था। गौरी ने 10 मई की रात को एक और 11 मई को तीन शावकों को जन्म दिया। जन्म के बाद ही बाघिन के करवट लेने से शावक उसके नीचे दब गए। इससे श्वसन प्रणाली काम नहीं कर पाई और चारों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद चारों शावकों को जू के भीतर बने दाहगृह में जला दिया गया है। गौरी बाघिन अभी ठीक है। इस बात की जानकारी ओरमांझी जू के डॉक्टर ओम प्रकाश शाहू ने दी। बाघिन जिस केज में थी, जू प्रबंधन लगातार सीसीटीवी कैमरे से वहां की मॉनीटरिंग कर रहा था। इसके बावजूद इस तरह की घटना हो जाना, वन्य प्राणियों के सुरक्षा प्रबंधन पर सवाल खड़ा करता है। जैविक उद्यान प्रबंधन के अनुसार, सभी शावक मां के काफी करीब आ गए थे। जब मां ने करवट बदली, तो सभी नवजात दब गए और दम घुटने से सभी की मौत हो गई। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### कांग्रेस को ताकत अपने पांच न्याय और 25 गारंटी से मिलती है

# चार चरणों में ही हमें बहुमत मिलना तय हो गया : जयराम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने बुधवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले चार चरणों के बाद स्पष्ट हो गया कि इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने जा रहा है। बाकी बचे तीन चरणों का कोई असर अब चुनाव पर नहीं पड़ने वाला है। दक्षिण में भाजपा साफ हो चुकी है। प्रधानमंत्री की भाषा बदल गयी है। प्रधानमंत्री बौखलाए हुए हैं। हताश हैं। दस साल अन्याय काल के बाद अब जनता समझ गई है कि बदलाव और परिवर्तन का समय आ गया है। जल्द ही ये पीएम पद से हटने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ताकत अपने पांच न्याय और 25 गारंटी से आती है। हमारी गारंटी हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा से बदलाव दिखा। गारंटी कार्ड ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### जयराम ने प्रधानमंत्री से पूछे चार सवाल

**पहला सवाल :** नरेन्द्र मोदी के गारंटी और 400 पार का नारा क्यों बंद हुआ? इनके इस नारे का मतलब ये है कि इनको 400 पार करवाओ ताकि ये नया संविधान बनाएं।

**दूसरा सवाल :** क्यों आप जातिगत जनगणना कराने से भाग रहे हैं? बिहार में तो आपके साथी नीतीश कुमार ने जनगणना कराया है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रांची के एचईसी में कहा था कि हम जातिगत जनगणना कराएंगे।

**तीसरा सवाल :** 1952 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आरक्षण की सीमा अनुसुचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लिए 50 प्रतिशत होनी जरूरी है। रांची में राहुल गांधी ने कहा था कि इंडिया गठबंधन इस सीमा को बढ़ाएगी।

**चौथा सवाल :** क्या ये सच नहीं है कि आपने पिछले 10 सालों में सभी कानूनों में संशोधन लाया है, जो आदिवासी और दलितों को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए थे? वन अधिकार अधिनियम और वन संरक्षण कानून-1980 को कमजोर किया गया है ताकि आदिवासियों की जमीन पूंजीपतियों को दी जा सके।

## इंडिया

# औपचारिकता बनते सनातनी विवाह संस्कारों को अनिवार्य बताया सुप्रीम कोर्ट ने



सुनील बादल

**भारत** ही नहीं अखंड भारत के इसके पड़ोसी देशों में विवाह में बढ़ते दिखावा से औपचारिकता बनते विवाह संस्कारों को देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी 'गाने और डांस', 'शराब पीने और खाने' का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है। कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दशार्या गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए।



### ईडी ने प्रॉपर्टी असेसमेंट के लिए न्यूक्लियस मॉल की कराई मापी

**रांची।** ईडी की टीम ने प्रॉपर्टी असेसमेंट के लिए बुधवार को जमीन घोटाला मामले में आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल के लालपुर स्थित न्यूक्लियस मॉल के जमीन की मापी करवाई। उल्लेखनीय है कि जमीन घोटाला मामले में विष्णु अग्रवाल को ईडी ने 31 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया था। विष्णु अग्रवाल के खिलाफ जांच में ईडी को काफी तथ्य मिले थे। ईडी ने पाया था कि चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की खरीद फर्जी दस्तावेजों से हुई थी। इसके अलावा सेना की सिरमटोली की जमीन भी गलत दस्तावेज के आधार पर की गई थी। पुगडु में 9.30 एकड़ जमीन की खरीद बिक्री में भी गलत दस्तावेजों का प्रयोग हुआ था।

## एक नजर

### मंदिर की वर्षगांठ पर अखंड कीर्त्तन



**सतबरवा।** महावीर चौक दुर्गा मंदिर के पांचवी वर्षगांठ पर 12 घंटा का अखंड कीर्तन किया गया। मंदिर के पुजारी उमेश मिश्रा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का माँ दुर्गा पांचवा वर्षगांठ बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा। इस अवसर पर 12 घंटे का अखंड कीर्तन मंगलवार की रात 9:00 बजे से बुधवार की सुबह 9:00 बजे तक जय सियाराम का भजन कर किया गया। वही भक्तजन व श्रद्धालु ने अपनी अपनी मन्नत मांगी और प्रसाद ग्रहण किए। इस अवसर पर पूरे मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया। इस मौके पर संतोष दीवाना, संतन जायसवाल, ब्रजेश राम समेत कई लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### रिद्धि-सिद्धि होटल के समीप से एक साथ दो बाइक की हुई चोरी

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के होटल रिद्धि-सिद्धि के समीप से दो लोगों की बाइक एक साथ चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। चुनाव के दो दिन पूर्व भाजपा की बाइक रैली में संतोष कुमार सिंह व विनय पासवान गए थे। वापस लौट कर होटल रिद्धि-सिद्धि परिसर में बाइक लगा कर अन्दर खाना खाने चले गए। एक घंटा बाद वापस आने पर संतोष और विनय की बाइक गायब थी। सीसीटीवी कैमरा देखने पर पता चला कि 1.45 बजे दिन में दो अज्ञात युवक बाइक लेकर निकल गए हैं। इन दिनों भुक्त भोगियों ने काफी खोज बीन करने के बाद हुसैनाबाद थाना पुलिस को बाइक चोरी होने संबंधित आवेदन दिया है। आवेदन में संतोष कुमार सिंह की एकस्प्लेंडर कला रंग की जेएच 03 आर 7045 एवं विनय पासवान की एकस्प्लेंडर कला रंग की जेएच 03 एएल 4031 है। दोनों ने पुलिस से मामले की छान बीन कर बाइक का पता लगाने का आग्रह किया है।

## कुएं से चार दिन बाद मिला अधेड़ का शव

# परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के चौपरिया गांव के लमती गांव में बकाया पैसे मांगने गए 55 वर्षीय सरयू राम की हत्या कर दी गयी। चार दिन बाद उधम मियां के खेत में कारी कुएं में उनका शव बरामद किया गया। सरयू राय गत रविवार दोपहर घर से बाहर निकले थे। कुएं में डेड बॉडी देखे जाने की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकालकर बुधवार को एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस परिजनों के हत्या आरोप पर जांच कर रही है। परिजनों ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा दिलाने का आग्रह किया है। सरयू बभंडी गांव के रहने वाले थे। बेटे रामनाथ के अनुसार चौपरिया गांव के लमती के रहने वाले चुटू कोरवा के पास सरयू का 10 हजार बकाया था। लड़के की शादी के समय दो साल पहले पैसे लिए थे। कुछ महीने पहले पैसे लेने वाले व्यक्ति की मौत हो गई थी। ऐसे में सरयू उसकी पत्नी से मूलधन की मांग कर रहे थे, लेकिन महिला इसके लिए तैयार नहीं हो रही थी। इसे लेकर विवाद हुआ था।



### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है : थाना प्रभारी

इस हत्याकांड के मामले में रामगढ़ के थाना प्रभारी नीलेश कुमार ने कहा कि परिजनों के हिसाब से यह मामला हत्या प्रतीत होता है। इसकी शिकायत की गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### साबल से मारकर हत्या करने की आशंका

बताया जाता है कि रविवार दोपहर सरयू बकाया पैसे मांगने के लिए घर से निकले थे, लेकिन लौटकर घर नहीं आए। इसी दिन शाम पांच बजे से उनका मोबाइल बंद बता रहा था। कई जगहों पर उनकी खोजबीन की जा रही थी, लेकिन कुछ अता-पता नहीं चल रहा था। इसी क्रम में बकायदार व्यक्ति के घर से 500 मीटर दूर सुनसान सिंचाई कूप से उनका शव बरामद हुआ। माइंस पर काम करने वाले मजदूरों ने कुएं में शव देखकर इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजन वहां पहुंचे और डेड बॉडी देखकर रामगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में डेड बॉडी बाहर निकाली गई। परिजनों ने सरयू की पिटाई करने के बाद रस्सी से गला दबाकर एवं कनपटी पर लोहे के साबल से मारकर हत्या करने की आशंका जताई है। घटनास्थल पर मृतक के जूते जहां-तहां फेंके हुए थे। साथ ही खून के धब्बे बिखरे पड़े थे, जिसे मिटाने की कोशिश भी की गई थी। मृतक के गले पर रस्सी से दबाने के निशान मिले हैं। शरीर के कई अन्य हिस्से में भी चोट के निशान पाए गए हैं। सिर से खून निकल रहा था। परिजनों के अनुसार सरयू घर पर रहकर सूप ।दौरा बनाकर बेचा करते थे। मृतक के चार बेटे हैं और 6 बेटियां हैं। बेटे बाहर रहकर मजदूरी करते हैं और वहां से पैसे भेजते थे जिसे जमा कर सरयू रखे हुए थे और विशेष आग्रह पर 10 हजार रूपए दिए थे।

### विष्णुकांत ने सीडीएस क्वालीफाई कर प्रखंड का नाम किया रोशन



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हैदरनगर प्रखंड के खरडीहा गांव निवासी सहायक अध्यापक रमेश कुमार सिंह के पुत्र विष्णुकांत कुमार सिंह ने सीडीएस की परीक्षा पास कर ली है। अब वे सेना में अधिकारी बनेंगे। विष्णुकांत कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने सीडीएस की परीक्षा को लेकर कड़ी मेहनत की थी। उन्होंने कहा कि इसमें उनके अभिभावकों के अलावा शिक्षकों का पूरा सहयोग और आशीर्वाद रहा है। उन्होंने कहा कि वे सेना में नौकरी कर देश की सेवा करना चाहते हैं। उनकी इस सफलता पर परिवार में उत्सव-सा माहौल है। गांव के लोगों में भी खुशियां व्याप्त हैं।

## खपरैल घर में आग लगने से लाखों का नुकसान मुखिया ने दिया मुआवजा दिलाने का आश्वासन



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** प्रखंड के बसडीहा गांव के टोला अकवानीया स्थित सुखाड़ी यादव के मकान में आग लगने से घर में रखा आठ क्विंटल गेहूं,दस क्विंटल चावल सहित घरेलू सामान और एक साईकल जल कर राख हो गया। घटना के संबंध में पीड़ित की पत्नी सबिता देवी ने बताया कि वह लकड़ी पर खाना बनाने के बाद बची हुई लकड़ी बुझा कर गांव में चली गई थी। घर में सिर्फ बच्चे थे। इसी दौरान घर में रखे भूसे में आग लग गई और देखते देखते आग फैल गई। जिसकी चपेट में आने से घर में रखा गेहूं, चावल, बिस्तर, पलंग सहित अन्य सामान जल गये। इस अगलगी की घटना में लगभग डेढ़ लाख का नुकसान हो गया है। खपरैल घर होने के कारण घर की पूरी छत जल गयी है। घटना की सूचना मिलने पर सिलदाग पंचायत के मुखिया उमेश यादव अकवानिया जाकर भुक्तभोगी को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया और सरकारी मुआवजा के लिए अधिकारियों से बात कर दिलाने में मदद करने का भरोसा दिलाया। भुक्तभोगी ने इस बाबत थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज करने की अपील की है।

## पांकी के खजूरी गांव में मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के ताल पंचायत के खजूरी गांव निवासी शमीम अंसारी के खपरैल मकान में मंगलवार की देर रात अचानक आग लग गई। जिससे मकान समेत मकान में रखे लाखों के सामान जलकर नष्ट हो गए। घटना के संबंध में भुक्त भोगी शमीम अंसारी ने बताया कि वे अवका स्थित अपने दुकान में सोए हुए थे। उनका मकान सूना पड़ा हुआ था। इसी बीच देर रात उन्हें सूचना मिली कि उनके मकान में आग लग गई है। इसके बाद उन्होंने जाकर देखा तो सारा मकान कर जल रहा है। हालांकि घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और आग बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन पानी की कमी के कारण आग को नहीं बुझाया जा सका। जिस कारण पूरा मकान समेत मकान में रखे अनाज ,कपड़े समेत अन्य जरूरत के समान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। आग लगने की कारणों का पता नहीं चल सका है। वहीं घटना के बाद मुक्त भोगी का रो-रो कर बुरा हाल है। मामले की जानकारी होने के तत्काल बाद मौके पर पहुंचे प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने पीड़ित परिवार को आश्वासन देते हुए तत्काल 50 किलो अनाज मुहैया करवाया व आगे हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया।

## इंजीनियर बन अपना नाम रोशन करना चाहता है गौरव सिंह



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सुल्तानी गांव निवासी गौरव सिंह ने सेंट इग्नेशियस हाई स्कूल औरंगाबाद से सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में 96.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉप फाइव में जगह बनायी है। साथ ही अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गौरव सिंह के पिता मुन्ना कुमार सिंह एक व्यवसायी हैं। जबकि माता पूनम देवी गृहिणी है। उन्होंने बताया कि करीब दस घंटे पढ़ाई कर सफलता प्राप्त की। गौरव का झुकाव इंजीनियरिंग पढ़ाई के क्षेत्र में है। वह इंजीनियर बन परिवार का नाम रोशन करना चाहता है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उसकी सफलता पर समाजसेवी फुटूक कुमार सिंह, चाचा राजकुमार सिंह, चंदन कुमार सुमन, टूली सिंह, डिक्कू सिंह के अलावे मुखिया विनय कुमार सिंह, कुश सिंह, राणा सिंह, विपुल सिंह, विकाश सिंह, अंकित सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

### आईसीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक लाकर आयुष ने क्षेत्र का नाम रोशन किया



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत गोडाडीह पंचायत के भाली गांव निवासी स्व. उमाशंकर सिंह के पुत्र आयुष कुमार सिंह ने आईसीएसई 10वी बोर्ड की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वह राज्य के रांची जिलान्तर्गत मैकलुस्कीगंज स्थित डॉन बोस्को एकेडमी का छात्र है। आयुष ने कहा कि वह डॉक्टर बनना चाहता हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता,दादा दादी,चाचा। चाची सहित विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। आयुष का पूरा परिवार कृषि पर निर्भर है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा डॉन बोस्को एकेडमी से ही हुई है।

## ओबीसी मोर्चा के सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी को मदद करने का लिया निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड के डंडार कला पंचायत के लाली माटी में बुधवार की दोपहर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा का विधानसभा स्तरीय सामाजिक सम्मेलन भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता समेत विधानसभा क्षेत्र के भाजपा ओबीसी मोर्चा के सैकड़ो लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के आगमन पर उन्हें पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के पश्चात भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के सभी वर्ग के लोगों का विशेष ख्याल रखती है। साथ ही सभी वर्ग के लोगों को मान सम्मान देने का भी कार्य करती है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के लोगों को भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में पूरी ताकत लगाने की अपील की, ताकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को और सशक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि चतरा की जीत इस बार ऐतिहासिक होगी।

## एके सिंह कॉलेज में हरित रसायन और जैव विविधता पर हुआ सेमिनार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला के प्रांगण में आइक्यूएसी, रसायन विज्ञान विभाग तथा जंतु विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय 'हरित रसायन एवं जैव विविधता' रखा गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अंबालिका प्रसाद, डीएसडब्ल्यू नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर पलामू तथा मुख्य वक्ता प्रो. अशोक कुमार अग्रवाल रसायन विज्ञान विभाग गुलाबचंद अग्रवाल कॉलेज छतरपुर तथा एके सिंह कॉलेज के प्रो. शशि भूषण, प्रो. डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो. डॉ. आनंद कुमार, प्रो. डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रो. डॉ. आलोक रंजन कुमार, प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्राणिविज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. राहुल कुमार सिंह तथा रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. एके देव के संयुक्त कर कमलों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण - पुष्पार्चन के साथ हुआ। दिव्या कुमारी तथा शीतल कुमारी ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान किया। कार्यक्रम के स्वागत सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. अंबालिका प्रसाद को शॉल और बुके प्रदान कर हिंदी विभाग की प्रो. रेखा कुमारी सिंह ने अभिवादन तथा सम्मानित किया। इसी कड़ी में मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल को राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. सुनील कुमार सिंह ने शॉल और बुके प्रदान कर अभिवादन और सम्मानित किया। प्रो.डॉ. आलोक रंजन कुमार ने मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता को अपने काव्य-संकलन नारी शक्ति को नमन तथा बसन्तोत्सव प्रदान कर सम्मानित किया। तत्पश्चात प्रो. शशि भूषण ने आगंतुक अतिथियों के सम्मान में स्वागत संभाषण दिया तथा कार्यक्रम में आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए आभार प्रकट किया।

### प्रतिभागी विद्यार्थियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया

इस अवसर पर हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ. आलोक रंजन कुमार ने अपने विचार प्रकट करते हुए हरित रसायन तथा जैव विविधता को परिभाषित किया और विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. अरुण कुमार सिंह तथा प्रो. राजेश कुमार सिंह ने भी हरित रसायन तथा जैव विविधता विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किये। मुख्य वक्ता ने अपने संभाषण में बताया कि दैनिक जीवन में उपयोग करते हुए आप हरित रसायन को सही मायने में फलीभूत कर सकते हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संभाषण के माध्यम से हरित रसायन तथा जैव विविधता को संयुक्त रूप से व्याख्यायित किया। मुख्य वक्ता ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर हौसला बढ़ाया । साथ ही मुख्य अतिथि ने डॉ. आलोक रंजन कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रो. डॉ .उपेंद्र कुमार सिंह, प्रो. डॉ .रवि रंजन मिश्रा, रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. सुनील कुमार सिंह, प्रो. नरेश कुमार सिंह आदि सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. डॉ. आनंद कुमार ने सेमिनार में आए हुए सभी सहभागियों को हार्दिक आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया और सेमिनार के समापन की घोषणा की।

# राजहरा पंचायत के बिल्हौरी डैम जीर्णोद्धार के अभाव में सूखा

- यह डैम 40 वर्ष पूर्व बनायी गई थी
- डैम से कई गांव के लोग सिंचाई के लिए लेते थे पानी

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** इस मई महीने के भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त-व्यस्त है और नदी तालाब,डैम,चेक डैम सब सूखे पड़े हुए हैं। पाटन प्रखंड के राजहरा पंचायत के बिल्हौरी गांव में स्थित 17 एकड़ में फैला डैम बिल्कुल ही सूख गया है। यह डैम 40 वर्ष पूर्व बनायी गई थी। बीच के वर्षों में इसका मरम्मति भी कराई गई थी, लेकिन ठेकेदारों द्वारा लीपा पोती कर पैसा हजम कर लिया गया, फिर भी पूर्ण रूप से डैम का रूप विकसित नहीं हो पाया। बिल्हौरी गांव के लोग डैम के पानी पर निर्भर रहते हैं। डैम का पानी से गांव के किसान खेती-बाड़ी करते थे। डैम के सूख जाने के कारण किसान खेती-बारी नहीं कर पा रहे हैं। इस डैम मे मत्स्य विभाग की ओर से हर साल मछली डालने का टेंडर जारी हुआ करता था, लेकिन दो साल से बारिश नहीं होने के कारण डैम में पानी नहीं जमा रह रहा है। जिससे मत्स्य विभाग को घाटा भी हो गया। इस डैम के चारों तरफ वन विभाग द्वारा नर्सरी लगाई गई है। लेकिन डैम में पानी नहीं रहने की वजह से जीव जंतुओं को भी प्यास बुझाना मुश्किल हो गया है। जंगल मे रह रहे नील गायें भी प्यास के कारण गांव की ओर भाग रहीं हैं।



### डैम का गहरीकरण आवश्यक : ग्रामीण



इस डैम के बारे में क्या कहते हैं यहां के ग्रामीण, ग्रामीण ओमप्रकाश सिंह का कहना है कि 40 वर्ष पूर्व डैम का निर्माण हुआ था। इस डैम का गहरीकरण कराने से पानी सालो भर रहती। विभाग के द्वारा से कोई पहल नहीं है। जीर्णोद्धार के अभाव में पड़ा है। डैम मे पानी नहीं रहने के वजह से दो साल से गेहूं का खेती नहीं कर पा रहे हैं। इस डैम पर पहल करने कोई विभाग के कर्मी नहीं पहुंचते है।



## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

बढ़ती गर्मी को देखते हुए घर से बाहर जाने से पहले माथे पर तौलिया लेकर अवश्य निकलें। आहार में ज्यादा से ज्यादा पानी वाले फलों का सेवन करें।

**इबरार रिजवी, पूर्व मुखिया, शाहपुर (उत्तरी) डालटनंज, पलामू।**

### अपनी जीवन शैली से परेशान हैं लोग

**मेदिनीनगर।** आरामदेह जीवन शैली ने हमारे शरीर को बीमारियों का अड्डा बना दिया है। अगर हम सुबह टहलने निकलें तो मधुमेह और ब्लडप्रेशर जैसी बीमारियों से ग्रसित लोग मिलेंगे। उनका शरीर रोगों से लड़ रहा है। अम्बेडकर पार्क और कोयल रिवर व्यू जैसे जगहों पर ज्यादातर लोग ऐसे ही बीमारियों के कारण सुबह टहलने को मजबूर हैं।

## नाबालिग लड़की को घर से भागा कर ले जाने के आरोप के युवक गिरफ्तार

**पाटन।** पुलिस 16 वर्षीय किशोरी को घर से भागा कर ले जाने के आरोपी छोटू भुइया को गिरफ्तार कर न्यायिक आदेश के बाद जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी लालजी ने बताया है की 5 मई को जयमारन पथरा के 19 वर्षीय छोटू भुइयां नाबालिग लड़की को घर से भागा कर ले गया था। लड़की के परिवार के लोगों ने 5 मई को इस सबन्ध में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## महाविद्यालयों के समय सारिणी में परिवर्तन की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** गर्मी को देखते हुए अखिल झारखण्ड छात्र संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने छात्र नेता हिमांशु रंजन के नेतृत्व में नीलाम्बर- पीताम्बर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू अम्बालिका प्रसाद के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पलामू में गर्मी अपने चरम पर है। तेज धूप होने के कारण छात्रों को महाविद्यालयों में आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आजसू ने सभी महाविद्यालयों की समय सारिणी प्रातः कालीन करने का आग्रह किया है। छात्र नेता हिमांशु रंजन और अभिषेक राज कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को यह कार्य खुद से पूर्व में ही गर्मी को ध्यान में रखते हुए निर्देश जारी कर देना चाहिए था परन्तु अभी तक कोई निर्देश जारी नहीं हुआ है। आजसू छात्र ने विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों के हित में सभी महाविद्यालय को प्रातः कालीन समय सारिणी अनुसार संचालित कराने मांग की है। साथ ही उन्होंने गर्मी से राहत न होने पर ग्रीष्मावकाश की भी मांग की। मौके पर बिपिन, मुकेश, अंकित, कौशल, समीर आदि छात्र उपस्थित थे।

## महिला ने मानसिक तनाव में आकर किया दवा का सेवन, स्थिति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के सेमरी कला गांव निवासी प्रमोद शर्मा की 50 वर्षीय पत्नी लकेसवरी देवी ने मानसिक तनाव में आकर बुधवार की सुबह घर में रखी दवा का सेवन कर लिया। दवा खाने से उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि कुछ वर्ष पहले उनके बेटे का सड़क दुर्घटना में एक्सीडेंट हो गया था। उसी समय से इनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है।

## एक नजर

### बाइकों की टक्कर में दो घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भोला मोड़ के पास दो बाइक की टक्कर में मुकेश कुमार पांडू व मोहम्मदगंज भाली गांव निवासी गोल्डन चंद्रवंशी के रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी मोहम्मदगंज थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनी नगर सदर अस्पताल पेपर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।



### नशे की लत के कारण गलत धंधे में उतरे

# ऑटो चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना की पुलिस ने ऑटो चोरी करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर उन्हें बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि एक आरोपी पुलिस के गिरफ्त से अभी भी बाहर है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि गिरफ्तार युवकों ने नशे की लत के कारण चोरी की घटना को अंजाम देना शुरू किया था। 12 मई को ऑटो की चोरी हुई थी। उन्होंने बताया की मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा में 12 मई को अरविंद पांडेय नामक व्यक्ति की ऑटो चोरी हुई थी। पीड़ित ने मामले में मेदिनीनगर शहर थाना एफआईआर दर्ज करायी थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में जुटी थी। इसी क्रम में पुलिस ने पांकी थाना क्षेत्र के सगालिम में छापेमारी कर ऑटो चोरी करने के आरोपी जमशेद और अभिषेक चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया और चोरी का ऑटो बरामद किया है। जबकि एक आरोपी गुंजन पांडेय अभी भी फरार है। उन्होंने बताया कि नशे की लत के कारण आरोपियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। तीन आरोपियों ने मिलकर ऑटो चोरी की घटना को दिया था।

### नशा के लिए पैसों की थी जरूरत

**सभी आरोपी हैं नशे के आदी**

वहीं फरार आरोपी गुंजन पांडेय पीड़ित अरविंद पांडेय का पड़ोसी है। पांकी के तेतराई के रहने वाले जमशेद और बरालोटा के रहने वाले अभिषेक चंद्रवंशी और गुंजन पांडेय आपस में दोस्त हैं। सभी की बैठकी गुंजन पांडेय के घर पर होती थी। सभी नशा के आदी हो गए थे। नशा के लिए पैसे की जरूरत थी। इस कारण आरोपियों ने ऑटो चोरी करने की योजना बनाई थी। चोरी करने के बाद आरोपियों ने ऑटो को तेतराई स्थित जमशेद के घर के पास झाड़ी में छुपा दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी करने के बाद सभी चोरी के ऑटो को बेचने की फिराक में थे। इसी दौरान पुलिस को इसकी जानकारी मिल गई और छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार और एएसआई भूपेंद्र सिंह शामिल थे।

## मारपीट में महिला समेत दो घायल, स्थिति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के इमलिया टिकर निवासी रामखेलावन बैठा की पत्नी 52 वर्षीय मनबरती देवी और उसका 14 वर्षीय पोता गुलशन कुमार को गोतनी का बेटा बिरेंद्र बैठा ने मंगलवार की सुबह लाठी-डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल को इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद भी दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी मनबरती देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में घायल महिला के बेटा सुरेंद्र बैठा ने बताया कि मंगलवार को मां और मेरा बेटा घर में अकेले थे। इसी बीच घर के बाहर बैल बांधने को लेकर वीरेंद्र बैठा मेरी मां मनबरती देवी और मेरा बेटा गुलशन कुमार से बहस करने लगा। इस बीच वीरेंद्र बैठा अपने घर से लाठी और टांगी लेकर आया और दोनों को लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सुरेंद्र बैठा ने बताया कि इस घटना को लेकर वह हुसैनाबाद थाना में गए थे, परंतु हुसैनाबाद थाना की पुलिस द्वारा बोला गया कि पहले इलाज करवाइए उसके बाद मामला दर्ज होगा। वहीं पुलिस भी घटना के बाद घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुड़ गई है।

## भाकपा प्रत्याशी अभय कुमार भुइयां के पक्ष में अभियान चलाया

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के चतरा लोकसभा उम्मीदवार अर्जुन कुमार के समर्थन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, अभय कुमार भुइयां, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो ने पांकी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र के तरहसी अंचल एवं लेस्लीगंज प्रखंड कार्यालय में जनसंपर्क अभियान चलाया जनसंपर्क अभियान के क्रम में भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि चतरा लोकसभा में शुरू से क्षेत्र से बाहर के लोग प्रतिनिधित्व करते आए हैं, जिसके कारण इस संसदीय क्षेत्र में विकास का कोई भी काम आम जनता के हित में नहीं हो पाया है। इसलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के स्थानीय प्रत्याशी अर्जुन कुमार के पक्ष में हसुआ वाली छाप पर मतदान कर चतरा लोकसभा की जनता संसद में भेजने का काम करें। ताकि क्षेत्र के स्थानीय युवा उम्मीदवार अर्जुन कुमार विकास का काम कर सकें।

# नदी तट पर होने के बावजूद पानी के लिए तरस रहा है जोड़ पंचायत

### जल नल योजना से नहीं मिल रहा है लाभ

**नीतीश मिश्रा**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जोड़ ग्राम पंचायत में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। बढ़ती गर्मी की वजह से जलस्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे ग्रामीण जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत जोड़ पंचासयत की आबादी लगभग 3300 आबादी वाला गांव है। यहां पर सरकार के द्वारा स्वीकृत चापाकलों की संख्या 15 है। जिनमें से 5 6 चापानलों में पानी स्तर नीचे जाने की वजह से चलना बंद हो चुका है। पंचायत में एक तालाब का निर्माण किया गया था। वहां भी जल स्तर काफी नीचे चला गया है। पिछले वर्ष पंचायत में चार जल मीनारों का निर्माण करवाया गया था। जल मीनार ऐसी जगह पर बनवाय गया है जहां पर जनसंख्या काफी कम है। इसकी वजह से काफी लोग जल से वंचित रह जाते हैं। जल नल योजना के तहत 10 घरों को इससे जोड़ा गया था, लेकिन उसमें भी पानी पाईप लीक होने के कारण नहीं जा पाता है। पंचायत से सटे अमानत नदी बहती है। पहले लोग उसे भी काम चला लेते थे, लेकिन इस वर्ष उसमें भी पानी नहीं है। इस वजह से ग्रामीणों के साथ-साथ पशुओं को भी पानी की कमी से दिक्कत हो रही है। इस संबंध मुखिया पति नरेंद्र मेहता ने बताया कि हमने इस समस्या के हल के लिए जलमीनार बनाने की मांग की थी। इस संबंध में ब्लॉक में सीओ साहब को आवेदन दिया है, लेकिन अभी तक विचार नहीं हो पाया है। आचार संहिता या चुनाव की वजह से यह काम रुका हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि हम यहां पानी की समस्या के हल के लिए जलमीनार लगवाने की अवश्य कोशिश करेंगे।

### पानी लेने मना कर देते हैं चापकल के मालिक



गांव में 100 घरों के बीच एक ही चापाकल होने के बावजूद खराब

कुछ ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने दैनिक आवश्यकता के लिए दूसरे घरों से पानी लाते हैं तो चापाकलों के मालिक पानी देने से मना कर देते हैं। इससे हमलोगों को और भी परेशानी हो जाती है। सरकार और प्रशासन को इस ओर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है।



तपती गर्मी में सूखी अमानत नदी

## ट्रैफिक प्रभारी ने बाजार क्षेत्र को सड़क जाम से मुक्त कराया

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में बुधवार को बाजार क्षेत्र में लगे जाम को हटाया गया। बताते चले कि बाजार क्षेत्र में सब्जी बेचने वाले और स्थानीय दुकानदार अपने सामानों को सड़क पर रखकर हमेशा सड़क को जाम कर देते हैं। जिसकी वजह से राहगीरों को बाजार क्षेत्र में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। जाम की समस्या को लेकर बुधवार की दोपहर ट्रैफिक प्रभारी अपने दल बल के साथ बाजार क्षेत्र में पहुंचकर सड़क पर लगने वाले सभी दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क पर कोई भी दुकानदार अपना दुकान लगाकर सड़क को जाम न करें। यदि सड़क पर रखे सामान की वजह से सड़क जाम पाया गया तो सामान को जब्त कर थाना ले जाया जाएगा। बताते चले कि बाजार में समान खरीदने या किसी काम से बाजार में आने वाले लोग बाहर में अपने वाहन को आड़े-तिरछे लगा कर भी सड़क को जाम कर देते है।

### सीबीएससी परीक्षा में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

# 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 'आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला' के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपना और विद्यालय का नाम रोशन किया, जिससे विद्यालय परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है। यह विदित हो कि' एबीपीएस रेहला' अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पित रहा है। यह ज्ञात हो कि इस वर्ष 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 10वीं की परीक्षा में कुल 100 परीक्षार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 22 परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया तथा तथा 66 परीक्षार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया। 10वीं का छात्र विशाल कुमार 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विदुषी प्रखर 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्तकर द्वितीय तो वहीं 95.6 प्रतिशत अंक लाकर कृष्णकांत ने तृतीय स्थान हासिल किया।



### बारहवीं में सौरभ कुमार सिंह ने 97 प्रतिशत अंक लाकर पलामू प्रमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया

12वीं की परीक्षा में शामिल कुल 35 विद्यार्थियों में से 2 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया तथा 15 छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस परीक्षा में विज्ञान वर्ग के अंतर्गत परीक्षा में भाग लेकर सौरभ कुमार सिंह ने 97 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय और पलामू प्रमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं अमन सिंह द्वितीय तथा दिव्य कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में वाणिज्य संकाय का विद्यार्थी मोहम्मद फहीम ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, तो वहीं आशुतोष कुमार पांडेय 89.4 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा साक्षी कुमारी ने 88.8 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान सुरक्षित किया।

### परीक्षा परिणाम के पीछे प्राचार्य का कुशल नेतृत्व व छात्रों की लगन

परीक्षा परिणाम के पीछे विद्यालय के प्राचार्य नुरुल हक का कुशल नेतृत्व, छात्रों के हित में लिए गए महत्त्वपूर्ण फैसलों का हाथ है। छात्रों के विकास हेतु ग्रासीम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेन्द्र अवस्थी सहित पूरी प्रबंधन टीम का सहयोग और समर्थन भी महत्त्वपूर्ण रहा है। परीक्षार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय की उप प्राचार्या जेसी साजी मैथ्यू, राजकुमार सिंह, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, आशनारायण मिश्रा, अवनीश तिवारी, डॉ. सुतपा बोस, डॉ. अनिल शर्मा, अखिलेश कुमार, सुधीर कुमार, प्रकाश कुमार, मनीष गुप्ता, निरंजन शर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय के प्राचार्य ने इसका पूरा श्रेय कुशल अध्यापक गणों की मेहनत, छात्रों की लगन व परिश्रम, तथा अभिभावकगण के सहयोग व समर्थन को देते हुए सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कृष्ण रूक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन कृतार्थ हुए श्रद्धालु

**छतरपुर।** ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी छतरपुर में में गौतम परिवार द्वारा चल रहे साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस बुधवार को भगवताचार्य पं.राधेश्याम शास्त्री महाराज ने भागवत कथा के महत्त्व को बताते हुए कहा कि भागवत महापुराण पुस्तक नहीं है, बल्कि मानव समाज की मस्तक हैं। संसार जरूरत के हिसाब से चलता है, सर्दियों में जिस सूर्य का इन्तजार होता है, गर्मियों मे उसी सूर्य का तिरस्कार भी होता है। जरूरत के हिसाब से संसार कीमत लगाता है। अयोध्या से पधारे शास्त्री जी ने मार्मिक अपील करते हुए कहा कि सन्त और बसन्त में एक ही समानता है, जब सन्त आता है तो संस्कृति सुधर जाती है, और जब बसन्त आता है तो प्रकृति सुधार जाती है। तीन चीजों को कोई नही चुरा सकता विद्या, चरित्र और संस्कार। ज्ञान निषेधात्मक है भक्ति विधेयात्मक है। परमात्मा के मार्ग की जितनी भी बिघ्न बाधाये हैं, ज्ञान के द्वारा काटी तो जा सकती है।

## वाईएसएनएम महिला कॉलेज इंटर में सीट कम, छात्राओं को होगी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज, एक मात्र संस्थान है जहां बालिकाओं के लिए इंटरमीडियट की पढ़ाई की सुविधा है। हालांकि झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने सीट घटा दी है जिससे छात्राओं को नामांकन लेने में परेशानी बढ़ गई है। योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज इंटर में साइंस और आर्ट्स संकाय में इंटरमीडियट की पढ़ाई की सुविधा है। इंटरमीडियट में कॉमर्स पढ़ने वाली छात्राओं की पहली पसंद शहर के जेएस कॉलेज है। योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में इंटरमीडियट साइंस और आर्ट्स इंटर में 384-384 सीट निर्धारित है। जेएस कॉलेज में कॉमर्स के अलावे कला, विज्ञान और वाणिज्य में भी 384-384 सीट निर्धारित है। जेएस कॉलेज में को-एजुकेशन है। पलामू में इस वर्ष मैट्रिक जैक बोर्ड में 16,551 छात्राएं पास किये हैं। इसमें 9539 छात्राएं प्रथम, 5113 छात्राएं द्वितीय और 521 छात्राएं तृतीय श्रेणी से पास किये हैं। योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में पूर्व में इंटर में 512-512 सीटें थी, जिसे जैक ने घटाकर 384-384 कर दिया है। महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहिनी गुप्ता ने कहा कि इंटर साइंस में सीधा नामांकन रखा गया है। हालांकि अभी मैट्रिक के मार्क्स सीट आदि नहीं आने के कारण नामांकन शुरू नहीं हो सका है। परंतु फार्म की बिक्री शुरू कर दी गई है।

### प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड से नवाजे गए पर्यावरणविद

**मेदिनीनगर।** बीएनआर, चाणक्य होटल रांची में आयोजित एक सम्मान समारोह में सूबे के विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्रनाथ महतो ने प्रख्यात पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल को प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पर्यावरण विद कौशल किशोर जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल ने विस अध्यक्ष को सिंगापुर के फिडल लिफ्ट और थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा प्रदान किया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष महतो ने राज्य भरसे आये विभिन्न क्षेत्रो में विख्यात लोगों को बारी- बारी से सम्मानित किया। उन्होंने पर्यावरण के क्षेत्र में विख्यात विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## चतरा लोकसभा : व्यय लेखा की जांच नहीं कराने वाले छह अभ्यर्थियों को नोटिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चतरा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने लोकसभा का निर्वाचन लड़ रहे बहुजन मुक्ति पार्टी के महेश बांडों, समता पार्टी के सुमित कुमार यादव, (सगालिम, पांकी) स्वतंत्र रूप से लड़ रहे विक्रांत कुमार सिंह व अबुजर खान, (सगालिम, पांकी) सीपीआई के अर्जुन कुमार एवं भागीदारी पार्टी के लव कुमार पंडित कुल 6 प्रत्याशियों को व्यय से संबंधित लेख जांच नहीं करने को लेकर नोटिस जारी किया है। दरअसल, 14 मई को निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिये दूसरी तिथि निर्धारित की गयी थी। इसके बावजूद उपरोक्त छः प्रत्याशियों द्वारा व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिये व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही उनके एजेंट के द्वारा किया गया सभी छह प्रत्याशी, चुनाव अभिकर्ता निरीक्षण में अनुपस्थित रहे। उपरोक्त सभी प्रत्याशियों को नोटिस जारी करते हुए कहा गया है कि यदि लेखा निरीक्षण के लिये निर्धारित तीसरी तिथि 18 मई 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से 5 बजे अपराह्न तक व्यय प्रेषक के समक्ष चतरा डी.एम.एफ.टी. प्रशिक्षण भवन में लेखा निरीक्षण के लिये उपस्थित नहीं होते हैं और उनके द्वारा प्रतिनियुक्ति चुनाव अभिकर्ता के द्वारा लेखा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उन सभी के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के तहत यह माना जायेग कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेख संधारित करने में आप असफल रहें हैं एवं आप लोग के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पानी भरते ही दो फीट नीचे धंसा नव निर्मित जलमीनार

# मीनार से 55 घरों को पानी देने की थी तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**तरहसी।** प्रधानमंत्री जल नल योजना में लगातार भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहा है। ताजा मामला जिले के तरहसी प्रखंड की नवगढ़ पंचायत के नावा से सामने आया है। यहां महावीर मंदिर परिसर में नवनिर्मित 16 हजार लीटर के जलमीनार में भारी गड़बड़ी उजागर हुई है। निर्माण पूरा होने पर एक सप्ताह पहले इसमें पानी भरा गया। इसके बाद यह जलमीनार दो फीट नीचे धंस गया और चार फीट झुक गया। अब इसके गिरने की संभावना बन गई है और लोग संभावित खतरे से डरे-सहमे हैं। मुखिया विजय शंकर उर्फ पायनियर पांडे के साथ ग्रामीण इंद्रदेव यादव, राजेंद्र सिंह, ओम प्रताप सिंह, काशीनाथ सिंह, सुदर्शन सिंह, रीतबरन सिंह, प्रदीप साव, जनार्दन सिंह, अरविंद यादव, लखन पासवान समेत अन्य ने बुधवार को ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की। मुखिया ने कहा कि जब यह योजना ली गई थी, उस समय से विभागीय अभियंता के साथ-साथ संवेदक को सुधार कर निर्माण कार्य करने को कहा जा रहा था, लेकिन सिस्टम के अंधा और बहरा हो जाने के कारण लाभकारी योजना में भारी गड़बड़ी हो गई है। इस योजना से 55 घरों को पानी देने की तैयारी थी, लेकिन खतरा हो जाने के कारण जलापूर्ति नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जब काम शुरू हुआ तो टेंडर लेने वाले ठेकेदार काम को पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर दे दिया और जिसने पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर काम लिया उसने इस काम को मिस्त्री और मजदूरों के हवाले कर दिया। जब तक निर्माण कार्य चला तब तक ना तो कभी मौके पर संवेदक नजर आए और ना ही विभागीय अभियंता। ऐसे में जैसे-तैसे कार्य हुआ और अब भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है।

# दुकानदार को चकमा देकर डेढ़ लाख की ज्वेलरी लेकर फरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार बाजार स्थित विनोद सेठ के ज्वेलर्स एवं वर्तन दुकान से बुधवार को अज्ञात चोरों ने लगभग डेढ़ लाख रुपए का ज्वेलर्स चोरी कर फरार हो गये। इस घटना की जानकारी देते हुए दुकानदार विनोद सेठ ने बताया कि लगभग 11 बजे एक अनजान व्यक्ति दुकान में आया और अपने आप को पीडब्ल्यूडी विभाग का कर्मी बताकर शादी में देने के लिए अंगुठी और मंगल सूत्र खरीदने की बात कही। दुकान में पर्याप्त ज्वेलर्स नहीं रहने पर विनोद सेठ ने बगल के अनिल सोनी की दुकान से चार मंगलसूत्र और पांच अंगुठी लाकर ग्राहक को दिखाया। इस दौरान ग्राहक द्वारा तरह-तरह के गहने और वर्तन दिखाने की डिमांड की गयी। इसी बीच ग्राहक बनकर आये अज्ञात चोर ने दुकानदार विनोद सेठ को कहा कि दस मिनट में पत्नी को लेकर आ रहे है। तब वह गहना खरीदेगा। उसने विश्वास के लिए दुकानदार को एक हजार रुपए भी दिया। दुकानदार जैसे ही अन्य समान को रखने लगा इसी बीच अज्ञात चोर ने दुकानदार को चकमा देकर चार मंगलसूत्र और पांच अंगुठी लेकर दुकान से फरार हो गया। कुछ समय बाद इसकी सूचना केतार थाना को दी गई। जानकारी के पश्चात थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल, पुलिस इंस्पेक्टर राजीव कुमार, डीएसपी सतेन्द्र नारायण सिंह केतार बाजार पहुंचकर दुकानदार से मामले की जानकारी ली। वहीं बाजार में विभिन्न दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। लेकिन अज्ञात चोर का पहचान नहीं हो सकी है। दुकानदारों द्वारा बताया जा रहा है कि ब्लैक व ब्लू कलर के ग्लैमर बाइक से दो लोग आये थे। इसमें एक व्यक्ति मास्क पहना हुआ था। इन लोगों ने दो-तीन ज्वेलर्स दुकान में ज्वेलर्स खरीदने के लिए भी गये थे। लेकिन सीसीटीवी कैमरा लगने के कारण वहां नहीं रूकें। इस घटना के बाद बाजार के दुकानदारों में दहशत का माहौल है। दुकानदार ने पुलिस से मामले का उद्भेदन कर चोर की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने कहा कि दुकानदार द्वारा आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज किया जायेगा। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। जल्द ही इसका उद्भेदन किया जायेगा।

**विनोद सेठ की दुकान में ग्राहक बनकर आया था बदमाश**



## पत्नी की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने भेजा जेल



**डंडाई।** थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने सघन अभियान चलाकर मृतिका आशा देवी के हत्यारे सनकी पति संजय राम को घटना के दूसरे दिन ही उसके गांव से बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृतिका के पिता परशुराम के लिखित आवेदन के बाद थाना प्रभारी ने कार्रवाई की। थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना के 24 घंटे के बाद तक मृतिका के परिजनों के द्वारा थाना में किसी भी तरह की शिकायत नहीं की गई थी। मंगलवार को जैसे ही उसके पिता परशुराम ने बेटी की हत्या से संबंधित मामले को लेकर शिकायत की। उसके बाद से सनकी पति के खोजबीन में हम सभी जुट गए।

## एक नजर

### बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल

**गढ़वा।** पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के तीसीवार खुर्द गांव निवासी कमलेश राम का पुत्र आकाश कुमार, कौशल राम का पुत्र कमलेश राम एवं डाला कला गांव निवासी द्वारिका राम का पुत्र राकेश कुमार मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि सभी लोग एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर मोहम्मद घर थाना क्षेत्र के लेमुवा टीकर गांव गए हुए थे। वापस लौट के दौरान उंटारी रोड थाना क्षेत्र के कलटू मोड़ के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद सभी घायलों को बिश्रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने सभी घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### रंका मार्ग पर अनराज घाटी के पास सड़क हादसा, दो घायल

**गढ़वा।** रंका मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के अंनराज घाटी के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के बाना गांव के कितावा टोला निवासी खखन चौधरी का पुत्र जगन्नाथ चौधरी एवं मथुरा चौधरी का पुत्र विशुन धारी चौधरी के नाम शामिल हैं। इसमें जगन्नाथ चौधरी को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से रंका थाना क्षेत्र के शेराशाम गांव अपने समधीयाना गए हुए थे। वापस लौट के दौरान अनराज घाटी के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। इसके बाद आसपास के लोगों के सहयोग से जगन्नाथ चौधरी को घायल अवस्था में उठाकर गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### भूमि विवाद को लेकर मारपीट में एक पक्ष के चार लोग घायल

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के बर मोहल्ला में बुधवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में राजेंद्र प्रसाद उसकी पत्नी उषा देवी उसका पुत्र नवल कुमार एवं बिट्टू कुमार के नाम शामिल हैं। इसमें गंभीर स्थिति में उषा देवी को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में राजेंद्र प्रसाद ने आरोप लगाया है कि नीरज प्रसाद उसके भूमि में घर बना रहा था इसकी जानकारी मिलने के बाद उन्होंने नीरज प्रसाद से अपना घर जमीन को बांट कर बनाने के लिए कहा तो नीरज प्रसाद उसकी पत्नी रीता देवी उसका पुत्र अभिषेक कुमार आदि ने मिलकर कुल्हाड़ी से मारपीट कर सभी को घायल कर दिया। घटना के बाद सभी घायलों को रंग का स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उषा देवी को गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्साको बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया समाचार लिखे जाने तक दूसरे पक्ष के लोग गढ़वा सदर अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे।

## बालू में दबा एक युवती का शव मिलने से हड़कंप

**भंडरिया।** गढ़वा में बालू में दबा एक युवती का शव मिलने से क्षेत्र में बना चर्चा का विषय। भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगड़ी गांव के चिरैया टांड़ टोला के टीबरी नाला स्थित नदवा पानी के समिप बालू में गाड़ा हुआ स्व को बुधवार को अहले सुबह पत्ता तोड़ ने गए लोगों के द्वारा देखा गया नदवा नाला में स्व होने की खबर पूरे आसपास के गांव में आग की तरफ फैल गई स्व को देखने के लिए आसपास के गांव के सैकड़ो महिला पुरुष एवं बच्चे घटनास्थल पर पहुंचने लगे स्व होने की सूचना पर भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कड़ी मशक्कत के बाद बालू में दबे स्व को निकलवाया। शव को निकलवाने के पश्चात आस पास के रमकंडा रंका व छत्तीसगढ़ राज्य के रामानुजगंज थाने को सुचित करते हुए एक सप्ताह के अंदर हुए मिसिंग केस से संबंधित जानकारी लेते हुए रामानुजन गंज में हुए मिसिंग केस से संबंधित परिजनों को घटनास्थल पर स्व की पहचान कराया जहां परिजनों के द्वारा स्व अपने लड़की का नहीं होने की बात बताया। थाना प्रभारी के द्वारा कागजी प्रक्रिया करते हुए स्व को अंत परीक्षण के लिए गढ़वा भेजा। गांव के नदी में करीब 18 से 20 वर्ष की लड़की का स्व मिलने से लोगों में तरह-तरह की चचाएँ हो रही है इससे पूर्व भी 24 अप्रैल को भंडरिया थाना क्षेत्र के पारो गांव के आसपास सड़क किनारे अज्ञात महिला का शव मिला था जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो सका भंडरिया थाना क्षेत्र के आसपास के जंगलों में अज्ञात स्व का मिलना आम हो गया है इस संबंध में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर ने बताया कि अज्ञात शव की पहचान अभी तक नहीं हो सका है।

## भाजपा व कांग्रेस को छोड़ किसी का नहीं खुला गिद्धौर में चुनाव कार्यालय

**गिद्धौर(चतरा)।** मतदान में अब महज चार दिन शेष बचा है। जबकि प्रचार प्रसार 18 के देर शाम समाप्त हो जाएगी। लोकतंत्र के महापर्व में चतरा लोकसभा से भाजपा, कांग्रेस, बसपा व भाकपा व निर्दलीय सहित 22 प्रत्याशी मैदान में है। परंतु गिद्धौर प्रखंड व गांव में चुनाव को लेकर पूर्व के भांति आनन फानन नहीं है। फिलहाल प्रखंड मुख्यालय में भाजपा व कांग्रेस का ही चुनाव कार्यालय खुला है। शेष अन्य दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों का चुनाव कार्यालय दूर-दूर तक खुलने के आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ गिद्धौर प्रखंड में किसी भी दल के द्वारा चुनाव प्रचार को लेकर स्टार प्रचारक को नहीं उतरा गया है। वैसे में चुनाव का माहौल नहीं बन पा रहा है। यहां तक की मतदाता भी अभी तक मौन साधे हुए हैं।

## भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में बुधवार को मंडल बाजार, मंडल बस्ती एवम मोरवाई में जनसम्पर्क अभियान चलाते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में वोट देने की अपील किया गया। जनसंपर्क अभियान में मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ,मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने ग्रामीणों का स्वागत करते हुए देश के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा के पक्ष में वोट देकर अबकी बार 400 पर का नारा दिया गया. जनसंपर्क अभियान में लोगों को मोदी द्वारा देश में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी देते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को आने वाली 20को ईवीएम के एक नंबर में बटन दबाकर चतरा संसदीय क्षेत्र में काली चरण सिंह को विजय बनाते हुई मोदी के हाथो को मजबूत करने की बात कही गई। इस दौरान कन्हाई प्रसाद,मनोज प्रसाद समेत कई भाजपा कार्यकताओं व काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## हमारा उद्देश्य देश में जात-पात, धर्म पर हो रही नफरत की राजनीति को समाप्त करना



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जवान किसान पार्टी के प्रत्याशी दुलेश्वर साव ने पत्थलगड़ा प्रखंड में अपना वाहन रथ से प्रचार प्रसार की शुरूवात करते हुए नुक्कड़ सभा किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन यादव (सेना सेवानिवृत सैनीक) ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव प्रसार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 पार का नारा लगा कर चिल्ला रहे हैं, लेकिन जम्मू कश्मीर के पुलवामा हमले में आंतकी विस्फोटक में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। लेकिन आज तक केन्द्र सरकार ने 60 किलो आरडीएक्स विस्फोटक कहां से आई पता नही लगा पाई। यहां तक की केंद सरकार अभी तक जांच नही करा पाई है। हमलोग केंद्र सरकार की घोर नींदा करते हैं। साथ ही श्री यादव ने कहा कि हमारा उद्देश्य देश में जात-पात धर्म पर हो रही नफरत की राजनीति को समाप्त करना। महंगाई कम करने के लिए पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, एलपीजी के दाम को 20 से 50 प्रतिशत कम किया जाएगा। देश को शत प्रतिशत क्राइम और करप्शन मुक्त करेंगे।

## 5000 से अधिक लोगों ने 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' की भव्य कलाकृति बनाई

**नवीन मेल संवाददात**

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा 20 मई को चतरा में लोकसभा चुनाव निर्धारित है। आप सभी लोग इस चुनावी महापर्व में भाग लेकर पुरे परिवार के साथ मतदान करें और अपने आस पास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें। आप सभी ने लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखने के लिए शपथ लिया तथा सभी प्रखंडो से आए लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित हैं। हम उम्मीद करते हैं कि अपने घर लौटने के बाद 20 मई को स्वयं परिवार के साथ मतदान करने हेतु संबंधित बूथ केन्द्रों पर जाएंगे तथा आस पास के लोगों को भी वोट करने के लिए उत्साहित करेंगे। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए पेयजल, दिव्यांग के लिए व्हील चेयर, वृद्ध मतदाताओं के लिए वाहन, बैठने के लिए शेड समेत अन्य सुविधाएं चुनाव आयोग द्वारा दी जा रही हैं। सभी मतदाता निर्भीक एवं भयमुक्त होकर मतदान करें, इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। वहीं चुनाव चेतना अप्रतिम कार्यक्रम के तहत जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम में 5000 से अधिक लोगों ने चुनाव का पर्व देश का गर्व वोट करेगा चतरा 20 मई को की 300-200 फीट की भव्य कलाकृति बनाई। जिसे देखने के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों व जिला मुख्यालय के करीब 10000 से अधिक मतदाता दर्शक पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान ही सेल्फी अभियान में हजारों से अधिक की संख्या में महिला/पुरूष मतदाता ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और सेल्फी खिंचाई। वहीं हस्ताक्षर अभियान में, मै वोट जरूर करूंगा बोर्ड पर भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, एसडीओ चतरा व सिमरिया, जिले के अधिकारियों समेत मतदाताओं ने हस्ताक्षर किया। स्वीप कार्यक्रम के तहत उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बनाए गए निर्वाचन से संबंधित दो वीडियो फिल्म का विमोचन किया गया। साथ ही चतरा की बेटी साक्षी प्रिया दुबे एवं शालिनी दुबे एवं टीम के द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के बच्चे के द्वारा भी नृत्य की प्रस्तुति की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आगे कहा इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मात्र एक दिन पूर्व इसकी अधिकारिक घोषणा की गई थी। फिर भी मतदाताओं ने भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। हम सभी मतदाताओं से अपील करते है कि जिस तरह इस कार्यक्रम को सफल बनाया उसी प्रकार 20 मई को भी अपने मतदान केन्द्र पर जाकर अपने परिवार के साथ मत का प्रयोग जरूर करें। मीडिया से बात चीत के दौरान बताया कि जिले के स्वीप टीम एवं सभी संबंधित अधिकारी द्वारा बहुत ही कम समय में कार्यक्रम की रूप रेखा को तैयार किया गया जिसके लिए सभी को बधाई।

**सबकी निगाहें 4 जून को होने वाली मतगणना पर**

## मतदान समाप्त होने के साथ ही चौक चौराहों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की हार-जीत की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** लोकसभा चुनाव के चौथा चरण समाप्त होने के साथ ही चौक चौराहों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की हार जीत की चर्चा होने लगी है। राजनीतिक दलों के नेताओ व कार्यकर्ता अपने अपने उम्मीदवारों को मिले मतों का आकलन करने में लगे हैं। हालांकि आम जनता के बीच हो रही चर्चा के मुताबिक पलामू लोकसभा क्षेत्र में भाजपा और राजद उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर होने का अनुमान है। वहीं बसपा के कामेश्वर बैठा चुनाव को त्रिकोणीय बनाने में कामयाब होते नही दिखाई दे रहे हैं। लोगों से मिल रहे फीडबैक के आधार पर कहा जा सकता है की चुनाव में दोनो उम्मीदवारों को जनता का काफी समर्थन मिला है। पिछले लोकसभा चुनाव में भवनाथपुर





विधानसभा क्षेत्र से एकतरफा बढ़त बनाने वाले भाजपा उम्मीदवार विष्णु दयाल राम को राजद उम्मीदवार ममता भुइयां कड़ी टक्कर देते हुए दिखाई दे रही है। 2019 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को 7,55,659 मत प्राप्त हुए थे। जबकि राजद उम्मीदवार घूरन राम को मात्र 2,78,053 मत मिले। इस प्रकार बीडी राम ने 4,55,600 के बड़े अंतर से चुनाव जीतने में कामयाबी हासिल किया था। भाजपा उम्मीदवार बीडी राम को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में व्यापक समर्थन मिला था। करीब डेढ़ लाख मत प्राप्त कर बीडी राम ने राजद उम्मीदवार से 96 हजार मतों से बढ़त बनाने में सफल हुए थे। हालांकि पिछले चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को विधानसभा क्षेत्र के दोनो दिग्गज नेताओं भानू प्रताप शाही और अनंत प्रताप देव का साथ मिला था। लेकिन इस चुनाव में ऐसा नही है।

विधायक भानू प्रताप शाही जहां अब भाजपा में शामिल होकर बीडी राम को जिताने में काफी मेहनत की वहीं भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल हो चुके पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव इस बार राजद उम्मीदवार ममता भुइयां के लिए दिन रात एक करते नजर आए। इस चुनाव में अनंत प्रताप देव के साथ पूर्व प्रत्याशी सह झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी का भी साथ ममता भुइयां को मिला है। ऐसे में सबकी निगाहें 4 जून को होने वाली मतगणना पर है।

## एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन स्कूल में इंडोर गेम, चेस, कैरम, टेनिस का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** बंका रोड विद्यालय एसजी एन मॉडर्न किंडर गार्टेन स्कूल के बच्चों के बीच इंडोर गेम चेस, कैरम, टेनिस आदि का आयोजन किया गया। इन दिनों अत्यधिक तापमान के कारण आउटडोर गेम का आयोजन संभव नहीं है।अतः बच्चों के समय के सदुपयोग हेतु विद्यालय प्रबंधन चेस,कैरम,टेनिस आदि खेल का अवसर प्रदान कर बच्चों को खेल के माध्यम से प्रतिस्पर्धा युक्त वातावरण तैयार कर रहा है ताकि बच्चे सफल जीवन के लिए रणनीति बनाकर भिन्न भिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ सकें। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने बताया कि चेस की शुरूआत सातवीं शताब्दी के आस पास चतुरंग नाम से भारत में हुई थी, जो बाद में अरबी लोगों ने यूरोप में फैला दी।शतरंज का आधुनिक रुप यूरोप में पंद्रहवीं शताब्दी के आखिर में बना। भारत में विश्वनाथन आनंद का योगदान महत्वपूर्ण है। हमारे जीवन में शतरंज का विशेष महत्व है। शतरंज खेलने से दिमाग के सोचने समझने की क्षमता में वृद्धि होती है। इससे दिमाग तेज होता है। यह गेम आई क्यू लेवल को बेहतर बनाता है। निदेशक देव ने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को मोबाइल से मुक्ति के लिए राष्ट्रीय /अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों को खेलने हेतु सहयोग दें। इस आयोजन में स्पोर्ट्स इंचार्ज पीटी अखिलेश्वर मिश्र, आरपी तिवारी, अमानत अंसारी, करण, रामाशीष राम, राहुल कुमार, आबिद अंसारी, संजय ठाकुर , संजय गुप्ता, एसएन सिंह, कुमारी निर्मला, पानपती कुमारी, स्नेहलता एवं पंकज चौधरी आदि उपस्थित थे।



## न्यूज बॉक्स

### महिला ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या की कोशिश

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के झगड़ाखाड़ गांव निवासी राजकेश्वर पासवान की पत्नी इंद्रावती देवी 45 वर्ष ने मंगलवार की रात्रि कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में बताया गया कि इंद्रावती देवी को आपसी घरेलू किसी बात को लेकर अपने बहू के साथ आपस में विवाद हुई थी। इसी बात से आक्रोशित होकर इंद्रावती देवी ने कीटनाशक खा लिया घटना की जानकारी मिलने के बाद पर जनों ने उसे भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के द्वारा उसे गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक नें इंद्रावती देवी को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वजन के द्वारा जब तक रिम्स ले जाने के लिए तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान इंद्रावती देवी की मौत हो गई इसके बाद परिजनों ने बिना अंत्य परीक्षण कराए हुए शव को लेकर अपने घर चले गए।

### इंटर कॉलेज में नामांकन शुरू

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ गांव स्थित बृजनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय में सत्र 2024-26 के लिए इंटर के तीनों संकाय विज्ञान, कला और वाणिज्य में नामांकन प्रारंभ हो गया है। इसकी जानकारी महाविद्यालय कि प्रचार्या प्रतिमा कुमारी ने दी। उन्होंने कहा की महाविद्यालय में रेगुलर क्लास, पुस्तकालय , छात्रवृत्ति एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को विशेष सुविधा मुहैया कराई जायेगी। उन्होंने बताया की इंटर में नामांकन के लिए दसवीं का अंक पत्र, आधार कार्ड , पंजीयन सहित दो फोटो लेकर आने को कहा है। प्रचार्या ने क्षेत्र के अभिभावकों को इस कालेज में नामांकन कराने का आग्रह किया है।

### पिकअप वाहन की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल सवार हुए घायल

**गढ़वा।** गढ़वा रंका सड़क में अन्नराजघाटी के समीप पिकअप के चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए। उसे इलाज के लिए गढ़वा से अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल व्यक्ति भंडरिया थाना क्षेत्र के बघवार गांव निवासी महेंद्र सिंह एवं शुशील सिंह बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि महेंद्र सिंह तथा सुशील सिंह अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार हो कर अपने रिश्तेदार के यहां कितासोती जा रहा था। इसी बीच अन्नराज घाटी के समीप सामने से आ रही पिकप धक्का मार दी। जिससे यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आसपास के सहयोग से उसे उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### मेराल के हरदिया टोला में दो मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पचफेरी गांव के हरदिया टोला में दो मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में गढ़वा थाना क्षेत्र के संग्रहे खुर्द गांव निवासी अंबिकराम का पुत्र अयोध्या कुमार राम एवं दूसरे मोटरसाइकिल सवार गढ़वा शहर के उचरी मोहल्ला निवासी आजाद अंसारी का पुत्र अफताव अंसारी आदि के नाम शामिल है इसमें अफताव अंसारी व अयोध्या कुमार राम को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में अयोध्या कुमार राम ने बताया कि वह अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक व्यक्ति को पचफेरी मोड छोड़ कर वापस लौट रहा था इसी दौरान दूसरे मोटरसाइकिल सवार अफताव अंसारी अपने एक अन्य दोस्त के साथ संग्रहे खुर्द से अपने घर मोटरसाइकिल से आ रहे थे इसी क्रम में हलदिया टोला में दोनों की मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई घटना की जानकारी मिलने के बाद दोनों के परिजनों ने घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को घायल अवस्था में गढ़वा सदार अस्पताल में भर्ती कराया।

### जंगीपुर में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो महिला गंभीर रूप से जख्मी

**श्रीबंशीधरनगर।** थाना क्षेत्र के जंगीपुर ग्राम में बीती रात आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट में दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनो महिला का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। मारपीट की घटना में घायल होने वालो में एक पक्ष के कृष्णा ठाकुर की 24 वर्षीय पत्नी अंजू देवी तथा दूसरे पक्ष के जितेंद्र ठाकुर की 40 वर्षीय पत्नी मंजू देवी का नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दोनो परिवार में पहले से ही किसी बात को विवाद था। मंगलवार की रात किसी बात को लेकर दोनो महिला में कहा सुनी हो गया जो बाद में मारपीट के रूप में तब्दील हो गया जिसके बाद दोनो महिला घायल हो गई। मारपीट में घायल दोनो महिला ने स्थानीय थाना में मारपीट करने के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराया है।

### मंत्री पर आचार संहिता की प्राथमिकी दर्ज

गढ़वा प्रदेश के मंत्री सह स्थानीय विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गढ़वा थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है कन्या बालिका विद्यालय मतदान केंद्र भवन में प्रवेश करने को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार दुबे ने गढ़वा थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है बताया जा रहा है कि पेयजल एवं स्वच्छता सह मध्य निषेध विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मतदान केंद्र पर पहुंचे और उसके बाद मतदान केंद्र भवन में प्रवेश कर गए इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता विरोध करने लगे। उसके बाद मंत्री पर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने का प्राथमिक दर्ज कराया गया।

### संस्थागत प्रसव के लिए जागरूकता अभियान चलाएं : रानी देवी

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड क्षेत्र की सभी सहियाओं की बैठक बिटीटी रानी देवी, सुनील महतो और उषा किरण के द्वारा आयोजित किया गया। आयोजित बैठक से पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा की पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नूतन बाला लकड़ा का आकस्मिक निधन पर सभी स्वास्थ्यकर्मी और सहियाओं द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौनधारण किया गया। वही बैठक में बिटीटी रानी देवी ने सभी सहियाओं को निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को टिकाकरन के बाद एएनएम के द्वारा दिये जाने वाले चार संदेश, संस्थागत प्रसव में बढ़ोतरी के बारे में,पहला एएनसी,कुष्ठ रोग,टीबी बीमारी की खोज के लिये बलगम जांच रिपोर्ट तथा महिलाओं का प्रथम तिमाही एएनसी पकड़ाने के लिये एएनसी जांच हेतु प्रेरित करने के लिये निर्देश दिया गया।वही सहियाओं को बताते हुए कहा गया कि सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो द्वारा निर्देश है कि संस्थागत प्रसव में विशेष ध्यान की आवश्यकता है। क्योंकि संस्थागत प्रसव से बच्चा जच्चा दोनों स्वस्थ्य रहते हैं। मौके पर बिटीटी रानी देवी,उषा किरण,सुनील महतो के अलावे शकुंतला देवी,मरियम टोप्पो ललिता शुक्ला, अनिता देवी,शोभा देवी,गुड़िया देवी,पारसमणी उराँव, नीलम माधुरी,आभा देवी सहित प्रखंड क्षेत्र की अन्य सभी सहिया उपस्थित थे।

### महिला कीर्तन मंडली को सम्मानित किया



**लोहरदगा।** बजरंग दल के द्वारा लोहरदगा नगर में महिला कीर्तन मंडली श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर पुराना शुक्र बाजार को डफली एवं करताल देकर महिला मंडल को सम्मानित किया गया। मौके पर बजरंग दल के पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर पुराना शुक्र बाजार में कीर्तन भजन किया जाएगा। जिसमे सभी सनातनी भाई बहन उपस्थित होकर कीर्तन भजन में शामिल हो।

# अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने दो स्कूली बच्चियों को कुचला, दर्दनाक मौत

## आठ घंटे तक सड़क जाम, 1-1 लाख मुआवजे के बाद आवागमन हुआ चालू

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार अहले सुबह लगभग 7 बजे टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग गेट के समीप हीं सड़क दुर्घटना में दो छात्राओं की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना में सेरनदाग निवासी प्रमोद साव की 11 वर्षीय पुत्री कृति कुमारी व किशोर साव की 10 वर्षीय पुत्री उमा कुमारी की मौत से पूरा गांव मातम में डूब गया है। जानकारी के अनुसार स्कूल गेट से चंद कदम पहले हीं तेज रफ्तार स्कार्पियो जेएच 01 डीपी 1991 अनियंत्रित होकर दोनों बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनो गंभीर रुप से घायल हो गए और इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। दुर्घटना में शामिल



चालक व अन्य दो सवारों को आक्रोशित ग्रामीण कब्जे में रखकर समुचित मुआवजे की मांग करते हुवे शव को सड़क पर रखकर बैठ गये। घटना के संदर्भ में चालक मंडेर निवासी सह बेंती स्कूल के प्रिंसिपल विकास टोप्पो ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी 8 बजे चुनावी कार्यशाला में भाग लेने चतरा जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात कोल वाहन द्वारा चकमा दिये जाने से उसने अपना नियंत्रण खो दिया। मामले में प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हादसा अति भयंकर था। स्कार्पियो ने सड़क किनारे रखे एक भारी भरकम कंटेनर को लगभग 10 फीट की दूरी तक ढ़केल दिया अन्यथा सीधे स्कूल में जाकर कई विद्यार्थियों को चपेट में ले लेता। वहीं घटना की सूचना पर बीडीओ देवलाल उरांव, सीओ विजय कुमार दास व इंस्पेक्टर अनिल उरांव दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों को काफी समझा बुझाकर 1-1 लाख नगद राशि देकर लगभग 8 घंटे के बाद सड़क जाम को हटवाने में सफल हुवे। बीडीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा की अनुसंशा की जाएगी। वहीं ग्रामीणों के लिखित मांग पर सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक नो इंट्री लगाने का आश्वासन प्रखंड प्रशासन की ओर से दिया गया। सीओ ने बताया कि उक्त मांग पर जिला व अनुमंडल प्रशासन की मौखिक सहमति प्राप्त हुई है, पूरे प्रखंड क्षेत्र में नो इंट्री का अनुपालन सख्ती से कराया जाएगा। इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम हेतु एनटीपीसी व सीसीएल प्रबंधन से 30-30 स्लाइड बैरेकेडिंग की मांग पूर्व में हीं की गई है।

## एक नजर

### सिविल सर्जन ने डेंगू से बचाव के लिए जन जागरूकता की अपील की



**लातेहार ।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्या चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार डॉ अवधेश सिंह के अध्यक्षता में मिडिया ब्रिफिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू से बचाव हेतु जनमानस में जन जागरूकता हेतु मिडिया से अपील की गई। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र स्तर पर प्रभात फेरी / ग्राम गोष्ठी एवं विद्यालय जगरूकता कार्यक्रम किया जाना है। जिला स्तर पर भी प्रभात फेरी निकाली जायेगी। कार्यशाला में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्या चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार/जिला मलेरिया पदाधिकारी, लातेहार / जिला कार्यक्रम प्रबंधक / जिला भीबीडी सलाहकार, उपस्थित रहे।

### चुनाव को लेकर कुम्हार प्रजापति महासंघ ने की बैठक

**बरियातू ।** प्रखंड के मुख्यालय स्थित कुम्हार प्रजापति की बैठक बुधवार को प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति के अध्यक्षता में डॉ संतोष प्रजापति की आवास बारियातु में की गई। इस बैठक का मुख्य विषय लोकसभा चुनाव से संबंधित चर्चा-परिचर्चा पंचायत अध्यक्ष व प्रखंड कमेटी के समक्ष मे की गई। जिसमें पूरे प्रखंड के प्रजापति समाज एकमत होकर सभी को मतदान करना है और लोकतंत्र को मजबूत करना है। मौके पर महेंद्र प्रजापति, गुलाबी प्रजापति, जतन प्रजापति प्रखण्ड कोषाध्यक्ष सोनू प्रजापति प्रखंड सचिव बैजनाथ प्रजापति उपाध्यक्ष मुकेश प्रजापति डॉक्टर संतोष, राकेश, बनेश्वर, पप्पू, रूपेश प्रजापति,प्रकाश प्रजापति सहित सैकड़ों की संख्या में प्रजापति उपस्थित थे।

## तेजस्वी पहुंचे चतरा, इंडी गठबंधन प्रत्याशी के लिए मांगे वोट, कहा

# पीएम मोदी महंगाई व बेरोजगारी पर नहीं बोलते, सिर्फ राम मंदिर पर चर्चा करते हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

चतरा/हंटरगंज। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव बुधवार को चतरा लोकसभा से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थन में जिले के हंटरगंज में आयोजित चुनावी सभा में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महंगाई व बेरोजगारी पर नहीं बोलते, सिर्फ राम मंदिर पर चर्चा करते हैं। स्थिति ऐसी है कि देश में बहाली नहीं हो रही है। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रहा है। 25 करोड़ युवाओं के भविष्य के साथ पीएम मोदी ने खिलवाड़ किया। पीएम के गलत नीतियों के कारण ही आज 25 करोड़ युवा अधीक उम्र के हो गए हैं और नौकरी से वंचित रह रहे हैं। केंद्र सरकार पिछले 10 वर्षों से करोड़ों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।



### 10 वर्ष बीजपी के सांसद चतरा में रहे, पर काम नहीं हुआ : सत्यानंद

**चतरा।** जिले के हंटरगंज में इंडी गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में भारी भीड़ उमड़ी। वही सभा में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ झारखंड के श्रम नियोजन व प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार की बुनियाद लूट और झूठ पर टिकी हुई है। यह देश को गलत दिशा में ले जा रही है। चतरा में लगातार 10 वर्षों तक बीजेपी के सांसद रहे, लेकिन यहां विकास का कोई काम नहीं हुए। चतरा में रेल आया ना स्टील पलांट आया। जबकी 2014 में नरेंद्र मोदी के मौजुदगी में सासंद सुनील कुमार सिंह ने रेल से 2019 में नामांकन के लिए पहुंचने का वादा किया था। वहीं पार्टी प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि यहां की जनता उन्हें मौका देती है तो उनकी पहली प्राथमिकता बेरोजगारों को रोजगार दिलाना रहेगा।

## हाथ को मजबूत करने को लेकर चुनाव प्रचार में जुटा लाल झंडा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** हांथ को मजबूत करने के लिए गांव गांव में माकपा नेता और कार्यकर्ता लाल झंडा के साथ जूट गए हैं,बुधवार को पार्टी ने चटुआग में बैठक कर इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के पक्ष में प्रचार किया। बैठक को संबोधित करते हुए माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि एनडीए उम्मीदवार को पराजित कर केंद्र में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार का गठन सुनिश्चित किए जाने का लक्ष्य पार्टी ने तय किया है,उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद की निष्क्रियता और लोकसभा क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं के प्रति और टोरी मे आरओबी की अंदेखी उदासीनता के चलते मतदाताओं में भारी आक्रोश है। खनिज संम्पदा का महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के बावजूद भाजपा सांसद ने पिछले दस सालों से इस क्षेत्र को और पीछे धकेल दिया है। बेरोजगारी और पलायन यहां चरम पर है। मौके पर माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान, ललुवा गंझु, गबरेल मुंडा, सनिचरवा परहैया, रतिया नगेसिया, बुधराम बारला, एतवा मुंडा, बेने तोपनो, अजीत टोपनो, दाउद होरो, नयन भेंगरा, सिमांन भेंगरा समेत कई कार्यकर्ता समर्थक मौजूद थे।

## महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को जिताने का लिया संकल्प



**चंदवा।** बुधवार को लाधुप पंचायत में महागठबंधन दल के नेताओं व जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता लाधुप पंचायत के मुखिया बिफई मुंडा एवं पंचायत समिति सदस्य बुधन गंझू ने की। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा एवं चंदवा प्रखंड सचिव मो इजहार उपस्थित थे। केंद्र में बैठी सरकार जनविरोधी सरकार है। हम सबो को गरीबी, बेरोजगारी, मंहगाई को खत्म करने के लिए इंडी गठबंधन को अपना कीमती वोट देकर विजय बनाना है। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं एवं प्रतिनिधि साथियों ने एक स्वर में चतरा लोकसभा के महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को वोट दिलाने के लिए अपने गांव एवं पंचायत में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया। बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य पप्पन खान, जेएमएम नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य मोहन गंझू, पूर्व पंचायत समिति सदस्य खुर्शीद खान, बलेश्वर पाहन, जोहन मुंडा, कार्तिक मुंडा, वार्ड सदस्य बबलू खान, टिंकू यादव, फारुख खान, जियाउल खान समेत दर्जनों नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**मनिका/लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी चतरा लोकसभा कार्यालय का विधिवत पूजा अर्चना फीता काटते हुए मंगलवार को पचफेड़ी बजाज शोरूम के समीप अतिथियों द्वारा किया गया। उद्घाटन के मौके पर वरिष्ठ भाजपा मंडल महामंत्री मंदीप कुमार ने कहा कि चुनावी कार्यालय खुलने से कार्यकताओं को गांव में जनसंपर्क अभियान चलाने के लिए सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर प्रखण्ड प्रमुख प्रतिमा देवी, पूर्व जिप सदस्य बलवंत सिंह, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, कुनैन अंसारी, सेठा यादव, दिनेश प्रसाद , विश्वनाथ राय, धर्मजित राय समेत कई लोग उपस्थित थे।


## समाहरणालय, लातेहार।

(प्रशिक्षण कोषांग)

**आदेश**

लोक सभाचुनाव 2024 के निमित लातेहार जिला अन्तर्गत नियुक्त मतदान कर्मियों का तृतीय चक्र का प्रशिक्षण दिनांक 16.05.2024 से 17.05.2024 तक गांधी इन्टर कॉलेज, लातेहार एवं बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में दो पालियों में निर्धारित किया जाता है। मतदान कर्मियों का पोलिंग पार्टी संख्या के अनुसार निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0 | प्रशिक्षणस्थल | पोलिंगपार्टी नं0 | मतदानकर्मियों की संख्या | प्रशिक्षण की तिथि | प्रशिक्षणअवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गांधी इण्टर कॉलेज लातेहार | 7301-0001 से 7301-0104 Y/0001 | 420 | 16.05.2024 | 09:00 AM TO 12: 00 AM |
| | | 7302-0001 से 7302-0098 H-P3 | 429 | 16.05.2024 | 01:00 PM TO 04:00 PM |
| 2 | बनवारी साहू कॉलेज, लातेहार | 7303-0001 से 7303-0032 7305-0001 से 7305-0039 परदानसीमतदानकेन्द्रP2, P3 एवंH - P2 | 363 | 16.05.2024 | 09:00 AM TO 12: 00 AM |
| | | 7304-0001 से 7304-0095 | 308 | 16.05.2024 | 01:00 PM TO 04:00 PM |
| 3 | गांधी इण्टर कॉलेज लातेहार | 7401-0001 से 7401-0100 PwD-0001 एवंY/0001 | 408 | 17.05.2024 | 09:00 AM TO 12: 00 AM |
| | | 7402-0001 से 7402-0110 | 430 | 17.05.2024 | 01:00 PM TO 04:00 PM |
| 4 | बनवारी साहू कॉलेज, लातेहार | 7403-0001 से 7403-0086 महिलाबूथ-PO, P1, P2, P3 | 396 | 17.05.2024 | 09:00 AM TO 12: 00 AM |
| | | 7403-0087 से 7403-0098 7404-0001 से 7404-0058 7405-0001 से 7405-0032 | 406 | 17.05.2024 | 01:00 PM TO 04:00 PM |

उपरोक्त पोलिंग पार्टी के कर्मियों को आदेश दिया जाता है कि निर्धारित प्रशिक्षण स्थल पर ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करें। डाक मतपत्र द्वारा मतदान के लिए शेष मतदान कर्मी मतदाता पहचान पत्र आदि मूल प्रति में अपने साथ लाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि मतदान कराया जा सके।

प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षण स्थल-गांधी इन्टर कॉलेज, लातेहार में श्री संतोष भगत, जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार एवं बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में सुश्री कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी रहेंगे एवं प्रशिक्षण का स्टेटिक अनुश्रवण करेंगे।

अनुलग्नक :- यथोक्त।

उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लातेहार

PR 324813 Latehar(24-25)D



## झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/महिला/कुडू/कुजरा/कैरो, लोहरदगा
(Email Id- principalitilohardaga@gmail.com)

**नामांकन सूचना**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024-25-26 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा NCVT/SCVT से मान्यता प्राप्त लोहरदगा जिला के सभी सरकारी (LWE सहित), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, यथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुजरा/कुडू/महिला/कैरो, लोहरदगा के शैक्षणिक सत्र 2024-25-26 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in — Admission Tab) आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:-

क) सीट मेटल वर्कर, वायरमैन, मेशन (बिल्डिंग कन्स्ट्रक्टर), पेन्टर (जेनरल) पलम्बर, वेल्डर, वेल्डर (GMAW & GTAW), वेल्डर (Fabrication & Fitting), सीविंग टेक्नोलॉजी, कटिंग एण्ड सीविंग, कारपेन्टर (New Name- Wood Work Technician), सर्फेश अर्नामेंटेशन टेकनिक्स एवं वीबिंग टेक्नीशियन फॉर सिल्क एण्ड वुलन फैब्रिक्स व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवी (10वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

3. महत्वपूर्ण तिथियाँ

| क्र0सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 15.05.2024 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 09.06.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 3 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 12.06.2024 अपराह्न 5:00 बजे |
| 4 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 13.06.2024 से 15.06.2024 |
| 5 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 20.06.2024 |

4. डी0जी0टी0 के पत्रांक DGT-Aff011/1/2023-O0 DIR (TC) Part (2)[63756], दिनांक 03.05.2024 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई-मेल आई0डी0 एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा NTC उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के Download Section के Notification Tab में देखा जा सकता है।

6. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है या www.lohardaga.nic.in से देखा/डाउनलोड किया जा सकता है तथा संस्थानों के सूचना पटट् में देखा जा सकता है।

7. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal के Grievance Section में टिकट (Complain) Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नं0-9279316039/9308058506/9631039626 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

ह0
प्राचार्य
नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा

PR 324823 Lohardaga(24-25).D


## प्रत्याशी कालीचरण के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ ।** प्रखंड के नगर प्रतापपुर, शाहपुर उदाल खांड में भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चला कर चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान करने एवं भारी मतों से जीताने की अपील की। कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के लिए 20 मई को मतदान होगा। सभी अपने-अपने बूथों पर जाकर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान करें। उपस्थित लोगों ने बताया कि आज तक बाहर के लोगों ने चतरा को चारागाह बना कर लूटने का काम किया है। इस बार भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने चतरा के स्थानीय निवासी को अपना प्रत्याशी बना कर चतरा के लोगों के मांग पर खरा उतरने का काम किया गया है। नेताओं ने कहा कि अब हमलोगों की बारी है कि लोकल उम्मीदवार को अपना बहुमूल्य वोट दे कर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को विजय बनाएं मौके में भाजपा नेता भानु प्रसाद ,राम जयसवाल, राकेश प्रसाद, आनंदनाथ शाह, राजू सिंह समेत सैकड़ो भाजपाई मौजूद रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों की रचनात्मकता की शक्ति को प्रदर्शित करती है : एमके जोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार ।** मनुष्य मानव प्रगति के अग्रदूत हैं, वे अपनी रचनात्मक शक्ति का प्रयोग करके अपनी ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं और अपने आसपास की दुनिया के बारे में अपने समझ को आकार देते हैं। अतः शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक उत्कृष्ट बनाने के लिए वर्षों से संत जेवियर्स महाविद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन करता आया है जो कि यहां के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक खोज के प्रति अपनी जिज्ञासा, जुनून और समर्पण को दशार्ता है। इसलिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को महाविद्यालय के सभागार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादर एडवर्ड, फादर रौशन, फादर अरविंद बेक, सिस्टर सिसिल (कार्मेल हॉस्पिटल की प्रशासक) डॉक्टर नव्या, सिस्टर डॉक्टर रोसेला, आईक्यूएसी सदस्य मिस्टर तनवीर उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों के द्वारा कुल 80 प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन महुआडांड़ के विभिन्न स्कूली छात्र छात्राओं, स्थानीय निवासियों तथा मुख्य अतिथियों के समक्ष किया गया। सभी प्रोजेक्ट्स और मॉडल्स आज के विज्ञान और प्रौद्योगिकी, तकनीकी व आर्थिक युग में तत्कालीन समस्याओं और उसके शाश्वत निदान को प्रदर्शित कर रही थीं। विद्यार्थियों ने अपने प्रॉजेक्ट्स व मॉडल्स के जरिए लोगों को यह संदेश दिया कि हम अपनी विवेक, तर्क, बुद्धि, सृजनशीलता का प्रयोग करके पर्यावरण की केवल रक्षा नहीं करना चाहते बल्कि हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते हैं जहाँ पर्यावरण को किसी सुरक्षा की आवश्यकता ही ना हो। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्या सिस्टर कैसलिन जूलिएट, उप प्राचार्य फादर समीर टोप्पो, फादर राजीप तिर्की, सभी प्रोफेसर्सगण तथा मुख्य रूप से मंच संचालिका असिस्टेंट प्रोफेसर शिल्पी होरो व असिस्टेंट प्रोफेसर स्नेहल सोहल का अतुलनीय योगदान रहा।

## रामचंद्र सिंह ने चलाया ओरसा पंचायत में जनसंपर्क अभियान

# विधायक ने केएन त्रिपाठी के पक्ष में मतदान करने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ ।** मनिका के स्थानीय रामचंद्र सिंह ने बुधवार को ओरसा पंचायत के विभिन्न गांव का दौरा करके चतरा लोकसभा क्षेत्र के गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी के पक्ष में ग्रामीणों को मतदान करने की अपील की। भाजपा सरकार केवल बड़े-बड़े लोगों के लिए ही काम कर रही है। गरीबो के लिए कोई योजना नहीं है। देखिये हमलोग झारखंड में मिलकर सरकार चला रहे हैं। वही केन्द्र में हमारी गठबंधन की सरकार बनने पर गरीब महिलाओ के लिए महालक्ष्मी योजना लेकर आ रही है। हर महीने महिलाओ के बैंक खातों में सीधा 8,500 रुपये दिया जायेगा। इससे भारत की महिलाएं आर्थिक निर्भरता से मुक्त होकर खुद अपने परिवार की तकदीर लिखेंगी। एकजुट होकर 20 मई को सभी काम छोड़कर पहले मतदान करें और हाथ छाप मे वोट देकर केंद्र में कांग्रेस की गठबंधन की सरकार बनाये। इस अभियान में कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि, इस्तेखार अहमद एसटी सेल जिला अध्यक्ष अजीत कुजूर, रामनरेश ठाकुर, नसीम अंसारी, उपप्रमुख अभय मिंज, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सुहैल, रौशनी कुजूर, सुषमा कुजूर, रानू खान, प्रमिला मिंज, नूरूल अंसारी, कोमल किण्डो, किशोर तिर्की, मनदेव नगेसिया, रिंकू खान, भरत नगेसिया, सत्येंद्र प्रसाद, संदीप अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान, केएन त्रिपाठी के पक्ष में मांगे वोट



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू ।** प्रखंड क्षेत्र के फुलसु व बालुभांग पंचायत के विभिन्न गांव में इंडी महागठबंधन के झामुमो के प्रखंड पदाधिकारियों ने महागठबंधन के चतरा लोकसभा प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को वोट देने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया व सभाए की। इस दौरान झामुमो पदाधिकारियों कहा कि भाजपा सरकार नाम मात्र का गरीबों, आदिवासियों व हरिजनों की हितैसी हैं। भाजपा सरकार के दस साल कार्यकाल मंहगाई, बेरोजगारी, अराजकता बढ़ी है। भाजपा सरकार अब धर्म के नाम पर देश वाशियो को वोट मांग रही है। विपक्षी पार्टियों के खिलाफ मनगढ़ंत बात बात सुनाकर लोगों को भरमाया ज रहा है।गठबंधन के पदाधिकारीयों व कार्यकताओं ने आज के ज्वलंत मुद्दा बेरोजगारी, मंहगाई व भ्रष्टाचार खत्म करने, देश की एकता अखंडता व धर्म निरपेक्षता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए इंडी महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को हाथ छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने का अपील किया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, उपाध्याय भुनेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष लाखो भुइयां, मंगर गंझु अनिल तुरी, मोहन गंझु सहित दर्जनों लोग सामिल रहे।

## एक नजर

### विद्युत मोटर तार से प्रवाहित करंट की चपेट में आया युवक, झुलसा

**रायडीह ।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलम पंचायत के रूकरूम गांव निवासी 22 वर्षीय महावीर तुरी विद्युत मोटर तार से प्रवाहित करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे नजदीकी अस्पताल लेकर गए जहां इलाज के उपरांत उसे गुमला भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक युवक कुआं से मोटर द्वारा पानी निकाल रहा था इसके बाद वह नंगे पांव तार को हटाने गया। तार कटा हुआ था। इसके बाद तार से करंट की चपेट में आ गया और गिरकर बेहोश हो गया। माता-पिता तत्काल तार को उसके शरीर से अलग किए। हालांकि उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### मारपीट में घायल थाने में शिकायत दर्ज

**गुमला ।** सदर थाना क्षेत्र के अरमई गांव में मंगलवार की रात मारपीट की घटना हुई है। मारपीट की घटना में तालु साहु घायल हो गया। जिसका इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। घायल तालु साहु की पत्नी चन्द्रिया देवी ने मारपीट कर घायल करने के संबंध में गांव के ही सुरेन्द्र उरांव, कुंवर उरांव ओर छोटू उरांव के खिलाफ गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराया है। कहा कि मंगलवार की रात सात आठ युवक घर के बाहर गाली गलौज करने लगे। दरवाजा खोलने पर मेरे साथ दुर्व्यवहार करने लगे। बीच बचाव कर रहे मेरे पति पर लाठी डंडा से वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। चन्द्रिया देवी ने मारपीट के नामजद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### नाबालिग ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का किया प्रयास



**गुमला ।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरा भंडार टोली निवासी 17 वर्षीय किशोर ने मंगलवार की रात शाम कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया स्थिति खराब होने पर परिजन तत्काल उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है हालांकि उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है जानकारी के मुताबिक किशोर शाम 5:30 बजे बाइक लेकर घर से निकला था गांव के समीप पुलिया के पास लोगों ने बाइक खड़ा देखा। ढूंढने पर खेत में पड़ा लोगों ने उसे देखा। जानकारी घरवालों को दी रात 9:00 बजे उसे सदर अस्पताल लाया गया वहीं परिजनों ने घटना का कारण नहीं बताया कहा परिवार में किसी से कोई भी बात नहीं हुआ था संभवतः कोई दूसरा मामला हो सकता है उसके होश आने के बाद ही पता चल पाएगा।

# पथ के कालीकरण में गुणवत्ता का अभाव, ग्रामीण गोलबंद

## विभाग व संवेदक पर लगाया लापरवाही का आरोप, जेई ने अनियमितता को नकारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा ।** कंडरा से चंदवा गढ़गांव पथ नवीनीकरण में अनियमितता को देखते हुए संवेदक के विरुद्ध ग्रामीणों द्वारा नाराजगी जताते कार्य का किया विरोध किया गया। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कंडरा से चंदवा गढ़गांव तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत अष्टभुजा कंट्रक्शन द्वारा करोड़ो की लागत से पथ व पुलिया नवीनीकरण का कार्य आरम्भ किया गया है। पथ निर्माण कार्य मे अष्टभुजा कंट्रक्शन के संवेदक की काफी लापरवाही देखने को मिल रही है। इस बिंदु को लेकर चार माह पूर्व पुलिया निर्माण के दौरान भी लापरवाही देखी गई थी। जिसको लेकर जेई गोबिंद कुमार से संपर्क कर जायजा लेने पर उनके द्वारा कार्य को गुणवत्ता पूर्ण बताते हुए अनियमितता पर पर्दा डालने का कोशिश किया गया था। इसी दौरान पथ कालीकरण कार्य के क्रम में दो दिन पूर्व चंदवा खैरा दह से आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ कालीकरण किया गया। सप्ताह भी नही हुआ और निर्मित कालीकरण पथ अनियमितता का पोल खोलने लगा जगह जगह पर पिच उखड़ना आरम्भ हो गया है। इसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीण, गोपाल ठाकुर, दीपक उराँव, रतु उराँव, रोहित सिंह, दीपक सिंह रामलाल पाहन, बैजनाथ उराँव अनिरुद्ध राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नही किए जाने पर ग्रामीण कार्य के प्रति रोष प्रकट करने के साथ निर्माण कार्य का बहिष्कार करते हुए कहना है कि विभाग की मिली भगत से हो रही कार्य को अनदेखी नहीं किया जाएगा। जिसे गुणवत्ता पूर्ण कार्य करवाने के लिए स्थानीय ग्रामीण द्वारा गोलबंद हो निर्माण कार्य का बहिष्कार करते हुए कार्य बंद करने का साइड इंजीनियर तथा मुंशी व मजदूरों से कहा गया है।

# आर्थिक तंगी को लेकर घर में चल रहा था क्लेश, दी जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा ।** थाना क्षेत्र के मकान्दू गांव में बुधवार की सुबह एक अधेड़ का शव पेड़ से झूलता मिलने से सनसनी फैल गयी। बुधवार तड़के कुछ ग्रामीणों ने शव पेड़ से लटका देखा और इसकी जानकारी उसके परिजनों और पुलिस को दी। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। शव की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी पंचायत अंतर्गत मकान्दू गांव निवासी निर्मल महतो के 42 वर्षीय पुत्र नारायण महतो के रूप में की गई है। घर वालों के अनुसार मंगलवार की रात घर पर था लेकिन सुबह उसका शव घर के समीप ही गमछे के सहारे करंज के पेड़ से झूलता देखा गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था उसकी तीन छोटी - छोटी बच्ची हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वह आर्थिक तंगी के चलते काफी परेशान रहता था। इसको लेकर पति पत्नी के बीच आए दिन क्लेश होता रहता था। इससे तंग आकर उसकी पत्नी कुछ दिन पहले ही अपने मायके चली गयी थी। फिलहाल सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कुडू पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पति की मौत की खबर सुन मायके से राशन लेकर पहुंची पत्नी, लोगों की आंखें हुई नम

स्थानीय लोगों ने बताया कि परिवार की स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पति की मौत की खबर सुनने पर मायके से लौटी पत्नी अपने साथ एक बोरे में राशन लेकर पहुंची। पत्नी को इस बात का अंदाजा था कि अगर अपने साथ कुछ खाने पीने का नही ले जाएगी तो उसे और उसके बच्चों को खाना भी नसीब नही होगा। इस दुख की घड़ी में एक छोटे बोरे में राशन लेकर पहुंची पत्नी को देखकर सभी की आंखे भर आयी।

## न्यूज बॉक्स

### डीएवी में मातृ दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा मातृ दिवस के शुभ अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। ईश्वर और गुरु से भी पूर्व माता का स्थान होता है। एक बच्चे को जन्म देने से लेकर उसे एक अच्छा इंसान बनाने तक सभी पड़ावों में माँ अपने बच्चों के जीवन में बहुत अहम भूमिका निभाती है। कक्षा नर्सरी में प्रियांशी विश्वकर्मा, कनक मुखियार, पवनवीर राज, सान्विका सौरभ, स्वाति सोना व सूर्यांश वर्मा ने, कक्षा एलकेजी में तृषा कुमारी, रेयांश उरांव, पृषभ राज, अद्वैत आलोक, विवान बंका व मयूरेश कृष्णा केसरी ने, कक्षा यूकेजी में आकर्ष पंकज, दिव्यांशु उरांव, अहान उरांव, कन्याका गुप्ता, अलीसबा अहमद, अर्चित मिश्रा व सम्राट केसरी ने, कक्षा प्रथम में अपूर्व राज, अलिका अम्बर,रक्षित झा,ईशानवि राज, अर्श मुहम्मद, काव्या गुप्ता, काव्या मुखियार, कुमारी आराध्या, खुशी कुमारी व सादिक अख्तार ने, कक्षा द्वितीय में दिव्यांश मेहता अथर्व सिद्ध आरोही वर्मा काव्य गोयल भावेश शर्मा प्रयास वर्मा रेयांश विश्वकर्मा, अनबिया आयत मनस्वी गुप्ता वैष्णवी शिवांश शर्मा व शिवाय सिंह ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

### नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत गुमला चैंबर एवं प्रेस क्लब के बीच क्रिकेट मैच



**गुमला ।** गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में गुमला चेम्बर के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक की गयी। जिसमें तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में कल से शुरू होने वाले पाँच दिवसीय क्रिकेट मैच पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी ने अपने अपने विचार रखे। क्रिकेट में प्रतिदिन चार मैच खेले जायेंगे। क्रिकेट मैच के द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं प्रेस क्लब गुमला के बीच आगामी 16 मई को सुबह 06:30 बजे होने वाले क्रिकेट मैच के लिए 11 सदस्यो की टीम बनायी गयी। सभी सदस्यों को ससमय उपस्थित होकर क्रिकेट टूनार्मेंट को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### आंजन धाम की समस्याओं को लेकर मिशन बदलाव का प्रतिनिधिमंडल जल्द करेगा उपायुक्त से मुलाकात

**गुमला ।** मिशन बदलाव की टीम ने ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनोद साहू और आनंद सिंह के नेतृत्व में अंजन धाम पहुंचकर वहां की समस्याओं की ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया अक्सर आंजन धाम में सड़क दुर्घटना होते रहता है। वही ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना के कारण और उपाय भी बताया। वही ग्रामीणों ने कहा इन समस्याओं को पूर्व में ही प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है। कई श्रद्धालुओं का अब तक सड़क दुर्घटना हो चुका है। विनोद साहु ने बताया बीते दिनों मिशन बदलाव के सक्रिय सदस्य अखिलेश ठाकुर के छोटे भाई अर्जुन ठाकुर और उसकी छोटी बहन की अंजन धाम से लौट के क्रम में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। वहीं मिशन बदलाव के विनोद साहू ने कहा आंजन धाम का मंदिर ऊंचा स्थान में है सड़क में गाड़वाल, एंबुलेंस, सीसीटीवी कैमरा और श्रद्धालुओं के मंदिर आने-जाने के लिए वाहन की व्यवस्था आदि की मांग की है। वही कहा कि प्रशासन द्वारा इन समस्याओं को गंभीरता नहीं लेने पर जल्द ही मिशन बदलाव की टीम उपायुक्त से मुलाकात करेंगी और अंजन धाम की समस्याओं से अवगत कराने तथा समाधान की मांग करेगी।

# लोहरदगा के इंद्रनील भारती को मिला आईआईएमसी आल इंडिया में 318वां रैंक



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के कुडू माराडीह जैसे छोटे से गांव से अपनी शिक्षा पूर्ण कर अविराम संस्थान के सचिव इंद्रजीत भारती के ज्येष्ठ पुत्र इंद्रनील भारती ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन जो भारत सरकार की आई आई एम और आई आई टी के समकक्ष संस्थान है की प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी एग्जामिनेशन) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया,जो कि मास कम्युनिकेशन का भारत का प्रतिष्ठित संस्थान में से एक है ,इसकी प्रवेश परीक्षा में जिसमे लाखो बच्चे प्रवेश हेतु परीक्षा देते है,आल इंडिया में तीन सौ अठारह रैंक प्राप्त कर लोहरदगा जिले का नाम रोशन किया। इसी वर्ष डिजिटल मीडिया के लिए सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई, सिंबॉसिस यूनिवर्सिटी पुणे और हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा भी अच्छे रैंक से उत्तीर्ण की है इंद्रनील भारती ने प्राथमिक शिक्षा माराडीह स्थित अविराम एकेडमी से प्राप्त कर लिवेंस एकेडमी और श्यामली रांची और दिल्ली यूनिवर्सिटी से होनहार मेधावी छात्र के रूप में अपनी पढ़ाई की और वे आगे ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु अपने पिता इंद्रजीत के पद चिन्हों पर चलते हुए कार्य करना चाहते है। इंद्रनील का कहना है कि उनका पूरा परिवार विशेष रूप से वे अपने पिता और अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार की दूरदर्शिता ग्रामीण विकास, शिक्षा, आजीविका आदि के कार्यों को देख कर बड़े हुए है और वे भी मास मीडिया के द्वारा इसी दिशा में कुछ नया करना चाहते हैं।

# भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने समस्त नागरिकों के प्रति व्यक्त किया आभार




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** एक तरफ विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी अपने अपने हार जीत के आकलन में लगे हुए हैं , वहीं लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 , क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव अपने कार्यकताओं और आम नागरिकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के लोकसभा चुनाव क्षेत्र में जबरदस्त उत्साहित भाषण और आम नागरिकों में विकास कार्यों के प्रति रूझान और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी भारी मतदान को देखते हुऐ, अपनी की जीत के प्रति काफी उत्साहित नजर आए और अपनी जीत सुनिश्चित बताई है और अपनी की जीत पक्की मानकर चल रहे हैं, इसी उत्साह में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने एक स्थानीय होटल सभेकर के सभागार एवं भाजपा चुनाव कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया कि 12 लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत गत 13 मई को हुए मतदान में 66.45 प्रतिशत मतदान हुए, जिसमें से कुल 14.41.302 मतदाताओं में 7,13,911 पुरुष और 7, 27, 387 महिला मतदाता तथा अन्य में कुल 4 मतदाताओं ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक था। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया कर्मी, समस्त व्यापारी गण जिन्होंने अपने दुकान बंद कर मताधिकार का अपना प्रयोग किया। भाजपा के समस्त कार्यकर्ता गण एवं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले समस्त लोगों के प्रति मैं 12 लोहरदगा संसदीय क्षेत्र लोकसभा सीट के भाजपा सांसद प्रत्याशी समीर उरांव तहे दिल से समस्त नागरिकों को बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू , प्रदेश मंत्री भुनेश्वर कुमार साहू , बिशुनपुर विधानसभा प्रभारी कूपन साहू, सिसई विधानसभा प्रभारी अनूप चंद्र अधिकारी, सिसई विधानसभा संयोजक लालमोहन साहू एवं काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### घाघरा के व्यक्ति ने सल्फास खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**घाघरा ।** घाघरा निवासी 40 वर्षीय ललित साहू ने मंगलवार की रात सल्फास का सेवन कर लिया। इसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर गए। वहीं उसकी पत्नी और बेटी भी अस्पताल पहुंचे। पत्नी गीतांजलि देवी ने बताया अक्सर पति मेरे साथ मारपीट करता है। आज भी मारपीट कर रहा था तभी मेरी बड़ी बेटी सुप्रिया बीच बचाव करने पहुंची उसे भी डंडे से सिर पर मारकर घायल कर दिया इसके बाद उसने खुद गिलास में सल्फास घोलकर उसका सेवन कर लिया। वहीं ललित ने अपनी पत्नी को दूसरे मर्द से संबंध होने का शक जाहिर किया। जबकि पत्नी ने कहा यह खुद दूसरी महिला के साथ संबंध में है और मुझ पर आरोप लगा रहा है। महिला की बेटियों ने अपने पिता की दूसरी महिला से संबंध होने का वीडियो रिकॉर्डिंग भी सुनाया। हालांकि मामले को लेकर अब तक थाना में किसी ने लिखित आवेदन नहीं दिया है।

# अभिभावक गोष्ठी एवं मेहंदी प्रशिक्षण आयोजित




**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में अभिभावक गोष्ठी एवं मेहंदी लगाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में अनुशासन एवं शैक्षिक विकास पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, अशोक कुमार सिंह एवं सुनीता कुमारी द्वारा शैक्षिक विकास पर विचार प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा कि अनुशासन एवं शैक्षिक विकास के द्वारा ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यालय की प्रगति भी इसी पर निहित है । हमें सदैव संस्कृति संस्कार के पक्ष को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए अभिभावकों को सजग रहने की आवश्यकता है व आचार्य से निरंतर संपर्क बनाए रखना आवश्यक है इस गोष्ठी में नवोदय,नेतरहाट एवं हजारीबाग बालिका विद्यालय तथा प्रांत के अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम पर विस्तृत चर्चा कर किया गया।

### मतदान कर्मी के घर से हुई लाखों के जेवरात व पैसों की चोरी

**गुमला ।** चुनाव कार्य में गए मतदान कर्मी राहुल कुमार जायसवाल के घर में सोमवार को चोरी हो गई। राहुल कुमार जायसवाल ग्राम तर्री पोस्ट फसिया थाना जिला गुमला का रहने वाला है। निर्वाचन कार्यालय से मोबाइल पर उपायुक्त कार्यालय से शनिवार को अपराह्न 3:00 बजे कॉल आया और एक घंटे में रिपोर्ट करने को कहा गया। रिपोर्ट करने की सूचना के बाद अपने पत्नी व बच्चों को अपने पैतृक गांव घाघरा भेज दिया और वह शनिवार को चुनाव कार्यों से पालिटेक्निक कालेज गया और उसे रात में वही रोक दिया गया। रविवार को चुनाव कार्य के लिए बिशुनपुर भेज दिया गया। सोमवार को चुनाव कार्य के बाद रात में जब घर लौटा तब देखा कि घर का ग्रील व दरवाजा टूटा हुआ है। लगभग डेढ़ लाख कैश और सामानों की चोरी हो गई। मंगलवार को राहुल ने गुमला थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### विदेशी प्रवासी पक्षी पेड़ पर फंसकर छटपटा रहा है, पर वन विभाग सूचना देने के बाद भी नहीं हुआ सक्रिय



**गुमला ।** गुमला जिले में प्रत्येक वर्ष की भांति इस , वर्ष भी गुमला जिला के विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी प्रवासी पक्षियों का आगमन हुआ है , पर इस संबंध में संबंधित वन विभाग, पक्षी प्रेमियों और एनजीओ द्वारा कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई हैं और ना ही उक्त विदेशी प्रवासी पक्षियों के देखरेख के लिए कोई समुचित व्यवस्था ही की जा रही है। गुमला सदर थाना (पांचमुखी हनुमान मंदिर गुमला) के समक्ष स्थित एक विशाल पेड़ पर अचानक एक डाली में एक विदेशी प्रवासी पक्षी गंभीर रूप से फंसकर छटपटाने लगी। यह देख स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना संबंधित वन विभाग गुमला को दी। परन्तु वन विभाग की अकर्मन्यता और शिथिलता के कारण पक्षी अपने जीवन और मौत से जूझ रही है। इसकी सूचना जिला मुख्यालय स्थित संबंधित वन विभाग ने उच्च पदाधिकारियों और कर्मचारियों को भी दी गई। परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ और ना ही कोई पदाधिकारी और ना ही कोई कर्मचारी ही घटना-स्थल पहुंचा। जिससे आम नागरिकों में काफी आक्रोश है ।

## किडनी की बीमारी से पीड़ित मरीज इलाज के लिए बाहर जाने को विवश

# सदर अस्पताल में डायलिसिस केंद्र की हालत पस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सांसद सुदर्शन भगत के सौजन्य से स्थानीय जिला सदर अस्पताल में किडनी मरीज के ईलाज हेतु डायलसिस केन्द्र की शुरूआत की गयी। ताकि गरीब व लाचार मरीज का, जो किडनी खराब होने के कारण प्रत्येक दूसरा दिन या सप्ताह में या प्रत्येक महीना पन्द्रह दिन में डायलसिस करवाना अनिवार्य होता है ताकि उनकी जीवन को कुछ सुनिश्चित समय के लिये बचाया जा सके। परन्तु सालभर छः महीना भी अभी डायलसिस केंद्र शुरू हुए नहीं हुआ है और सही तरीके से डायलसिस नही होने के कारण मरीज का जीवन खतरे में आ गई है। ताजा *उदाहरण मेनका सिनेमा के समीप रहनेवाले राजेश सोनी विगत दो वर्ष से किडनी रोग से ग्रस्त है तथा पिछले छः माह से डायलासिस से गुजर रहा है। चूँकि राजेश की माली हालत ठीक नही है इसलिए सगे सम्बन्धी तथा दोस्तों की मदद से वह ईलाजरत है तथा सदर अस्पताल में प्रत्येक सप्ताह डायलासिस भी करवा रहा है, परन्तु इस दौरान दो बार ऐसी स्थिति हुई कि उसका सीना में पानी भर गया तथा साँस लेने मे समस्या उत्तपन्न हो गयी तथा गम्भीरावस्था में रांची रिम्स रेफर कर दिया गया, वह तो ईश्वर का कृपा है कि समय पर ईलाज के कारण उसको नया जीवनदान मिल जाता है। बीती रात भी उसके साथ ऐसा ही हुआ है। पूरा सीना में पानी भर गया और जब सदर अस्पताल इष्ट मित्र व परिवार लेकर पहुंचे तो अस्पताल प्रबंधन हाथ खड़ा कर दिया तथा रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। लोहरदगा की जनता यह प्रश्न झारखण्ड सरकार व प्रशासन से करती है कि कबतक सदर अस्पताल रेफरल अस्पताल बनकर रहेगा। विगत रामनवमी में भी बहुत बड़ा हादसा हुआ और सदर अस्पताल का रोल बिल्कुल नगण्य रहा सिवाय मृतक का पोस्टमार्टम करने के। आज जरूरत है कि कम से कम एक सरकारी सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल लोहरदगा जिला में खुले ताकि दुर्घटनाओं से ग्रस्त तथा आम गम्भीर मरीजों का इलाज पूर्ण सुविधा के अनुसार हो सके।

# सभी की जिंदगी में श्रीमद्भागवत गीता जरूरी : संत कमल दास



**सिसई।** प्रखण्ड के नगर समाइध गांव में श्रीराम-जानकी-श्री राधाकृष्णा मंदिर के तृतीय वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को श्रीमद भागवत का आयोजन किया गया। श्रीश्री 1008 श्री संत शिरोमणि कमल दास जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत गीता जीवन का सार है। सभी के जिंदगी मे श्रीमद्भागवत गीता बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में काशी वाराणसी के संत समाज कोतवाल मोहन दास, रामापति दास, श्यामनारायण दास, श्रीराम नारायण दास, शंकर दास, सहदेव दास, विष्णु दास, कालिका तिवारी, आचार्य कौशल किशोर एवं उप आचार्य ज्ञानचंद मिश्रा शामिल थे। मौके पर मुख्य यजमान नारायण दास गोस्वामी, केसावती देवी, दिलीप बड़ाइक, आशा देवी, रतमुनी देवी, प्रमोद नाग, राजो देवी, अजय सिंह खेरवार, अंजनी देवी, संयोजक दामोदर सिंह, रामनारायण दास, रवि दास, मृत्युंजय गिरी, संदीप गिरी, दीपक दास, कपिल दास,संदीप दास, सुखदेव भारती, रुक्मिणी देवी, कुंवर नाग, रामचरण, परमेश्वर सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।


**कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सहमुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार**

Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

ज्ञापांक...................../ दिनांक......................../

**आवश्यक सूचना**

चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत दिनांक–20.05.2024 को आयोजित लोकसभा आमचुनाव 2024 का मतदान कार्य के क्रम में जिला अंतर्गत दिनांक–18.05.2024 से 21.05.2024 तक चिकित्सीय संबंधी सहयोग हेतु जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर निम्न रूप से नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जो निम्नवत् हैः–

| Sl No | Block | Name of Controll Room and Phone No /Mob No | Name of Staff For Block/CHC Control Room | Controling Officer with Mobile No |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Herhanj | PHC Herhanj Mob No- 8210977249 | PANKAJ KUMAR PANDEY - MTS 6207773589 | Dr Prakash Baraik (MOIC) Mo- 8986855572 |
| 2 | Bariyatu | PHC Barikhap (Bariyatu) Mob No- 8986855572 | YOGENDRA RAM - BDM ( 8789784326) | Dr Prakash Baraik (MOIC) Mo- 8986855572 |
| 3 | Balumath | CHC Balumath Mob No- 7277770170 | MRITUNJAY KUMAR - BPM (Mob No 9661853563) | Dr Prakash Baraik (MOIC) Mob No 8986855572 |
| 4 | Chandwa | CHC CHANDWA Mob No 7903087323 | KRISHNAKANT KUMAR Mob No 9304648787 RAVI SHANKAR MISHRA Mob No 8873111349 | DR NEELIMA KUMARI MOIC Mob No 7903087323 |
| 5 | Sadar Hospital Latehar | Sadar HospitlLatehar Mob No. 8002523419 | RAHUL KUMAR HOSPITAL MANAGER MOB NO. 8002523419 | Dr Akhileshwar Prasad DS Mob No7979816190 |
| 6 | Manika | CHC Manika Mob No 7004668346 Mob No. 8521457375 | MD SHAHNWAZ (MTS) MOB NO. 8521457375 AMIT KUMAR (MPW) ANIL RAVI (MPW) | DR. D.K. KUJUR Mob No 7004668346 |
| 7 | Barwadih | CHC BARWADIH Mob No. 7070452290 | RAJESH CHANDRA SINHA Mob No 9199643012 DANISH ANSARI DRESSER 7903492273 | DR JAYWANT LAKRA Mob No 7070452290 |
| 8 | Garu | Referral Hospital Garu Mob No. 8987493109 | Mr Sanjeev Dubey BAM Mob:-9973462072 Pramod Prasad DEO M0-8987493109 | Dr. Amit Kumar Ajad (MOIC) Mob No 7979969178 |
| 9 | Mahudanr | CHC Mahuadanr Mob No. 9523046541 Mob No.7870673289 Mob No.9973585377 | SUMAN KISHOR EKKA, Mob No 9523046541 VINAY KUMAR, Mob No 7870673289 YASHWANT RAM, MPW, Mob No 9973585377 | DR. AMIT XALXO, Mob No 7762813477 |

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, लातेहार

PR 324827 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

## एक नजर

### बिरसानगर में उत्पाद विभाग ने की छापेमारी, दो अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग लगातार छापेमारी कर अवैध शराब जब्त कर रही है। इसी अभियान के तहत बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर विभाग ने बिरसानगर थाना क्षेत्र के नूतनडीह और मनपीटा में अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय दुखु महतो द्वारा संचलैत दो अवैध महुआ चुलाई शराब की भट्ठीयों पर छापेमारी की गयी जिसमें मिट्टी में गाड़कर रखे ड्रमों में संचित जावा-महुआ कुल 14 हजार किलोग्राम तथा प्लास्टिक के बड़े थैलों में रखे तैयार अवैध चुलाई शराब कुल 100 लीटर को घटनास्थल से बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आगे की कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की जा रही है। इस अभियान में निरीक्षक उत्पाद प्रेम प्रकाश उराँव, रामदास भगत, अवर निरीक्षक ओम प्रकाश, प्रभारी अवर निरीक्षक रामदेव पासवान सहित प्रतिनियुक्त उत्पाद सिपाही शामिल रहे।

### बालाजी कृष्णा इंजिटेक कंपनी में लगी आग, सात कर्मचारी झुलसे

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया के फेज 6 स्थित बालाजी कृष्णा इंजीटेक में बुधवार की शाम अचानक आग लग गई। आग लगने से कंपनी में काम कर रहे करीब सात मजदूर बुरी तरह से झुलस गए हैं। सभी मजदूरों को टीएमएच ले जाया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है। आग बुझाने के लिए झारखंड अग्निशमन विभाग का एक दमकल मौके पर पहुंचा है और आग पर काबू का प्रयास कर रहा है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। आग कैसे लगी फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार कंपनी के हीट ट्रीटमेंट मशीन में तेल डालने के दौरान अचानक चिंगारी भड़की और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इसकी जद में कंपनी में काम कर रहे सात मजदूर आ गए। वहीं इस अगलगी से कंपनी को भी भारी नुकसान होने का अनुमान है। कंपनी के अकाउंटेंट ने बताया कि हीट ट्रीटमेंट मशीन में तेल डालने के दौरान यह हादसा हुआ है सभी मजदूर सुरक्षित हैं।

### चिरकुंडा चेकपोस्ट पर जांच के दौरान कार से 1.15 लाख बरामद

**मैथन।** झारखंड के पहले चरण का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। वहीं राज्य में दूसरे चरण का चुनाव 20 मई को है। इस चुनाव को भी निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर चेक पोस्ट पर लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्थर जांच दल (एसएसटी टीम) ने झारखंड-बंगाल सीमा के चिरकुंडा (बराकर) चेकपोस्ट पर मंगलवार की रात वाहन जांच के दौरान दो वाहनों से कुल 1.15 लाख बरामद किये। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एसएसटी टीम ने कैश जब्त कर लिया। चिरकुंडा पुलिस ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बोर्डर पर वाहनों की सघन जांच-पड़ताल की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार की रात पश्चिम बंगाल के आसनसोल निवासी शमशेर खान के कार से 60,000 और बिहार के सासाराम निवासी धीरज कुमार के कार से 55,900 जब्त किये। दोनों ने कार से बरामद कैश के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दिये और न ही कोई कागजात पेश किये।

### अनियंत्रित होकर डीजल टैंकर पलटा, डीजल चोरी करने में जुटे ग्रामीण

**आदित्यपुर।** गम्हरिया थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड गेट के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वैन डीजल टैंकर अहले सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। जिससे कुछ देर तक वहां अफरातफरी मच गई। बताया जाता है कि डीजल पिकअप वैन टैंकर गम्हरिया से कांड्रा की ओर जा रहा था, तभी अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ है। वाहन चालक ने अन्य लोगों को सूचित किया, जिसके बाद मौके पर पहुंचे लोग सड़क किनारे पलटे डीजल टैंकर को हटाने के प्रयास में जुट गए हैं।

# माइक्रो प्लान तैयार कर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे : उपायुक्त

## वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने वयस्क बीसीजी टीकाकरण से जुड़े निम्न बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत बीसीजी का टीका 18 वर्ष से अधिक आयु के 6 श्रेणियों के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। इसमें जिन व्यक्तियों को पूर्व में टीवी हुई हो, टीवी संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों ( परिवार वाले, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता), 60 वर्ष और उसे अधिक के बुजुर्ग, धूम्रपान करने





वाले व्यक्ति, मधुमेह के मरीजों को बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी (स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं शिक्षा विभाग) को निर्देश देते हुए कहा है कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण 31 मई तक किया जाना है जिसमें सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जून के प्रथम सप्ताह तक प्रखंड स्तर पर सभी प्रशिक्षण पूर्ण किया जाना है, तीसरी सप्ताह तक सर्वे एवम चौथी सप्ताह तक माइक्रोप्लान पूरा कर लेना है जिससे दिनांक 01.07.2024 से वयस्क बीसीजी टीकाकरण शुरू किया जा सके। अर्थात जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर में सफल पूर्वक टीकाकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलकर माइक्रोप्लान बनाने में सपोर्ट करेंगे। समाज कल्याण विभाग संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराएंगे एवम जिन क्षेत्र में सहिया नही है वहां सेविका सहयोग करेंगी। उपायुक्त द्वारा प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्रम का प्रचार - प्रसार अधिक से अधिक करने हेतु आदेश दिए गए, साथ ही कुपोषण उपचार केंद्र, सदर अस्पताल में आवश्यक सामग्री, ब्लड बैंक/ब्लड डोनेशन कैंप, आरआई एवम इलेक्शन से संबंधित समीक्षा की गई। प्रशिक्षण में सिविल सर्जन गिरीडीह, डीआरसीएचओ, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डाटा पर्सन, सभी बीटीटी, सीडीपीओ, एलएस, हल्ड एवम स्वयं सेवी संस्था के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## बागबेड़ा फायरिंग मामले में छह युवक भेजे गए जेल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बागबेड़ा में विजय उर्फ मोनू पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने बीते दिनों मुख्य साजिशकर्ता कन्हैया सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इधर, मोनू पर फायरिंग करने वाले मो. चांद और नीरज दुबे समेत उलीडीह में गुड्डू पांडे के घर पर भी फायरिंग करने वाले सिंटू सिंह, डेविड टोप्पो, सुनील रजक और ब्रजेश कुमार पांडेय भी पुलिस के हत्थे चढ़े है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक रिपीटर बंदूक, चार देसी पिस्टल एक देसी कट्टा, और कुल 102 राउंड गोली भी बरामद की है। बुधवार को सभी को जेल भेज दिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सभी आरोपी कोलकाता में छिपे हुए है इसके बाद डीएसपी भोला प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### बमपा प्रत्याशी शेख अखरुद्दीन ने जारी किया घोषणा पत्र



**घाटशिला।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन महा पार्टी (बमपा) के प्रत्याशी घाटशिला फूलपाल निवासी शेख अखरुद्दीन ने बुधवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में उन्होंने कहा है कि जमशेदपुर की केबल कंपनी धालभूमगढ़ का स्लीपर फैक्ट्री एवं मुसाबनी मांइस एवं घाटशिला में बंद पड़ी एचसीएल/आईसीसी कंपनी को खोलने का काम किया जाएगा ताकि यहां के बेरोजगारों को अस्थाई रोजगार उपलब्ध हो सके चुनाव परिणाम के 6 माह के बाद धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का काम शुरू करना प्राथमिकता होगी। साथ ही साथ बंद पड़े उर्दू बांग्ला विद्यालयों को खुलवाने की दिशा में पहल की जाएगी साथ ही साथ अन्य कई जन समस्याओं को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है उन्होंने कहा कि महा गठबंधन हो या बीजेपी पूरे झारखंड में एक भी मुस्लिम समुदाय के लोग को प्रत्याशी नहीं बनाया है। इसका जवाब मुस्लिम समाज वोट के माध्यम से देगी। इस मौके पर शेख अफरोज एवं शेख मेहमुद उपस्थित थे।

### विधायक रामदास सोरेन सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुए शामिल



**घाटशिला ।** घाटशिला प्रखंड अन्तर्गत बांकी पंचायत के चाकदोहा गांव में बुधवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक रामदास सोरेन अपने कार्यकर्ता तथा समर्थकों के साथ शामिल हुए। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ड्रामा का यह विधा भी संस्कृति का ही प्रतिविम्ब है। इसे हर हाल में बचाना होगा। गांव में अपनी संस्कृति एवं सभ्यता एक धरोहर के रूप में है इस तरह के आयोजन से युवा वर्ग अपनी संस्कृति से जुड़ सकते हैं। साथ हम सभी को वर्तमान परिस्थिति में लोकसभा चुनाव के रूप में एक चुनौती है उसे भी स्वीकार करना होगा तथा जल जंगल जमीन के संघर्ष से जुड़ा हुआ है। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा सह इण्डिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी समीर महंती को विजय बनाना है। इसके लिए सभी लोगों को अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी तो तुम घरों से निकलकर मतदान करना है। मौके पर मुख्य रूप कालीपदो गोराई, जगदीश भगत, प्रमुख सुशीला टुडू , काजल डॉन, भरत मुर्मू , सिमोन्ता पल, धीरेन पतर बायाराम हेंब्रम, प्रकाश टुडू आदि उपस्थित थे।

### पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय को हराया




**चाईबासा।** उद्योगपति पदम कुमार जैन द्वारा प्रायोजित एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित 13वीं ज्ञान चंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सुपर डिवीजन मुकाबले में पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चाईबासा ने मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय चाईबासा को एक नजदीकी मुकाबले में तीन विकेट से पराजित कर न सिर्फ पूरे चार अंक हासिल किए बल्कि फाईनल मैच में खेलने की अपनी दावेदारी भी मजबूत कर ली है। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमएल रुंगटा प्लस टू विद्यालय की पूरी टीम 18 ओवर में 124 रन बनाकर आल आउट हो गई। आयुष पन्ना ने पच्चीस गेंदों का सामना करते हुए तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 27 रन बनाए. अन्य बल्लेबाजों में रामेश्वर गोप ने 23 रन एवं नूर सिंह देवगम ने 17 रनों का योगदान दिया। पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की ओर से अभिजीत दत्ता ने 25 रन देकर चार विकेट तथा अनुज गिरी ने 11 रन देकर दो विकेट हासिल किए। जीत के लिए निर्धारित बीस ओवर में 125 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने 14.3 ओवर में 126 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया हलांकि इस प्रयास में उनके सात बल्लेबाज पैविलियन भी लौट गए। एक समय पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पाँच महत्वपूर्ण विकेट 76 रन के स्कोर पर ही गिर गए थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी के जनसंपर्क कार्यक्रम में उमड़ रही भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध यादव ने बुधवार को प्रखंड पीरटांड़, डुमरी एवं गिरिडीह तीनों प्रखंडों में जनसम्पर्क किया।सुबोध यादव ने डुमरी प्रखंड के मंझिलाडीह, भावानद पीरटांड़ प्रखंड के खरपोका, तुईयो, चिरुडीह, ताराटाड़, मंझलीडीह, सोबरनपुर, अजीबाद, बरियारपुर, पोखरना, खुखरा, बहादुरपुर गांवों का दौरा किया और लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान मतदाताओं से श्री यादव ने कहा कि चुनाव में बड़े बड़े सपने को साकार करने का सब्जबाग दिखाकर दिग्भ्रमित करने के लिए बहुत से बहुरूपिये चुनाव के मैदान में खड़े हो जाते हैं जिसे पहचानने की आवश्यकता है। कहा कि उनका एकमात्र प्राथमिकता क्षेत्र की चहुंमुखी विकास और बेरोजगार युवाओं का पलायन को रोकना होगा।

### जमुआ की पूर्व प्रमुख ने थामा भाजपा का दामन

## सोनी चौरसिया और विजय चौरसिया के आने से पार्टी होगी मजबूत : बाबूलाल

**सोनी चौरसिया ने कहा कि एक नारी के सम्मान के लिए मैं भाजपा में आई हूं**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जमुआ की पूर्व प्रमुख सोनी चौरसिया और उनके पति विजय चौरसिया ने भाजपा का दामन थाम लिया। बुधवार को मिजार्गंज स्थित सोनी चौरसिया के आवास में पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का सिंबल थमा कर सोनी चौरसिया को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई. मौके पर दयानंद कुमार, राकेश कुमार, अजित कुमार, सदानंद साव, विजय साव, बबलू रैन, विजय साव, अशोक सिंह के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही. मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सोनी चौरसिया और विजय चौरसिया के आने से पार्टी बहुत मजबूत होगी. दोनों ऊजार्वान हैं और दोनों की एक अलग सामाजिक पैठ है.खासकर युवाओं में ये दोनों एक आइकन के समान हैं। विदित हो कि झारखंड बनने के बाद सोनी चौरसिया जमुआ की प्रथम प्रमुख रही हैं. मौके पर पूर्व प्रमुख सोनी चौरसिया ने कहा कि एक नारी के सम्मान के लिए मैं भाजपा में आई हूं। मैं अब भाजपा के लिए हीं हूं और भाजपा के लिए, मोदी जी के लिए जितना संभव होगा कार्य करूंगी. आज आदरणीय नरेंद्र मोदी को पूरा विश्व विश्वास भरी नजर से देख रहा है।

## सूबे के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज करेंगे गांडेय में चुनावी जनसभा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गांडेय विधानसभा उपचुनाव और कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।

सभी उम्मीदवार अपनी पूरी ताकत झोंक रही है मतदाताओं को अपने पच्छा में करने में जुटे हुए हैं। गांडेय प्रखंड फूलची पंचायत के जोधपुर फुटबॉल मैदान में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन 16 मई को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी कल्पना सोरेन और लोकसभा के उम्मीदवार विनोद सिंह को जिताने के लिए करेंगे चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उसी को तैयारी को लेकर बुधवार को जोधपुर फुटबॉल मैदान में झामुमो नेता हीरालाल मुर्मू, प्रेमजित मुर्मू, बबलू मरांडी, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## युवक पर दिनदहाड़े चाकू से ताबड़तोड हमला

### हमला में युवक की मौत

**मामले की जांच में जुटी पुलिस**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया टैक्सी स्टैंड के समीप बुधवार की सुबह आधा दर्जन से अधिक लोगों ने एक युवक पर अचानक चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह के रहने वाले छोटी कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों व परिजनों के सहयोग से युवक को इलाज के लिए नवजीवन नर्सिंग होम लाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। चाकू हमला में युवक की मौत हो गई। वहीं मामले की सूचना मिलने के बाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार सिहोडीह का रहने वाला छोटी कुमार नामक युवक सुबह करीब 8.30 बजे गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया के समीप स्थित टैक्सी स्टैंड के पास खड़ा था।

### सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता हुए घायल

**चाईबासा।** जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवर महतो स्थानीय रजिस्ट्री कार्यालय के सामने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। यह घटना बुधवार की है। इसके बाद डॉक्टरों ने जांच करने के पश्चात रेफर कर दिया गया। अधिवक्ता को दो पांव में चोट लगी है जिससे पांव टूट गया है।

## तिसरी में हर घर नल-जल योजना का हाल बुरा

### जलमीनार के आस - पास की स्थिति, घरों तक भी नहीं पहुंच रहा पानी

**ताजा मामला गडकुरा पंचायत का**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना का हाल खस्ता है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पीने योग्य साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपयों की लागत से शुरू की गई यह योजना केवल हाथी का दाँत साबित हो रही है। यह हाल कई क्षेत्रों का है, गिरिडीह जिले का तिसरी प्रखंड इस योजना में किए जा रहे लापरवाही और गड़बड़झाले का साक्षी बना पड़ा है। प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों से आए दिन नल जल योजना से जुड़ी समस्याएं सामने आती रहती है लेकिन संबंधित विभाग का भी इस पर कोई खासा ध्यान नहीं जाता है। ताजा मामला प्रखंड के गड़कुरा पंचायत का है। जहां कई स्थानों पर जलमीनार बनाकर पेयजलापूर्ति बहाल कर दी गई है लेकिन इनमें से कुछ ही स्थानों पर लोगों को पानी मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के पालमो गांव में बीते एक माह पहले से ही पेयजलापूर्ति बहाल कर दी गई है लेकिन इसके दो-चार दिनों के बाद उन्हें पानी मिलना बंद हो गया। ग्रामीण चंद्रिका देवी ने बताया कि यहां एक माह पूर्व ही जल मीनार बनाया गया है। शुरूआत में दो-चार दिनों तक अच्छी तरह पानी की सप्लाई की गई थी लेकिन उसके बाद से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलता है। वहीं गीता देवी ने भी बताया कि शुरूआती दिनों में पानी मिला था इसके बाद से पीने लायक पानी भी नहीं मिल पाता है। बता दें कि देयार डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक द्वारा पलामो गांव में जलमीनार बनाकर 5000 लीटर क्षमता वाली टंकी लगाई गई है बावजूद इसके जलमीनार के आस - पास स्थित घरों तक भी पानी नहीं पहुंच रहा है।





**जलमीनार में डुप्लिकेट कम्पनी का लगाया मोटर : मुखिया**

वहीं इस मामले में पंचायत के मुखिया इब्राहिम मियां ने आरोप लगाते हुए कहा कि संवेदक द्वारा जल मीनार में डुप्लिकेट कंपनी का मोटर लगाया गया, जिससे टंकी में भी पानी नहीं भर पाता है। लिहाजा स्थानीय लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर उन्होंने विभाग के जेई से भी बात की लेकिन जेई ने ठेकेदार से बात करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। वहीं ठेकेदार से बात करने पर उनके पास मिस्त्री नहीं होने की बात कही। इतना ही नहीं स्थानीय मुखिया ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में कई स्थानों पर पुराने बोरिंग में ही कनेक्शन कर दिया गया है जिसमें पर्याप्त मात्रा में पानी भी उपलब्ध नहीं है। कहा कि पूरे पंचायत में यही हाल है। ऐसे में यही प्रतीत होता है कि ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कर निकल जाने का प्रयास किया जा रहा है।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी और संवेदक**

इस संबंध में पीएचईडी विभाग के जेई मणिकांत मंडल ने बताया कि नियम के अनुसार इस कार्य में पांच वर्षों तक अनुरक्षण करने की जिम्मेदारी संवेदक की है यदि कहीं कुछ गड़बड़ी होती है तो संवेदक द्वारा उसे बनाया जायेगा। वहीं इस संबंध में देयार डेवलोपर्स प्राइवेट लिमिटेड के संवेदक राहुल कुमार ने कहा कि मोटर समेत सभी उपकरण बिलकुल मानक कम्पनी का लगाया गया है। यदि टंकी में पानी चढ़ाने में कोई समस्या हो रही है तो उसे ठीक कर दिया जायेगा।

## सड़क निर्माण में अनियमितता का ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। बहरागोड़ा**



बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के राजला बांध पंचायत अंतर्गत ईचड़ाशोल गांव में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बन रही सड़क को लेकर ग्रामीणों ने संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया. वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान कहीं कहीं पुराने सड़क को तोड़े बिना ही उसके ऊपर नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है. साथ ही सड़क में रोलिंग के वक्त उचित जल छिड़काव नहीं किया जा रहा है.उधर सड़क निर्माण को लेकर कंपनी के साइड इंजीनियर सुब्रत दास ने बताया की सड़क निर्माण के नियमों का पालन करके ही सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है. वहीं छोटे मोटे त्रुटियों को जल्द से जल्द सुधार कर गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण किया जायेगा. इस मौके पर ग्रामीण कमल आचार्य, पप्पू बेरा, असीम माईती, समीर नंदी, नयन माईती, सोनू सिंह आदि उपस्थित थे।

जैसे बिना आग के मोमबत्ती नहीं जल सकती है, ठीक उसी तरह बिना आध्यात्मिक ज्ञान के इंसान नहीं रह सकता है : गौतम बुद्ध



# आर्थिक रिकॉर्ड बनाना भारत और दिवालिया होते अमेरिकन बैंक

*तीसरी* बड़ी आर्थिक शक्ति की अग्रसर भारत के विपरीत सिलिकन वैली बैंक ने कई तकनीकी स्टार्ट अप एवं उद्यमी पूंजी फर्म को ऋण प्रदान किया था। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 20,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्तियां थी और यह अमेरिका के बड़े आकार के बैंकों में गिना जाता था और हाल ही के समय में डूबने वाले बैंकों में दूसरा सबसे बड़ा बैंक माना जा रहा है। इसी प्रकार, सिगनेचर बैंक ने न्यूयॉर्क कानूनी फर्म एवं अचल सम्पत्ति कम्पनियों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर रखी थीं। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 11,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति थी और अमेरिका में हाल ही के समय में डूबने वाले बड़े बैंकों में चौथे स्थान पर आता है। 31 जनवरी 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल सम्पत्तियां 600 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं जमाराशि 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर थीं। न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में बैंक की 32 शाखाएं थीं जिन्हें अब फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में जाना जाएगा क्योंकि फुल्टन बैंक ने इस बैंक की सम्पत्तियों एवं जमाराशि को खरीद लिया है। पीयू रिसर्च संस्थान के अनुसार, चार शताब्दी पूर्व, वर्ष 1980 एवं वर्ष 1995 के बीच अमेरिका में 2,900 बैंक असफल हुए थे। इन बैंकों के पास संयुक्त रूप से 2.2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्ति थी। इसी प्रकार, वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के बीच अमेरिका में 500 बैंक, जिनकी कुल सम्पत्ति 95,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, असफल हो गए थे। ऐसा कहा जाता है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर अमेरिका में सामान्यतः बैंक असफल नहीं होते हैं। परंतु, इस सम्बंध में अमेरिकी रिकार्ड कुछ और ही कहानी कह रहा है। वर्ष 1941 से वर्ष 1979 के बीच, अमेरिका में औसतन 5.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 1996 से वर्ष 2006 के बीच औसतन 4.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं एवं वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के बीच औसतन 3.6 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 2022 में अमेरिकी बैंकों को 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ था। इसके पूर्व, वर्ष 1921 से वर्ष 1929 के बीच अमेरिका में औसतन 635 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। यह अधिकतर छोटे आकार के बैंक एवं ग्रामीण बैंक थे और यह एक ही शाखा वाले बैंक थे। अमेरिका में आई भारी मंदी के दौरान वर्ष 1930 से वर्ष 1933 के बीच 9,000 से अधिक बैंक असफल हुए थे। इनमें कई बड़े आकार के शहरों में कार्यरत बैंक भी शामिल थे और उस समय इन बैंकों में जमाकर्ताओं की भारी भरकम राशि डूब गई थी। वर्ष 1934 से वर्ष 1940 के बीच अमेरिका में औसतन 50.7 बैंक प्रतिवर्ष बंद किए गए थे। अमेरिका में इतनी भारी मात्रा में बैंकों के असफल होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल है कि वहां छोटे छोटे बैंकों की संख्या बहुत अधिक होना है। बैकों के ग्राहक बहुत पढ़े लिखे और समझदार हैं। बैंक में आई छोटी से छोटी परेशानी में भी वे बैंक से तुरंत अपनी जमाराशि को निकालने पहुंच जाते हैं, जबकि बैंक द्वारा इस राशि से खड़ी की गई सम्पत्ति को रोकड़ में परिवर्तित करने में कुछ समय लगता है। इस बीच बैंक यदि जमाकर्ता को जमाराशि का भुगतान करने में असफल रहता है तो उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाता है और इस प्रकार बैंक असफल हो जाता है। कई बार बैंकों द्वारा किए गए निवेश (सम्पत्ति) की बाजार में कीमत भी कम हो जाती है, इससे भी बैंकें अपने जमाकर्ताओं को जमाराशि का भुगतान करने में असफल हो जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार बढ़ौतरी की गई है, जिससे इन बैकों द्वारा अमेरिकी बांड में किये गए निवेश की बाजार में कीमत अत्यधिक कम हो गई है। अब इन बैंकों को बांड में निवेश की बाजार कीमत कम होने के स्तर तक प्रावधान करने को कहा गया है और यह राशि इन बैकों के पास उपलब्ध ही नहीं है, जिसके चलते भी यह बैंक असफल हो रहे हैं। एक सर्वे में यह बताया गया है कि आने वाले समय में अमेरिका में 190 अन्य बैंकों के असफल होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि ब्याज दरों के बढ़ने से ऋण की मांग बहुत कम हो गई है। विभिन्न कम्पनियों ने अपने विस्तार की योजनाओं को रोक दिया है, इससे निर्माण की गतिविधियों में कमी आई है।

इन दिनों

# एनडीए या 'इंडिया' की बनने वाली सरकार से उभरते राजनीतिक परिदृश्य



विजय केसरी

*2024* का लोकसभा चुनाव अब अपने अंतिम चरण की ओर बहुत ही तेजी के साथ आगे बढ़ता चला जा रहा है। एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों इस लोकसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। एनडीए और इंडिया गठबंधन के तमाम नेता गण चुनाव प्रचार में जी-जान से जुटे हुए है। 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 2024 के चुनाव में ज्यादा रोड शो और चुनावी सभाएं हो रही हैं। दोनों ओर से जीत के दावे किए जा रहे हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेता गण देश की जनता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए एक से एक लोक लुभावना घोषणाएं करते जा रहे है। चुनाव जीतने के बाद जनता से किए गए वादे कितने पूरे हो पाएंगे? यह तो समय ही बताएगा। देश की जनता इन लोक लुभावना घोषनाओं से कितना प्रभावित हो पाती हैं? यह परिणाम आने के बाद ही पता चल पाएगा। यह तय है कि चुनाव परिणाम आने के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन में किसी एक गठबंधन की ही सरकार बनेगी। अगर एनडीए की सरकार बनती है, तब की राजनीतिक परिदृश्य क्या उभर कर सामने आएंगे? इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है, तब की राजनीतिक परिदृश्य क्या उभर कर सामने आएंगे? अर्थात 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए और 'इंडिया' गठबंधन की बनने वाली सरकार से उभरते राजनीतिक परिदृश्य पर विचार करना समय का तकाजा। एनडीए गठबंधन में दस से अधिक छोटी बड़ी बड़ी पार्टियां शामिल हैं। वहीं इंडिया गठबंधन में लगभग अठ्ठाईस से अधिक छोटी बड़ी पार्टियां शामिल है। एनडीए ने इस लोकसभा चुनाव में चार सौ पार सीटें जीतने का दावा किया है। एनडीए का यह दावा कितना सच अथवा झूठ साबित हो पता है? अब ज्यादा दिन शेष नहीं बचे हैं। ईवीएम मशीनों में ये दावे बंद होते चले जा रहे हैं। एनडीए मोदी की गारंटी पर यह चुनाव लड़ रही है। भाजपा अपने चुनाव प्रचार में हर ओर मोदी की गारंटी के दावे कर रही हैं। अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत आती है, तब नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री होंगे। कैबिनेट मंत्रिमंडल में कुछ नए लोग जरूर शामिल होंगे। किन्तु प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री के पद पूर्व के ही नेता गण शपथ ग्रहण करेंगे। एनडीए की सरकार अपने पुराने राष्ट्रवादी एजेंडे को ही लेकर आगे बढ़ेगी। ऐसी संभावना है। इसमें किसी भी तरह को कोई भिन्नता दिखाई नहीं पड़ती है। वहीं दूसरी ओर अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलती है, तब इस जीत के बाद क्या राजनीतिक परिदृश्य उभर कर सामने आएंगे? सर्वविदित है कि इंडिया गठबंधन का गठन एनडीए को 2024 के लोकसभा चुनाव में हराने के लिए हुआ। इंडिया गठबंधन में शामिल सभी नेता गण एनडीए को पुनः देश की सत्ता नहीं सौंपने के लिए कृत संकल्पित हैं। इस संकल्प के साथ इंडिया गठबंधन के नेता गण पूरी शक्ति के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे चुनावी मंचों से साफ कह रहे हैं कि इस बार देश में मोदी की सरकार नहीं बनेगी। इस बार इंडिया गठबंधन की ही सरकार बनेगी। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी भी अपने हर चुनावी मंचों से यह बात दोहरा रहे हैं कि इस बार मोदी की सरकार नहीं बनेगी बल्कि इंडिया गठबंधन की ही सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन में शामिल सभी छोटे बड़े दल यही दावे कर रहे हैं। 2024 के लोकसभा सभा चुनाव में एनडीए की हार हो जाती है, और इंडिया गठबंधन की जीत हो जाती है। तब इंडिया गठबंधन में यह राजनीति शुरू हो जाएगी कि देश के अगले प्रधानमंत्री कौन होंगे? इंडिया गठबंधन के लिए यह समय राजनीतिक तौर पर काफी क्रिटिकल होगा। इंडिया गठबंधन के अब तक हुई बैठकों से यह तय नहीं हो पाया कि अगर इंडिया गठबंधन को देश की जनता बहुमत देती है, तब देश के अगले प्रधानमंत्री किस पार्टी के नेता होंगे? इस मुद्दे पर अभी तक निर्णय नहीं हो पाया है। इंडिया गठबंधन में शामिल नेताओं का मत था कि सर्वप्रथम हम सब मिलजुलकर एनडीए को सत्ता से बेदखल करना है। इस निमित्त एक होकर मिलजुलकर चुनाव लड़ना है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस पार्टी एक बड़ी पार्टी के रूप में शामिल है। कांग्रेस पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटों पर कांग्रेस पार्टी ही चुनाव लड़ रही है। स्वाभाविक है कि सबसे अधिक सीटें कांग्रेस पार्टी को ही आएगी। इंडिया गठबंधन में टीएमसी, सीपीआईएम, डीएमके, आम आदमी पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, नेशनल कांफ्रेंस, पीपीडी, आरएलडी, सीपीआई (एमएल), इंडियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस ( एम ), मनीथानेया मक्कल कांची (ए.एम.के.) वी.सी.के, आर.एस.पी, केरल कांग्रेस, के.एम.डी.के, एआईएफबी, अपना दल कमेरावादी, पीजेंट्स और वर्कर पार्टी ऑल इंडिया सहित कई अन्य दल भी शामिल हैं। भाजपा को हराने के लिए इंडिया गठबंधन के बैनर तले सभी पार्टियां एक मंच पर जरूर आ गई हैं, लेकिन वैचारिक स्तर पर काफी असमानताएं हैं। यह वैचारिक असमानता ही इंडिया गठबंधन को बांधे रखने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों के नेताओं की महत्वाकांक्षाएं भी क्रिटिकल राजनीतिक स्थिति पैदा करती रहेगी। इंडिया गठबंधन में टीएमसी शामिल जरूर है, लेकिन पश्चिम बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस पार्टी एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वही पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश जहां लोकसभा की सबसे अधिक सीटें हैं। वहां इंडिया गठबंधन की एकता जरूर दिख रही है। इंडिया गठबंधन के नेताओं को उम्मीद है कि इस बार के चुनाव में एनडीए को करारी शिकस्त देंगे। एनडीए को सत्ता में दूर करने के लिए ये नेता गण एक मंच पर जरूर आ गए हैं, लेकिन सबों को गठबंधन धर्म को निभाना भारी पड़ेगा। नेताओं के वैचारिक भिन्नता महत्वाकांक्षा और राजनीतिक स्वार्थ के कारण ही अपने-अपने मजबूत जनाधार वाले प्रांतों में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। अगर इंडिया गठबंधन को 2024 के लोकसभा चुनाव में बहुमत मिलती है, तब गठबंधन के कौन नेता अगले प्रधानमंत्री कौन होंगे? एक राय बनाना आसान नहीं होगा। किसी एक नेता को प्रधानमंत्री रूप में चयन कर लेते हैं, तब मंत्रिमंडल गठन का करना भी आसान नहीं होगा। सभी पार्टियां अपने-अपने सीट के हिसाब से मंत्रिमंडल में जगह चाहेंगी। इंडिया गठबंधन के समक्ष ऐसी कई क्रिटिकल राजनीतिक स्थितियां उत्पन्न होती रहेगी। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बन भी गई, तब क्या अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर के मुद्दे पर नई सरकार का दृष्टिकोण क्या होगा? गठबंधन में शामिल कई पार्टियां चाहती हैं कि अयोध्या में जिस जगह पर राम मंदिर का शिलान्यास हुआ है, वहां पूर्ववत स्थिति बहाल किया जाए। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन में शामिल इंडियन मुस्लिम लीग, नेशनल कांफ्रेंस सहित कई पार्टियों के नेता चाहते हैं कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 और 35 ए बहाल रहे। क्या नई सरकार इन दोनों मुद्दों के लिए पार्लियामेंट में बील लाकर से निरस्त कर देगी? अगर इंडिया गठबंधन की यह नई सरकार इन दोनों मुद्दे पर पार्लियामेंट में बिल आती है, तब देश में एक कैसी राजनीतिक स्थिति उत्पन्न होगी ? विचार किया जा सकता है। इंडिया गठबंधन में शामिल नेताओं ने जिस तरह के लोक लुभावना घोषणाएं जनता से की हैं, क्या भारत में रहने वाली हर नारी और बेरोजगार युवकों को घोषणाओं के अनुरूप हर माह उतनी राशि दे पाएंगे?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### बढ़ती हुई आबादी पर रोक आवश्यक

बढ़ती हुई आबादी ने कई समस्याएं खड़ी कर दी हैं। हर जगह भीड़- भीड़ दिखाई देती है। कहीं भी चले जाइये, । बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, टैक्सी स्टैंड, स्कूल-कॉलेज सभी जगह बढ़ती हुई आबादी का असर दिखाई देगा। हर जगह लोग एक दूसरे को बढ़ती हुई भीड़ का जिम्मेवार ठहराते हैं या फिर किसी एक समुदाय पर निशाना साधा जाता है। सीमित जमीन हमारा बोझ नहीं उठा पायेगी। यह जानते हुए भी आबादी पर रोक के लिए सरकार द्वारा किसी तरह की ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। घुसपैठ ने इस समस्या को कोढ़ में खाज बना दिया है। कई राजनीतिक पार्टियां इसका लाभ लेने में भी नहीं चुकती हैं। वैसे आबादी को रोकने का प्रयास इंदिरा गांधी के शासनकाल में भी हुआ था। नसबंदी जैसे प्रयोग भी इसी काल में हुए थे। लेकिन वह कितना सफल हुआ यह सभी को पता है। उसे इतना तुल दिया गया कि अब लोग उसका समय को याद करके भी कांप उठते हैं। विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश भारत इससे कैसे निपटेगा यह तो वक्त ही बतायेगा। वहीं कई देश अपनी कम आबादी के कारण परेशान हैं। उनके लिए बढ़ती आबादी कोई समस्या नहीं है। चीन अपनी बढ़ती हुई आबादी को लेकर कई कड़े कानून लागू कर दिये हैं। साथ ही उनके पास लोगों की भूख मिटाने के लिए कई विकल्प मौजूद हैं, जो भारत के पास नहीं हैं। हम दाल.चावल,गेंहू जैसे भोजन पर टिके हुए हैं। इसके लिए हमें भोजन के विकल्प ढूंढने होंगे। वह भोजन पूरी तरह शाकाहारी ही होंगे। दशकों पर पहले दो या तीन बच्चे होते हैं, घर में अच्छे से लेकर हम दो हमारे दो नारे ने बढ़ती आबादी की चिंता बता दी थी। लेकिन इस पर कितना अमल हुआ है यह सामने है। किसी खास वर्ग को यह नारे पंसद नहीं थे। इसका परिणाम अखबारों में सामने आ गया है। जिसके कारण एक वर्ग खासा नाराज भी है। अभी लोकसभा चुनाव के बाद ही नयी सरकार को इसके बारे में गंभीरता से सोचना होगा। अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो हालात और भी खराब होते चले जायेंगे। बढ़ती आबादी को एक तरफ से कार्रवाई करके रोकना संभव नहीं है। इस पर सब को सोचना होगा। देश के टुकड़े होने के बाद भी इस समस्या से निजात नहीं पाया जा सका है। ऐसे हालात में सरकार और समाज दोनों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। अगर इस समस्या के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा गया तो भविष्य में बढ़ती हुई आबादी के कई दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। साथ ही हमारी प्राकृतिक संसाधनों में कमी भी आ सकती है। कई बार हमारे प्रयासों को यह बढ़ती आबादी विफल कर देती है। हमारे देश में अनाजों का उत्पादन पहले की अपेक्षा काफी ज्यादा है। लेकिन बढ़ती हुई आबादी ने इस सब पर पानी फेर दिया है। हम कृषि के क्षेत्र में लाख मेहनत कर लें तब भी बढ़ती हुई आबादी का हम पेट नहीं भर पायेंगे। हमें इस बढ़ती हुई आबादी पर अंकुश लगाना ही होगा। तभी जाकर हम 2047 में अपने को आत्मनिर्भर बना पायेंगे।

**– तन्मय किशोर, मेदिनीनगर।**

देश-विदेश

# पीओजेके का विलय '370' जितना ही जरूरी



प्रदीप मिश्र

*अट्ठारहवीं* लोकसभा के लिए चुनाव के बीच पाकिस्तान के जबरन कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में चल रहे जन आंदोलन से हालात नाजुक हो गए हैं। इसकी तात्कालिक वजह भले ही महंगाई है लेकिन इसमें दशकों से सरकार और सुरक्षाबलों का अत्याचार बर्दाश्त कर रहे अवाम की आवाज भी साफ सुनी जा सकती है। पाकिस्तान के कठपुतली नेतृत्व और नीतियों पर लोगों का भरोसा खत्म हो गया है। शुक्रवार से शुरू विरोध प्रदर्शन का मंगलवार को चौथा दिन था। इस दौरान मुजफ्फराबाद में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। गोलीबारी की गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। प्रतिक्रिया के तौर पर इस मामले में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सख्त इरादों का इजहार कर दिया। कह दिया कि पीओजेके भारत का था, है और रहेगा। विलय की औपचारिक घोषणा होना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ये बात कई बार कह चुके हैं। इसके अलावा सैन्य नेतृत्व समय-समय पर भारत की कमजोरी के इस कलंक को कालकवलित करने के लिए कभी भी कार्रवाई का संकेत देता रहता है। प्रदर्शनकारी सड़कों पर हैं। माहौल को सामान्य बनाने और समस्याओं के समाधान के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 23 अरब रुपये जारी किए हैं। फिर भी बात नहीं बन रही। बदतर बर्ताव और बदनीयती से आजिज लोगों के तल्ख तेवर कभी भी तूफान बन सकते हैं। जनाक्रोश को विदेश में भी समर्थन है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी की ओर से ब्रिटेन में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ बगावत सतह पर है। जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी पाकिस्तान से आजादी मांग रही है। नियंत्रण रेखा के उस पार से कमेटी इसके लिए भारत सरकार से मदद चाहती है। दरअसल, महंगाई, बेरोजगारी, उपेक्षा, दमन से त्रस्त अवाम को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में आए सकारात्मक बदलाव और विकास की बयार को देख-सुनकर उम्मीदें बेइंतिहां बढ़ गई हैं। उन्हें लग रहा है कि उनकी सोच और सारे सपने सच हो सकते हैं। अवाम की इस आवाज को भारत न तो अनसुना कर रहा है, न ही दर्द भरे आक्रोश व सड़कों पर रोष अनदेखी कर रहा है।

> **जनाक्रोश को विदेश में भी समर्थन है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी की ओर से ब्रिटेन में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ बगावत सतह पर है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

rajshreejayanty




1 like

Add a comment...

## X - से

Dr. Sudhanshu Trivedi S... Follow
@Sudanshutrivedi

राहुल बाबा ने रायबरेली से अपने परिवार का रिश्ता बताते हुए परदादा नेहरु, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया जी का नाम लिया...

लेकिन अपने दादा फिरोज़ का जिक्र नहीं किया जबकि वो रायबरेली के पहले सांसद थे...

1952 और 1957 में दो बार यहां से चुनाव जीते थे...


सवाल ये है कि फिरोज़ गांधी के नाम से इस परिवार को शर्म क्यों आती है?

Translate post



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# मोदी और राहुल की राशि एक, पर एक अत्यंत सफल दूसरे नहीं क्यों




*लोकसभा* चुनाव 2024 को लेकर सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वोटिंग खत्म होते ही हर किसी को परिणाम का इंतजार रहेगा, जो कि 04 जून 2024 को आने वाले हैं। पिछले साल 30 मई 2019 को शपथ ग्रहण कर नरेन्द्र मोदी लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने और अब उनके समर्थक यह कयास लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव 2024 में फिर मोदी सरकार अपना परचम लहराएगी। हालांकि, राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी जीत के कयास लगा रही हैं। ऐसे में, ज्योतिष में रुचि रखने वाले लोग ज्योतिषीय नजर से यह देखने के लिए जरूर उत्साहित होंगे कि आखिर नरेंद्र मोदी की कुंडली में ऐसा क्या खास है कि वह पिछले दो लोकसभा चुनाव में लगातार बाजी मार रहे हैं और राहुल गांधी तमाम कोशिशों के बाद भी टक्कर देने में भी असमर्थ हो रहे हैं। बता दें कि नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी की चंद्र राशि एक ही है, इसके बावजूद राहुल गांधी जीत से बहुत पीछे हैं।

**नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी की है एक ही राशि :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म रविवार के दिन 17 सितंबर वर्ष 1950 की सुबह 11 बजे हुआ था। वही राहुल गांधी का जन्म दिल्ली में गुरुवार के दिन 18 जून 1970 में हुआ था। इस हिसाब से राजनीतिक सीन में आमने-सामने खड़ीं दो हस्तियों की चंद्र राशि एक ही है यानी वृश्चिक राशि की है। एस्ट्रोसेज के ज्योतिष के अनुसार, प्रधानमंत्री जैसे पद पर पहुंचने की सबसे ज्यादा संभावना वृश्चिक, सिंह और मेष राशि के लोगों की होती है। इसके बावजूद राजनीति में कहीं किसी और की कुंडली का सपोर्ट तो कहीं ग्रहों का योग हावी हो जाता है। बृहत कुंडली में छिपा है, आपके जीवन का सारा राज, जानें ग्रहों की चाल का पूरा लेखा-जोखा।

**– संपादकीय टीम**

## बोधि वृक्ष

### मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर



*मदुरै* की मीनाक्षी नारी शक्ति के विशाल ब्रह्मांड का हिस्सा हैं और अधिकांश देवियों की कल्पना सुंदरता के आदर्श के रूप में की जाती है। आंखें हिंदू पौराणिक कथाओं में सुंदरता की एक अवधारणा हैं और मीनाक्षी शक्तिशाली देवी की त्रिमूर्ति का निर्माण करती हैं जिनकी मंत्रमुग्ध कर देने वाली आंखों के लिए प्रशंसा और पूजा की जाती है - मीनाक्षी, मदुरै की मछली जैसी आंखों वाली देवी; विशालाक्षी, वाराणसी की बड़ी आँखों वाली देवी और कामाक्षी, कांचीपुरम की प्रेम-आँखों वाली देवी। जो बात मीनाक्षी को अद्वितीय बनाती है वह यह है कि वह सिर्फ एक सौम्य देवी नहीं हैं, वह दुर्गा और काली की तरह एक योद्धा देवी भी हैं।

**एक धन्य तीर्थ :** रामेश्वरम -मदुरै-कन्या कुमारी का तीर्थयात्रा सर्किट बहुत प्राचीन है। मदुरै, महान देवी महादेवी के विभिन्न पहलुओं को समर्पित कई मंदिरों में से एक है। मदुरै एक बहुत ही पवित्र स्थान के केंद्र में है। यह एक देवी का स्थान है और निकटवर्ती कन्या कुमारी भी देवी का मंदिर है। एक छोटी सी यात्रा पर रामेश्वरम की तीर्थयात्रा है जिसका परिदृश्य रामायण और भगवान राम के लंका पर आक्रमण की कहानी से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह विष्णु के चार धाम भी हैं और रामनाथस्वामी मंदिर में एक ज्योतिर्लिंगम है। मदुरै और रामेश्वरम में दैविक होटल आपको एक पूर्ण आध्यात्मिक अनुभव का स्वागत करते हैं जहां आप अपनी तीर्थयात्रा के दौरान भगवान शिव, भगवान विष्णु और उनके अवतार राम और देवी की पूजा कर सकते हैं। **(समाप्त)**

## टेक वर्ल्ड

### अब व्हाट्सपएप से बिना इंटरनेट के भेजें फोटो और वीडियों

*इस* क्षमता के आने के बाद से, आप इंटरनेट के बिना भी आसानी से फाइलें स्थानांतरित कर सकते हैं।

**फाइलें अपना नंबर साझा किए बिना ट्रांसफर हो जाएंगी:** व्हाट्सएप की पीपल नियरबी कार्यक्षमता एक स्थानीय नेटवर्क के रूप में कार्य करेगी। यह कार्यक्षमता दो प्रमुख लाभ प्रदान करेगी। सबसे पहले, आप किसी का फोन नंबर बताए बिना तुरंत फाइलें साझा कर सकते हैं। दूसरा लाभ यह है कि आप इंटरनेट से कनेक्ट न होने पर भी आसानी से फाइलें ईमेल कर सकते हैं। बीटा में पीपल नियरबी कार्यक्षमता की खोज की गई है। इस सुविधा का अभी भी परीक्षण किया जा रहा है, लेकिन यह शीघ्र ही सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगा। इस सुविधा पर एकमात्र प्रतिबंध यह है कि यह केवल एक निश्चित दूरी तक ही काम करेगा। इसके लिए प्रेषक और प्राप्तकर्ता दोनों का एक ही स्थान पर होना आवश्यक है। यह फीचर इस प्रकार काम करेगा कि जब भी उपयोगकर्ता को इंटरनेट कनेक्शन मिल जाएगा, तो व्हाट्सएप्प फोटो और वीडियो को आपके मित्रों और परिवार के सदस्यों के साथ स्वचालित रूप से भेज देगा। इससे उपयोगकर्ता को फिर से फोटो और वीडियो भेजने के लिए अपने स्मार्टफोन का इंटरनेट कनेक्शन संचालित करने की जरूरत नहीं होगी। यह फीचर उन लोगों के लिए खास है जो गांवों या अनग्रहित क्षेत्रों में रहते हैं, जहां इंटरनेट कनेक्शन की कमी होती है। ऐसे स्थानों में लोग अक्सर इंटरनेट कनेक्शन के बिना मीडिया फाइलें नहीं भेज पाते हैं, लेकिन अब व्हाट्सएप्प की इस नई सुविधा के माध्यम से वे अपने दोस्तों और परिवार के साथ अपने अनुभवों को साझा कर सकते हैं, बिना किसी संचार की बाधा के। इस नए सुविधा के साथ, व्हाट्सएप्प ने अपने उपयोगकर्ताओं को एक नई और सुगम संवादना अनुभव प्रदान किया है। यह सुविधा उन लोगों के लिए भी बड़ा लाभदायक साबित हो सकती है, जो समय-समय पर इंटरनेट कनेक्शन की कमी के कारण संचार में देरी का सामना करते हैं। **(क्रमांक)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# झुंझुनू कॉपर माइन में फंसे सभी 14 लोगों को निकाला गया, एक अधिकारी की मौत

**एजेंसी। झुंझुनू**

राजस्थान में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान (खेतड़ी) खदान में फंसे 15 अफसरों व कर्मचारियों में से 14 लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। दुर्घटना में चीफ विजिलेंस ऑफिसर उपेंद्र पांडे की मौत हो गई है। हादसे में घायल 8 अफसरों को जयपुर के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी की स्थिति सामान्य है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह से चार राउंड में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। पहले दौर में तीन घायलों को जयपुर लाया गया था। इसके बाद



दूसरे दौर में पांच घायलों को जयपुर के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर पुनीत यादव ने बताया कि किसी के भी हेड इंजरी नहीं है लेकिन उनके पैर में फ्रैक्चर बताया गया है। आठों घायलों का हॉस्पिटल की ओर से मेडिकल बुलेटिन जारी किया जाएगा, जिसके बाद घायलों की स्थिति साफ होगी। राजस्थान में नीमकाथाना जिले के खेतड़ी स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की इस खदान में 14 मई की शाम को केसीसी चीफ समेत विजिलेंस की टीम माइंस में नीचे उतरी थी। मंगलवार रात 8 बजे 1875 फीट की गहराई में लिफ्ट की चेन टूट गई थी। लिफ्ट में कोलकाता से आई विजिलेंस की टीम और खेतड़ी कॉपर काम्पलेक्स ((केसीसी) के 15 अधिकारी-कर्मचारी फंस गए थे।

# प्रतिबंधित नाजी नारे लगाने वाले जर्मन राजनेता पर 13,000 यूरो का जुमार्ना

**एजेंसी। जर्मनी**

**हाले।** जर्मनी की चरम दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) पार्टी के एक प्रमुख सदस्य ब्योर्न हॉक पर प्रतिबंधित नाजी नारे का इस्तेमाल करने के लिए जुमार्ना लगाया गया है। एक क्षेत्रीय अदालत ने यह फैसला सुनाया है। पूर्वी जर्मन शहर हाले की क्षेत्रीय अदालत ने मंगलवार शाम को हॉक को असंवैधानिक और आतंकवादी संगठनों के प्रतीकों का उपयोग करने के लिए जुमार्ने की सजा सुनाई। अदालत ने 13,000 यूरो (लगभग 14,000 डॉलर) का जुमार्ना लगाया। सरकारी अभियोजक के कार्यालय ने थुरिंगियन प्रांत के एएफडी नेता पर



जानबूझकर एक नाजी अर्धसैनिक समूह स्टमार्बेटीलुंग (एसए) या स्टॉर्म ट्रूपर्स, जिसे आमतौर पर ब्राउनशर्ट्स कहा जाता है, के प्रतिबंधित नारे का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। यह मामला मई 2021 में मेर्सेबर्ग में हॉक द्वारा दिए गए एक भाषण के बाद भड़का, जिसके दौरान उन्होंने एलेस फर डॉयचलैंड! (जर्मनी के लिए कुछ भी) नारे का इस्तेमाल किया था, जो जर्मनी में प्रतिबंधित है।

# एससी ने वाराणसी लोस सीट के लिए नामांकन की तारीख बढ़ाने की याचिका खारिज की

## दायर याचिका को पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन करार दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी सीट से नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 14 मई से बढ़ाने की मांग वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नेशनल साउथ इंडियन रिवर इंटरलिंकिंग फार्मर्स एसोसिएशन की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष पी. अय्याकन्नू द्वारा दायर याचिका को पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन करार दिया। अधिवक्ता एस. महेंद्रन के माध्यम से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि अय्याकन्नू तथा उनके दूसरे साथी किसानों को 10 मई को उस समय ट्रेन से जबरन उतारकर पुलिस हिरासत में ले लिया गया जब वे नामांकन पत्र भरने के लिए वाराणसी जा रहे थे।

याचिका में कहा गया है कि उन्हें शाम को छोड़ा गया। इसका एक मात्र कारण यह था कि



प्रधानमंत्री भी उसी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया था कि करीब 100 किसानों का समूह लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लड़ने के लिए तिरुचि से काशी तमिल एक्सप्रेस से बनारस आ रहा था। उन्हें चेंगलपट्टू स्टेशन पर उतारकर वापस तिरुचि भेज दिया गया। याचिका में कहा गया था, एसोसिएशन ने घोषणा की थी कि किसानों से किये गये वादे पूरे करने में विफल रहने के लिए और कृषि उत्पादों की उचित कीमत तथा सभी कृषि ऋण माफ करने की अपनी मांगों के समर्थन में 111 किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

# मोदीनॉमिक्स : अनुराग ठाकुर बोले- भारत में एक दशक में मिले 51.40 करोड़ रोजगार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बेरोजगारी और रोजगार के मुद्दे पर इंडी अलायंस के दावों को भ्रामक व खोखला बताते हुए मोदी सरकार में रोजगार सृजन की दिशा ऐतिहासिक कीर्तिमान बनने व रिकॉर्ड रोजगार मिलने की बात कही है। बुधवार को यहां जारी एक बयान में अनुराग ठाकुर ने कहा कि रोजगार के मुद्दे पर इंडी अलायंस लगातार झूठ बोल कर देश को गुमराह कर रहा है। स्कोच समूह द्वारा पिछले 10 वर्षों में भारतीय रोजगार सृजन पर जारी रिपोर्ट ने विपक्ष के झूठे दावों की पोल खोल दी है। मोदीनॉमिक्स के इस शानदार उदाहरण ने रोजगार पर विपक्षी भ्रामक दुष्प्रचार की जड़ों को हिला दिया है। स्कोच की रिपोर्ट में सामने आया है कि मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में 51.40 करोड़ रोजगार सृजित हुए हैं, जो कि दिखाता है कि मोदी सरकार की नीतियों से एक दशक



में रोजगार के कितने अवसर मिले। अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनावों के पहले चार चरणों में जनता ने पहले ही मोदी सरकार के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड पर अपनी मुहर लगा दी है और अब इस रिपोर्ट ने विपक्ष के दुष्प्रचार की कलई खोल कर दी है। यह नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और समावेशी नेतृत्व की ही देन है कि हमने विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त रोजगार सृजन होता देखा है। इससे पहले तो भारत में भ्रष्टाचार के ऊपर रिपोर्टें आया करती थीं लेकिन आज विकास आधारित रिपोर्टें आ रहीं है। यह बदलाव देश को अच्छा लग रहा है और जनता को विश्वास है कि आज देश सुरक्षित हाथों में हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जैसे जैसे मोदी सरकार के अभूतपूर्व विकास के दशक की उपलब्धियां सामने आ रही हैं वैसे-वैसे विपक्ष का भ्रामक दुष्प्रचार रेत के किले की तरह बिखर रहा है। पहले भी इन्होंने देश को गरीबों के नाम पर भ्रमित करने की कोशिश की थी तब एक रिपोर्ट सामने आई थी कि मोदी सरकार ने मात्र 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। अभी प्रकाशित हुई स्कोच की रिपोर्ट बताती है कि 51.40 करोड़ सृजित रोजगार में 19.79 करोड़ मोदी सरकार की विभिन्न स्कीमों व नीतियों की वजह से हुए हैं। इसके साथ ही 31.61 करोड़ रोजगार बैंकों की तरफ से दिए गए लोन की वजह से संभव हुए हैं। इसमें मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बेहतरीन भूमिका निभाई है और हर साल औसतन 3.6 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम सड़क योजना, कौशल विकास योजना, पीएम स्वनीधि और पीएलआई जैसी स्कीमों ने भी लोगों को रोजगार देने में प्रत्यक्ष तौर पर मदद की है। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि आज विपक्षी खेमे पर तरस आ रहा है, क्योंकि पहले ही उनका एसटी, एससी, ओबीसी आरक्षण और संविधान वाला नैरेटिव बुरी तरह पिट चुका है।

# न्यूज बॉक्स

## राष्ट्रपति ने ओडिशा के पूर्व मंत्री दंबुरुधर उलाका के निधन पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता और ओडिशा के पूर्व मंत्री दंबुरुधर उलाका के निधन पर दुख जताया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, ओडिशा सरकार में मंत्री रहे दंबरुधर उलाका के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उलाका ने लोगों, विशेषकर वंचितों और उनके कल्याण के लिए काम किया। मैं उनके परिवार के सदस्यों और समर्थकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता दंबरुधर उलाका का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण मंगलवार को भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे।



## उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां एम्स में भर्ती

**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (85) को एम्स में भर्ती किया गया है, जहां उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है। एम्स प्रशासन का कहना है कि अधिक उम्र में होने वालीं समस्याओं के चलते रूटीन चेकअप के लिए सावित्री देवी यहां पहुंची हैं। मंगलवार को विभिन्न विभागों के चिकित्सकों ने उनके स्वास्थ्य की जांच की। बताया जा रहा है कि योगी की बहन भी मां को देखने आई थीं। मुख्यमंत्री योगी के परिवार को मिलने वाली सुरक्षा व्यवस्था के तहत तैनात पुलिसकर्मी भी एम्स में मौजूद हैं। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने सावित्री देवी के भर्ती होने की पुष्टि की है।



## एससी ने अब्बास अंसारी को पिता मुख्तार के फातिहा में शामिल होने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जेल में बंद अब्बास अंसारी को उसके मृत पिता मुख्तार अंसारी के फातिहा में शामिल होने के लिए 10 और 12 जून के बीच पुलिस हिरासत में गाजीपुर स्थित उनके पैतृक स्थान पर जाने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश पुलिस से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि अंसारी के आवास पर पुलिसकर्मी परिवार की महिला सदस्यों के सम्मान और आत्म सम्मान का ख्याल रखें। पीठ में न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन भी शामिल थे। इससे पहले शीर्ष अदालत ने कासगंज जिला जेल में बंद अब्बास अंसारी को 10 अप्रैल को पिता मुख्तार अंसारी के फातिहा में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी थी।



## यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए मध्य प्रदेश गुजरात के दो और श्रद्धालुओं की मौत




**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो और श्रद्धालुओं की मंगलवार को मौत हो गई। दोनों को अचेत अवस्था में स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी पहुंचाया गया था। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रदेश की चारधाम की यात्रा के दौरान अब तक मरने वाले यात्रियों कुल संख्या सात हो गई है। बदरीनाथ की तो सोमवार को बदरीनाथ धाम में भी एक यात्री की मौत हुई। ऐसे में चारधाम यात्रा के दौरान अब तक सात यात्रियों की जान गई है। जानकारी के अनुसार राम प्रसाद(51) पुत्र कन्हैया लाल निवासी इंदौर गांधी नगर मध्यप्रदेश मंगलवार सायं करीब आठ बजे रात्रि यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरव मंदिर के पास फिसलकर चोटिल हुए। दक्षा बेन पटेल (68) पत्नी घनश्याम पटेल निवासी अहमदाबाद, गुजरात को सवा आठ बजे यमुनोत्री से लौटते वक्त सांस लेने में दिक्कत हुई और वह बेहोश हो गईं। परिजन उन्हें स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी ले गए थे, लेकिन दोनों को ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## संदेशखाली की रेखा पात्रा ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका, पुलिस की कार्रवाई से सुरक्षा की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं के आंदोलन का नेतृत्व करने वाली और बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा ने राज्य पुलिस की दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। पात्रा ने अपनी याचिका में अदालत से अनुरोध किया है कि वह पुलिस को उनके खिलाफ दायर मामलों की विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दे। याचिका स्वीकार कर ली गई है और इस पर गुरुवार को सुनवाई होगी। यह याचिका एक वायरल वीडियो पर पश्चिम बंगाल पुलिस के सक्रिय होने के बाद दायर की गई है, जिसमें संदेशखाली के स्थानीय भाजपा नेता गंगाधर कायल को यह दावा करते हुए सुना जा सकता है कि संदेशखाली में महिलाओं के आंदोलन की कहानी भाजपा ने लिखी थी और उसी ने इसे मूर्त रूप दिया। स्टिंग ऑपरेशन का यह वीडियो सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस ने पात्रा और कायल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

## जेडीयू नेता पूनम सिंह ने थामा कांग्रेस का दामन



**पटना ।** जेडीयू नेता और पूर्व विधायक पूनम सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर बुधवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। मौके पर पूनम सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार पर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मैंने 1980 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। 1990 और 1995 के विधानसभा चुनावों में कुछ कारणों की वजह से मुझे हार का सामना करना पड़ा था। वर्ष 1996 के लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद मैंने कांग्रेस को अलविदा कह समता पार्टी का दामन थाम लिया था। अब 24 वर्ष के वनवास के बाद कांग्रेस में शामिल हुई हूं।

# गाजा यूएन मिशन में भारतीय की मौत पर विदेश मंत्रालय ने जताया दुख

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने गाजा यूएन मिशन में भारतीय की मौत पर दुख जताया है। मंत्रालय का कहना है कि वे पार्थिव देह को भारत लाने और मामले की जांच के लिए सहयोग और संपर्क बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में आज कहा कि 13 मई को गाजा में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा विभाग (डीएसएस) में सुरक्षा समन्वय अधिकारी कर्नल वैभव अनिल काले (सेवानिवृत्त) की मृत्यु से हमें गहरा दुख पहुंचा है। हम उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में हमारा स्थायी मिशन और तेल अवीव तथा रामल्ला में हमारे मिशन पार्थिव देह को भारत



वापस लाने में सभी सहायता दे रहे हैं और घटना की जांच के संबंध में संबंधित अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इजराइल-हमास युद्ध के बीच गाजा के राफा शहर में हमले की चपेट में आने से संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले सेवानिवृत्त भारतीय कर्नल की मौत हो गई थी।

# आईएनडीआईए की सरकार बनी तो सभी गरीबों को मिलेगा 10 किलो राशन : खरगे

**एजेंसी। लखनऊ**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में आईएनडीआईए की सरकार बनने का दावा किया है। खड़गे ने कहा कि सरकार बनने के बाद हम सभी गरीबों को 10 किलो राशन देंगे। खरगे ने अखिलेश के साथ लखनऊ के ताज होटल में बुधवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में दावा किया 04 जून को आईएनडीआईए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून कांग्रेस-नीत



यूपीए सरकार लाई थी। आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद हम प्रति व्यक्ति 10 किलो राशन देंगे। हमारी लड़ाई गरीबों के लिए है। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। पद रिक्त हैं लेकिन भर्ती नहीं हुई। ये देश का भविष्य बनाने वाला चुनाव है। वोट का अधिकार ही सबसे बड़ी ताकत है। हम मजबूती के साथ लड़ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि हम दलित, आदिवासी, पिछड़ों एवं कमजोर वर्ग को आगे लाने के लिए जातीय जनगणना कराएंगे।

# ओडीएल-ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के जुलाई-2024 सत्र के लिए पंजीकरण शुरू : इग्नू



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने ओडीएल-ऑनलाइन माध्यम से पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रमों के लिए जुलाई-2024 सत्र के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। इग्नू ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि उम्मीदवार ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) कार्यक्रमों के लिए आधिकारिक प्रवेश पोर्टल और ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार जुलाई 2024 सत्र के लिए नए प्रवेश फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून है। विश्वविद्यालय विभिन्न मास्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर सर्टिफिकेट और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रदान करता है। नए आवेदक को एक नया पंजीकरण करना होगा, सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करनी होगी और उस कार्यक्रम का चयन करना होगा।

# प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल पहुंच रहा ब्रिटेन

**एजेंसी। लंदन**

रूसी तेल प्रतिबंधों के बावजूद अभी भी यूनाइटेड किंगडम में पहुंच रहा है। एक ट्रेजरी कमेटी ने यह खुलासा किया। ब्रिटेन में रूसी तेल और तेल उत्पादों के आयात, अधिग्रहण और आपूर्ति पर दिसंबर 2022 में प्रतिबंध लगा दिया गया था। जी7 देशों ने रूसी तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत को सीमित करने पर भी सहमति जताई, ताकि यूक्रेन में युद्ध को वित्तपोषित करने की व्लादिमीर पुतिन की



क्षमता कम की जा सके। वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर केंद्रित एक शोध कंपनी एनर्जी एस्पेक्ट्स में भू-राजनीति प्रभाग के प्रमुख रिचर्ड ब्रॉन्ज ने मंगलवार को ट्रेजरी कमेटी को प्रतिबंधों के बारे में सबूत दिए। उनसे पूछा गया कि क्या प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल अभी भी ब्रिटेन में पहुंच रहा है, तब उन्होंने कहा, इसे रिफाइनरी द्वारा संसाधित या परिवर्तित कर दिया गया है। ये रिफाइनरियां, विशेष रूप से भारत में ब्रिटेन के बाजारों से काफी दूरी पर हैं। उन्होंने कहा, केवल आर्थिक दृष्टिकोण से हम यूरोपीय देशों से कहीं अधिक तेल आयात करते हैं, अमेरिका से कहीं अधिक, इसलिए इसका अधिकांश हिस्सा अन्य गंतव्यों में जाएगा। रूसी तेल प्रतिबंधों के बावजूद

# कहां हैं स्वाति मालीवाल, क्या समझौते के लिए डाला जा रहा है दबाव : भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से सीएम आवास पर हुई अभद्रता पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सीधे सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि 48 घंटे बीत गए हैं, सबके मन में यह सवाल है कि सुल्तान साहब के शीशमहल में क्या हो रहा है? उन्होंने सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और आतिशी की चुप्पी पर प्रश्न किए। स्वाति मालीवाल के साथ हुई अभद्रता को लेकर भाजपा की महिला कार्यकताओं ने बुधवार सुबह सीएम हाउस पर प्रदर्शन भी किया। गौरतलब है कि आम



आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने 13 मई को पीसीआर कॉल करके कहा था कि सीएम हाउस में उनसे मारपीट हुई है।

इन आरोपों के बाद आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भी स्वीकार किया कि स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता हुई है। शाजिया ने कहा कि इस घटना के बाद से स्वाति मालीवाल गायब हैं। उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है, क्या स्वाति मालीवाल पर समझौता करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। हमें उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता है। शाजिया ने आम आदमी पार्टी के लिए कहा, मैं सभी को जानती हूं, उनके डायनामिक्स को जानती हूं, वहां की गंदगी अब बाहर आई है और मैंने इस कारण 'आप' छोड़ी थी। कुछ इसी तरह का मामला नरेला के तत्कालीन विधायक शरद चौहान के खिलाफ भी था। एक महिला, चौहान के खिलाफ शिकायत लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंची थीं।

## आज का राशिफल

**मेष** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है।

**वृषभ** — बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें।

**मिथुन** — कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क** — नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। यात्रा योग हैं।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या** — भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला** — योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक** — व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। कार्य सफल होगें।

**धनु** — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**मकर** — सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुम्भ** — मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्त्री का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

# पंजाब के खिलाफ जीत रॉयल्स का आत्मविश्वास बढ़ाएगी और वह शीर्ष दो में पहुंच जाएगी : रायुडू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू को लगता है कि पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत मिलने से लगातार तीन हार के बाद आईपीएल 2024 के लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का 'आत्मविश्वास' मजबूत होगा। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) द्वारा मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 19 रन से हराकर 14 मैचों में 14 अंकों के साथ अपना अभियान समाप्त करने के बाद आरआर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम बन गई। संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम अपने पिछले तीन गेम हार गई है और टूनार्मेंट के नॉकआउट चरण में जाने से पहले जीत की राह पर लौटने का लक्ष्य बना रही है। रॉयल्स ने लगातार चार जीत के साथ शानदार शुरूआत की और पूरे सीजन में शीर्ष चार में बने रहे। पिछले लगातार तीन मैचों में पिछड़ने के बावजूद राजस्थान 12 मैचों में 16 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है। रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, उन्होंने पूरे सीजन में अच्छा खेला है और यह एक भाग्यशाली मौका है जो उन्हें एक महत्वपूर्ण समय पर मिला है जब वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। इसलिए इससे उन्हें अपने अगले 2 मैचों के लिए आत्मविश्वास मिलेगा।" पंजाब के बाद, जयपुर स्थित फ्रेंचाइजी अपने अंतिम लीग चरण मुकाबले में टेबल टॉपर्स कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी।

दिग्गज क्रिकेटर का मानना है कि राजस्थान को पंजाब के खिलाफ जीत का लक्ष्य रखना चाहिए क्योंकि कोलकाता कड़ी चुनौती देगी।

## चोट के कारण पंजाब किंग्स के रबाडा स्वदेश लौटे

**जोहान्सबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बुधवार को बताया कि पंजाब किंग्स के स्टार तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा सॉफ्ट टिशू इनफेक्शन के पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट आये हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने यह भी कहा कि तेज गेंदबाज पर उसकी मेडिकल टीम द्वारा कड़ी निगरानी रखी गई है। धर्मशाला में आरसीबी के खिलाफ आखिरी मैच से चूकने से पहले रबाडा ने पीबीकेएस के लिए सीजन के हर मैच में खेला। 11 मैचों में उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए 11 विकेट लिए। प्रोटियाज मेन्स के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा सॉफ्ट टिशू इनफेक्शन के कारण आईपीएल से स्वदेश वापस लौट आए हैं। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर एक विशेषज्ञ से परामर्श लिया और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की मेडिकल टीम उन पर कड़ी निगरानी रख रही है।

# असम ने अरुणाचल प्रदेश को पछाड़ अंतिम आठ में किया प्रवेश



**एजेंसी। छत्तीसगढ़**

**नारायणपुर।** असम ने बुधवार को यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में अरुणाचल प्रदेश को 1-0 से हराकर ग्रुप जी से स्वामी विवेकानंद अंडर20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। असम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की और ग्रुप चरण में सात अंक जुटाकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उनकी यात्रा में मध्य प्रदेश के खिलाफ ड्रा (0-0) और त्रिपुरा पर एक प्रमुख जीत (6-0) शामिल थी। दूसरी ओर, अरुणाचल प्रदेश ने तीन मैचों में दो अंक हासिल कर अपना अभियान समाप्त किया। मैच का एकमात्र गोल दूसरे हाफ में ग्वग्वम्सर गायरी के सौजन्य से हुआ। 83वें मिनट में गायरी को दाहिने फ्लैंक से अभिनाश बोरो से एक प्रभावी क्रॉस मिला। सटीकता के साथ, टीम के कप्तान ने अपनी टीम के लिए तीन महत्वपूर्ण अंक अर्जित करने के लिए फ्लिक हैडर को अंजाम दिया।

# निशा ने देश को दिलाया ओलंपिक कोटा

## दिल्ली पहुंचने पर साक्षी मलिक ने किया स्वागत






**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को साथी पहलवान निशा दहिया का तुर्की के इस्तांबुल से दिल्ली लौटने पर एयरपोर्ट पर स्वागत किया। निशा ने महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। साक्षी ने फेसबुक पर आईजीआई एयरपोर्ट पर निशा के स्वागत की तस्वीरें पोस्ट कीं, जहां परिवार और दोस्तों ने भी उनका भव्य स्वागत किया। शुक्रवार को, निशा ने कुश्ती विश्व ओलंपिक क्वालीफायर के फाइनल में पहुंचने के बाद पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। भारत को पेरिस ओलंपिक के लिए पांचवां कोटा मिला है। सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की एडेला हन्जलिकोवा को 7-4 से हराने से पहले, निशा ने राउंड ऑफ 16 में व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट, अंडर 23 विश्व चैंपियनशिप की पूर्व रजत पदक विजेता अलीना शौचुक को 3-0 से हराया था। निशा के अलावा, अमन सहरावत इस साल के टूनार्मेंट के लिए अंतिम क्वालीफाइंग इवेंट में पेरिस के लिए स्थान पक्का करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान थे। एशियाई चैंपियन और अंडर 23 विश्व चैंपियन पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 19 रनों से हराया




**एजेंसी। नई दिल्ली**

यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 19 रनों से हरा दिया। अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टन स्टब्स के अर्धशतकों के बाद डीसी ने 208/4 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, इशांत ने पांचवें ओवर में एलएसजी को 44/4 पर ला दिया। जहां निकोलस पूरन ने 61 रनों की जोरदार पारी खेली, वहीं अरशद ने नाबाद 58 रनों की पारी खेली। 208 के बचाव में इम्पैक्ट प्लेयर इशांत ने पावर-प्ले में एलएसजी के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। अक्षर पटेल की पहली गेंद पर मार्कस स्टोइनिस ने पिच पर डांस किया, लेकिन वह गेंद चूक गए, जो काफी टर्न हुई और आसानी से स्टंप हो गई। पूरन ने अक्षर को छोटे सीमा क्षेत्र पर दो चौके और इतने ही छक्के लगाकर एलएसजी की पारी में कुछ गति ला दी।

**संक्षिप्त स्कोर ▸▸** दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 208/4 (अभिषेक पोरेल 58, ट्रिस्टन स्टब्स 57 नाबाद, नवीन-उल-हक 2-51, रवि बिश्नोई 1-26) ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 20 ओवर में 189/9 (निकोलस पूरन 61, अरशद खान 58 नाबाद, इशांत शर्मा 3-34, ट्रिस्टन स्टब्स 1-4) 19 रन से

## जूनियर बास्केटबॉल में अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के खिलाड़ियों का जलवा

**अहमदाबाद।** अदाणी स्पोर्ट्सलाइन अकादमी के खिलाड़ियों ने गुजरात राज्य जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में अहमदाबाद जिले की लड़कियों और लड़कों की टीमों के लिए क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। वनीसा ने लड़कियों की टीम को स्वर्ण जीतने में मदद की, जबकि एक अन्य ट्रेनी तक्ष पटेल लड़कों की टीम का हिस्सा थे जिसने उसी टूनार्मेंट में दूसरा स्थान हासिल किया था। अपने लॉन्च के पांच साल से भी कम समय में, अदाणी स्पोर्ट्सलाइन अकादमी उभरते खेल सितारों के गढ़ के रूप में उभरी है। इस दौरान नए खिलाड़ियों का बोलबाला रहा। अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के मुख्य व्यवसाय अधिकारी संजय अडेसरा ने कहा, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के छात्र अपना नाम बनाना शुरू कर रहे हैं।

**बंगाल प्रो टी20 लीग**

# आकाश दीप और प्रियंका बाला होंगी सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के मार्की खिलाड़ी




**एजेंसी। कोलकाता**

**पश्चिम बंगाल।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 11 जून से शुरू हो रहें बंगाल प्रो टी-20 लीग के लिए सवोर्टेक पावर सिस्टम्स की टीम सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए अपने प्रमुख खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। इसमें पुरुष खिलाड़ी के रूप में भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा रह चुके 27 वर्षीय क्रिकेटर आकाश दीप व महिला खिलाड़ी के रूप में महिला आईपीएल का हिस्सा रहीं 28 वर्षीय प्रियंका बाला को शामिल किया गया है। वर्तमान में आकाश आईपीएल में आरसीबी के लिए खेल रहे हैं। अपने हालिया प्रदर्शन में उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में एक विकेट भी झटका था। वहीं प्रियंका डब्ल्यूपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा थीं।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# जेमिनी होगा गूगल का भविष्य, सर्च करने के तरीके में होगा बड़ा बदलाव



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एआई मौजूदा समय में टेक उद्योग में चर्चा का विषय बना हुआ है। हर कंपनी इस ओर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। अब दिग्गज टेक कंपनी गूगल भी अपने एआई मॉडल गूगल जेमिनी के जरिए एआई पर बड़ा दांव लगाने जा रही है। गूगल इवेंट में सीईओ सुंदर पिचाई ने गूगल जेमिनी एआई मॉडल को लेकर एक विस्तृत योजना पेश की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एक दशक से ज्यादा समय से कंपनी एआई पर निवेश कर रही है। हम शोध, उत्पाद और ढांचे के हर स्तर पर नवाचार कर रहे हैं। गूगल पूरी तरह से जेमिनी युग में चला गया है। अमेरिका में होने वाली कंपनी की फ्लैगशिप कॉन्फ्रेंस 'आई/ओ' में पिचाई ने कहा, जेमिनी के पास काफी सारी विशेषताएं हैं और इसमें सर्च, फोटो, वर्कस्पेस और एंड्रॉइड आदि शामिल हैं। पिचाई ने आगे कहा, अभी हम एआई प्लेटफार्म की तरफ शिफ्ट होने के शुरूआती चरण में हैं।

हमें इसमें क्रिएटर, डेवलपर, स्टार्टअप और सभी के लिए कई सारे अवसर दिखते हैं। एडवांस जेमिनी प्लेटफॉर्म पर पिछले तीन महीने में 10 लाख से ज्यादा लोग साइन अप कर चुके हैं।

# मात्र 39 वर्ष हो सकती है बचपन में गंभीर मोटापे से ग्रस्त लोगों की जीवन प्रत्याशा

**टाइप 2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप या अन्य 'चेतावनी संकेत' विकसित होने तक इंतजार करने की बजाय उपचार जल्दी शुरू किया जाए**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

चार साल की उम्र में गंभीर मोटापे से ग्रस्त बच्चे का वजन यदि कम नहीं होता है तो उसकी जीवन प्रत्याशा महज 39 साल हो सकती है जो औसत की तुलना में लगभग आधी है। एक शोध में यह बात सामने आई है। हालांकि शोध में कहा गया है कि वजन कम करके जीवन प्रत्याशा बढ़ाई जा सकती है।

इटली के वेनिस में यूरोपियन कांग्रेस ऑन ओबेसिटी (ईसीओ) में प्रस्तुत शोध में पहली बार मोटापे की शुरूआत की उम्र, गंभीरता और अवधि के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। जर्मनी के म्यूनिख में लाइफ साइंसेज कंसल्टेंसी स्ट्राडू जीएमबीएच के डॉ. उर्स विडेमैन ने कहा, जल्द शुरू होने वाले मोटापे के मॉडल से पता चलता है कि वजन घटाने का जीवन प्रत्याशा और अन्य बीमारियों के साथ मिलकर मौत का कारण बनने की संभावना पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, खासकर जब शुरू में ही वजन कम कर लिया जाता है।" डॉ. विडेमैन ने कहा, "यह स्पष्ट है कि बचपन के मोटापे को जानलेवा बीमारी माना जाना चाहिए।

यह महत्वपूर्ण है कि टाइप 2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप या अन्य 'चेतावनी संकेत' विकसित होने तक इंतजार करने की बजाय उपचार जल्दी शुरू किया जाए। शोधकताओं ने मोटापा और उससे जुड़ी अन्य बीमारियों जैसे टाइप 2 मधुमेह, हृदय संबंधी बीमारियों और फैटी लीवर के 50 क्लीनिकल अध्ययनों के आंकड़ों के आधार पर जल्द शुरू होने वाले मोटापे का मॉडल विकसित किया। अध्ययन में दुनिया भर के देशों के एक करोड़ से अधिक मरीजों के आंकड़ों को शामिल किया गया, जिनमें से लगभग 27 लाख की आयु दो से 29 वर्ष के बीच थी। नतीजों से यह भी पता चला कि 3.5 के बॉडी मास इंडेक्स (जो गंभीर मोटापे का संकेत देता है) वाला चार साल का बच्चा जिसका वजन ज?यादा है, उसे 25 साल की उम्र तक मधुमेह होने का खतरा 27 प्रतिशत और 35 साल की उम्र तक मधुमेह का खतरा 45 प्रतिशत होता है।

# शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक, 117 अंक फिसला सेंसेक्स



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार के बड़े सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स 117 अंक या 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,987 अंक और निफ्टी 17 अंक या 0.08 प्रतिशत फिसलकर 22,200 अंक पर बंद हुआ। मुख्य सूचकांकों में गिरावट के बाद भी छोटे-मझोले शेयरों में बुधवार को खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 482 अंक या 0.96 प्रतिशत बढ़कर 50,707 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 94 अंक या 0.58 प्रतिशत गिरकर 16,457 अंक पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो बाजार में मिलाजुला कारोबार रहा। सरकारी बैंक, फार्मा, मेटल रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, कमोडिटी, पीएसई , सर्विस सेक्टर एवं ऑयल और गैस इंडेक्स बढ़कर बंद हुए हैं। वहीं, ऑटो, आईटी, फिन सर्विस, एफएमसीजी, मीडिया और प्राइवेट बैंक इंडेक्स दबाव के साथ बंद हुए। बाजार में उतार-चढ़ाव दशार्ने वाला इंडिया विक्स मामूली बढ़त के 20.27 अंक पर सपाट बंद हुआ है। सेंसेक्स में 30 में से 14 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एमएंडएम, एचसीएल टेक और एलएंडटी शीर्ष पांच बढ़ने वाले शेयरों में थे।

# हाई ब्लड प्रेशर से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा : विशेषज्ञ



**एजेंसी। नई दिल्ली**

'वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे' से पहले विशेषज्ञों ने कहा है कि व्यक्ति का ब्लड प्रेशर जितने लंबे समय तक अनियंत्रित रहेगा, वह उसके लिए उतना ही नुकसानदायक होगा। इससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक, हार्ट फेलियर, और किडनी की समस्याएं आ सकती हैं। 'वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे' हर साल 17 मई को मनाया जाता है।

इस वर्ष की थीम है, मेजर योर ब्लड प्रेशर एक्युरेटली, कंट्रोल इट, लिव लॉन्गर। रेसिस्टेंट हाइपरटेंशन (दवाओं के उपयोग के बावजूद बीपी 140/90 से ऊपर) हाई बीपी है, जो उपचार पर अच्छी प्रतिक्रिया नहीं देता है। हाई बीपी या उच्च रक्तचाप वाले लगभग 20 प्रतिशत रोगी रेसिस्टेंट होते हैं। नारायण हेल्थ के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. देवी शेट्टी ने आईएएनएस को बताया कि अनियंत्रित उच्च रक्तचाप निस्संदेह सबसे गंभीर स्वास्थ्य चिंताओं में से एक है।

हृदय रोग विशेषज्ञ ने कहा, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत में 188.3 मिलियन लोग उच्च रक्तचाप से प्रभावित हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से केवल 37 प्रतिशत व्यक्तियों को ही औपचारिक निदान प्राप्त होता है और इससे भी छोटा प्रतिशत नियमित रक्तचाप जांच की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपचार शुरू करता है, खासकर जब आप 20 वर्ष की आयु तक पहुंचते हैं।"

पी. डी. हिंदुजा अस्पताल और एमआरसी, माहिम में कार्डियोथोरेसिक और हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. मयूर जैन ने आईएएनएस को बताया, "अनियंत्रित उच्च रक्तचाप के निदान में रोगी की दवा के सावधानीपूर्वक मूल्यांकन के साथ-साथ मोटापा, स्लीप एपनिया और उच्च रक्तचाप के दूसरे कारणों की पहचान और प्रबंधन शामिल है।" उन्होंने कहा, हाई बीपी के कारण धमनी की दीवारों पर अत्यधिक दबाव से रक्त वाहिकाओं और शरीर के अंगों को नुकसान पहुंच सकता है।

**क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार**


# बिटकॉइन 62 हजार डॉलर के पार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज मिला जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 5 आभासी मुद्राएं बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि 5 आभासी मुद्राएं गिरावट के साथ लाल निशान में बनी हुई हैं। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 1.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ 62,735.35 डॉलर यानी 52.39 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,907.85 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.06 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत और डॉगकॉइन 1.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीएनबी 3.02 प्रतिशत, सोलाना 1.22 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.02 प्रतिशत, टॉनकॉइन 0.14 प्रतिशत और काडानो 0.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.82 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई है।

# रियलमी जीटी 6टी में फास्ट चार्जिंग कूलिंग और टॉप परफॉर्मेंस की तिकड़ी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

रियलमी ने आखिरकार अपने यूजर्स का इंजतार खत्म कर दिया है। ब्रांड ने जीटी सीरीज में नवीनतम डिवाइस, रियलमी जीटी 6टी के लॉन्च की घोषणा की है। रियलमी की जीटी सीरीज लॉन्च होने के बाद से ही अपनी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, टॉप परफॉर्मेंस और बेहतर डिजाइन के साथ सबसे प्रतिष्ठित फोन सीरीज रही है। रियलमी ब्रांड भविष्य को ध्यान में रख कर काम करता है। रियलमी का लक्ष्य अतीत से प्रेरणा लेकर स्मार्टफोन इनोवेशन में एक नए युग में प्रवेश करना है। रियलमी की जीटी सीरीज की नवाचार और अत्याधुनिक तकनीक को चिह्नित करती है। अपने लॉन्च के बाद से जीटी सीरीज ने लगातार दायरे को आगे बढ़ाने और अपने लक्ष्य को पूरा करते हुए रियलमी की तकनीकी महारत और समर्पण का प्रतिनिधित्व किया है। जीटी फोन भारत में दो साल पहले 2021 में लॉन्च किया गया था। प्रशंसक बेसब्री से इसकी वापसी का इंतजार कर रहे थे, जो अब रियलमी जीटी 6टी के साथ पूरा होने जा रहा है। आगामी रियलमी जीटी 6टी सिर्फ एक स्मार्टफोन नहीं है, यह नवीनता और शक्ति का प्रमाण है।

उद्योग में अपनी पहली सुविधाओं के साथ यह एक अद्वितीय उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। जीटी 6टी भारत में स्नैपड्रैगन 7 प्लस जेन 3 चिपसेट वाला पहला स्मार्टफोन होगा। हालांकि, एक शानदार चिपसेट ही इसे पावर बीस्ट नहीं बनाता है।



# लोस का यह चुनाव शिक्षा, स्वास्थ और न्याय का चुनाव : तेजस्वी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग (झारखंड)।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में छड़वा मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से जय प्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने भी हाथों को उठाकर समर्थन दिया। तेजस्वी यादव ने देसी स्टाइल में मंच के सामने कुर्सी लगाकर लोगों के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी झारखण्ड के दौरे पर भी आये थे लेकिन कुछ बताया नहीं कि अगले पांच साल में क्या करेंगे। बस इधर-उधर और दूसरों की बात करके वापस चले गए। हम यहां पढ़ाई-लिखाई, सिंचाई-कमाई की बात करने आये हैं। युवाओं को रोजगार देने आए हैं। हम कल भी इसी की बात करते थे और इसी की करेंगे। तेजस्वी ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव शिक्षा, स्वास्थ और न्याय का चुनाव है। समझदारी के साथ काम लीजिये और इंडिया गठबंधन को जिताइये। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज करते हुए कहा कि इनके झूठ में देश अब और नहीं फंसेगा। इस मौके पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी, रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, आरजेडी जिला अध्यक्ष चरका यादव, कांग्रेस ओबीसी प्रदेश महासचिव कोमल कुमारी, प्रदेश सचिव रेणु देवी सहित सैंकड़ो की संख्या में इंडिया गठबंधन के सक्रिय कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता मौजूद थे।




### गांडेय उपचुनाव में भाकपा ने कल्पना सोरेन को दिया समर्थन

**रांची।** भाकपा ने गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन को समर्थन देने का ऐलान किया है। भाकपा के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि पार्टी गांडेय उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को समर्थन की घोषणा करती है। साथ ही जनता से अपील करती है कि उन्हें भारी मतों से विजय बनाएं। राज्य सचिव ने कहा कि झारखंड में भाकपा हजारीबाग, चतरा और दुमका लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही है। इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों के बाद जिन सीटों पर भाकपा के प्रत्याशी नहीं है, उन सीटों पर राष्ट्रीय परिषद के फैसले के अनुसार भाजपा को हराने वाले दल और प्रत्याशियों को पार्टी समर्थन करेगी। भाकपा के कार्यकर्ता भाजपा हराओ अभियान में जुटे हैं। यह जानकारी भाकपा राज्य कार्यकारिणी के सदस्य अजय कुमार सिंह ने बुधवार को दी।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में सपरिवार रामलला का दर्शन किया।

# लूट और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को सजा तो हर हाल में भुगतनी ही पड़ेगी : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को चंपाई सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायकदल के नेता आलमगीर आलम की ईडी द्वारा हुई गिरफ्तारी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि लूट और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को सजा भुगतनी ही पड़ेगी। मरांडी ने कहा कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी,पोषक और संरक्षक है। राज्य में कांग्रेस पार्टी जब जब सत्ता में शामिल हुई राज्य को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झामुमो,राजद ठगबंधन को सत्ता सिर्फ कमाई केलिए चाहिए जनता की सेवा केलिए नही उन्होंने कहा कि राज्य में ईडी की कार्रवाई से ठगबंधन के काले कारनामों की परतें परत दर परत खुल रही है। लूट के खजाने मिल रहे। कभी 350करोड़ तो कभी 35करोड़ नकद बरामद हुए। उन्होंने कहा कि यह तो केवल नमूमा है। ईडी सीबीआई तो जनता की गाढ़ी कमाई का पाई पाई वसूलने की कारवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी आंदोलन को लूटा और अब मिलकर राज्य को लूट रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसीलिए ईडी , सीबीआई को कमजोर करने की बात कर रही है। कांग्रेस और इंडी ठगबंधन को मालूम है कि ईडी की कारवाई जारी रही तो उनके ठगबंधन में कोई नहीं बचेगा।



### राज्य में भ्रष्टाचार का एक और बड़ा विकेट गिरा : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सत्ता पक्ष पर हमला बोला। उन्होंने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार का आज एक और बड़ा विकेट गिरा। आलमगीर आलम को अरबों रुपये के टेंडर घोटाले मामले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। शाहदेव ने कहा कि यह नरेन्द्र मोदी का न्यू इंडिया है। यहां आप उच्च पद पर भी रहकर भ्रष्टाचार करके बच नहीं सकते।

उन्होंने कहा कि यह तो शुरूआत है। अभी तो अरबों रुपये का जो टेंडर घोटाला हुआ है, उसकी जांच जारी रहेगी। इसके पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी गिरफ्तार हो चुके हैं।

## सातवां चरण: स्क्रूटनी के बाद बचे 55 उम्मीदवार : के. रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि सातवें चरण के लिए होने वाले तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के लिए स्क्रूटनी के बाद 55 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को स्क्रूटनी के दौरान राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 17 में से 2 प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया। इस तरह इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अब कुल 15 प्रत्याशी बचे हैं। वहीं दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नामांकित 22 उम्मीदवारों में से तीन के नामांकन खारिज हो गए। यहां अब 19 उम्मीदवार रह गये हैं। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से स्क्रूटनी के बाद सर्वाधिक 8 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द हुए हैं। यहां अब 21 उम्मीदवार बचे हैं। 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख है। उसके बाद उम्मीदवारों की वास्तविक संख्या निश्चित हो जाएगी। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान वाले क्षेत्रों से जुड़ी दूसरे राज्यों की सीमा पर संबंधित राज्य से समन्वय बनाकर चौकसी जारी है। चेकिंग हो रही है तथा सीमा को सील करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 1 अरब, 26 करोड़, 21 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।



*अब तक झारखंड में 1 अरब, 26 करोड़, 21 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त*

# निर्वाचन प्रबंधन को सुदृढ़ करने से होगा मतदान प्रतिशत में इजाफा : रवि कुमार

### राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

*औसत से कम मतदान वाले बूथों पर फोकस करें*

*इन मतदान केंद्रों का सुदृढ़ माइक्रो प्लान शीघ्र तैयार करें*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के झारखंड में होने वाले पांचवें, छठे एवं सातवें चरण के मतदान की व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने से मतदान बेहतर होगा। मतदान दिवसों को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था से मतदान प्रतिशत में इजाफा होगा। बेहतर मतदान के लिए चुनाव कार्य से जुड़े सभी लोग समेकित प्रयास करें। उन्होंने मतदान संपन्न हो चुके जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को रैंडमली मतदान केंद्र के क्षेत्रों में इंड सर्वे कराकर प्रतिवेदन तैयार करते हुए दो दिनों में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। रवि कुमार बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चौथे चरण में संपन्न मतदान एवं आगामी चरण के चुनाव की



तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय औसत से कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर फोकस करते हुए सुदृढ़ माइक्रो प्लान शीघ्र तैयार करें। दिव्यांग एवं शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को उनके घर से मतदान केंद्र तक लाने एवं ले जाने के लिए क्षेत्र एवं गली-मोहल्ला स्तर पर कर्मियों की टैगिंग करें। रवि कुमार ने कहा कि पांचवें, छठे एवं सातवें चरण के मतदान के लिए मनरेगा मेट, पारा कर्मी, जेएसएलपीएस के सक्रिय सदस्य, सखी मंडल की दीदी आदि कर्मियों को मतदान केंद्र वाले क्षेत्र, गांव एवं गली-मोहल्ला से टैग करें। मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन भी मतदान के लिए जागरूक करते हुए उन्हें घर से मतदान केंद्रों पर जाने के लिए प्रेरित किए जाने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों से टैग वाहनों से दूर निवास करने वाले मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि वैसे मतदाता, जो मतदान केंद्र पर नहीं पहुंचें हों, उन्हें बीएलओ हेल्प डेस्क के माध्यम से फोन कराकर मतदान करने की अपील कराएं। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए अर्बन लोकल बॉडीज के साथ बैठक कर मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करवाने का प्रयास कराने पर बल दिया। रवि कुमार ने कहा कि राजनैतिक दलों के लिए प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद भी निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से माइक से प्रेरित कराया जा सकता है। साइलेंस अवधि में वोट देने की अपील को प्रचारित कराना सकारात्मक साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां रिजर्व ड्यूटी वाले चुनाव कर्मी को सहयोग के लिए लगाया जा सकता है।

## न्यूज | बॉक्स

### आयुक्त ने सभी मतदाताओं से की वोट देने की अपील

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने सभी मतदाताओं से वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि आगे होने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें और राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनें। आपका एक वोट भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए संविधान प्रदत्त इस अधिकार का प्रयोग जरूर करें। बता दें कि रांची संसदीय क्षेत्र में आगामी 25 मई को मतदान है।



### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रातू में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**रांची ।** रांची संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में बुधवार को रातू प्रखंड के रिंग रोड, दलादली चौक क्षेत्र में भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा, सुनील कुमार सिंह, अभिषेक मिश्रा, एसएन शर्मा के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। उन्होंने पार्टी समर्थकों के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में रहने वाले लोगों से संजय सेठ के पक्ष में 25 मई को मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र में 25 मई को होने वाले चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाएं और भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ को दोबारा सांसद चुनकर दिल्ली भेजें। इस जनसंपर्क अभियान में धर्मेंद्र उपाध्याय, रामाशीष शर्मा, प्रदीप कुमार सिंह, गौतम राय, अरुण सिंह, रितेश सिंह, राजेश दुबे, जितेंद्र तिवारी, मुन्ना यादव, अमरदीप सिंह, विभव दुबे के साथ कई पार्टी समर्थक शामिल थे।



### हजारीबाग की जनता इंडी गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में गोलबंद : फागू बेसरा

**रामगढ़ ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक गांव-गांव घूम रहे हैं। उन्होंने बीजेपी पर तंज करते हुए कहा कि उनके स्टार प्रचारक हवा में हैं। इसलिए उनके उम्मीदवार भी हवा में ही रहेंगे। इंडी गठबंधन को कई दशकों के बाद एक मजबूत प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के रूप में मिला है। इसलिए हजारीबाग की जनता गोलबंद हो चुकी है। मांडू विधानसभा क्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए फागू बेसरा ने कहा कि हजारीबाग में नरेन्द्र मोदी का ग्लैमर खत्म हो चुका है। यही वजह है कि उनके सारे स्टार प्रचारक अब मंदिर और धर्म के आधार पर वोट मांगने के लिए निकल पड़े हैं। असम के मुख्यमंत्री ने भी मंदिर और मुसलमान की बात की। 10 वर्षों में भाजपा ने बेरोजगारी, महंगाई और विकास को तिलांजलि दे दी है। आज की युवा पीढ़ी अब उनके छलावे में आने वाली नहीं।

### नकदी के साथ गिरफ्तार तीनों आरोपितों को मिली जमानत

**रांची।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार की कोर्ट ने चार लाख 56 हजार नकदी के साथ गिरफ्तार तीनों आरोपितों को बुधवार को जमानत दे दी। गिरफ्तार आरोपितों में अश्विनी रजवार, रवि कुमार राय और प्रखर रंजन शामिल हैं। तीनों आरोपितों को पांच-पांच हजार के निजी मुचलके पर जमानत दी गई है। आरोपितों की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की। उल्लेखनीय है कि 11 मई की देर शाम झारखंड विधानसभा के पास से पुलिस ने लाल रंग के स्विफ्ट कार से चेकिंग के दौरान चार लाख 56 हजार रुपये कैश बरामद की थी। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इस संबंध में विधानसभा थाने में कांड संख्या 19/2024 दर्ज किया गया था।

### रांची के साइबर सेल ने ठगी के एक करोड़ एक लाख 80 हजार रुपये पीड़ितों को लौटाए

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर अपराध थाने में मार्च 2022 से अबतक 22,924 मामले दर्ज हुए हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 करोड़ 32 लाख 30 हजार रुपये फ्रीज किये गये। फरवरी से लेकर अब तक पिछले तीन महीने में साइबर अपराध थाने में साइबर ठगी से संबंधित 18 कांडों में पीड़ितों को पैसा रिफंड कराया गया। साइबर सेल की टीम ने साइबर ठगी के एक करोड़ एक लाख 80 हजार 791 रुपये पीड़ितों को रिफंड कराया। सीआईडी के साइबर अपराध थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बुधवार को बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर आप साइबर अपराध की हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। रिपोर्ट किये जाने पर साइबर थाना ठगी से संबंधित बैंक खाता और ट्रांजेक्शन को ब्लॉक करता है। डीएसपी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर ठगी की रिपोर्टिंग के लिए नेशनल साइबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल की शुरूआत की है।

# पृष्ठ एक के शेष

**टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री...**

के मामले में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। अधिकतर सवालों के जवाब में मंत्री ने कहा कि उन्हें इसके बारे में कुछ नहीं मालूम। मंत्री की गिरफ्तारी के बाद ईडी कार्यालय की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। डॉक्टरों की टीम ने मंत्री के स्वास्थ्य की जांच की और आलम को पूरी तरह फिट बताया। कहा कि उनका ब्लड शुगर बढ़ा हुआ है, उसके लिए दवा दे दी गई है। आलमगीर आलम से मिलने के लिए उनकी मां और बेटी ईडी दफ्तर पहुंचीं थीं।

**अब तक टेंडर कमीशन घोटाले में ये हो चुके हैं गिरफ्तार :** ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव, उनके सहयोगी नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया, तारा चंद, मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल, संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम व अब मंत्री आलमगीर आलम।

**जमीन घोटाले मामले में पूर्व सीएम हेमंत हो चुके हैं गिरफ्तार : 31 दिसंबर 2023** : जमीन घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रही ईडी ने झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। जमीन घोटाला प्रकरण में ईडी ने मुख्यमंत्री को दस समन भेजे थे। लेकिन वह लगातार समन की अवहेलना कर रहे थे। फिर सीएम आवास में ही उनसे पूछताछ के हुई, जिसमें ईडी को पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें देर रात गिरफ्तार कर लिया गया था।

**वीरेंद्र राम से जुड़े सवालों में...**

बैठाकर ईडी ने पूछताछ की। ईडी ने आलमगीर आलम से बरामद कैश के बारे में पूछताछ की लेकिन उनके जवाब से ईडी संतुष्ट नहीं हुई। ईडी ने आलमगीर से रुपये के स्त्रोत के बारे में भी पूछताछ की। पूछा गया कि कहां-कहां से रुपये आए और कमीशन की राशि कहां-कहां बंटती थी। लेकिन इन सबके जवाब में मंत्री सिर्फ ये कहते रहे कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है।

**बड़हरवा टेंडर विवाद में...**

पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दिया था। इसी केस को आधार पर बनाकर ईडी ने एक ईसीआइआर दर्ज किया था, जिसमें छानबीन के बाद ईडी ने 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन का मामला पकड़ा था। इस मामले में भी मंत्री आलमगीर आलम ईडी की रडार पर थे। इसी बीच टेंडर कमीशन घोटाले का दूसरा मामला सामने आया, जिसमें मंत्री की गिरफ्तारी हुई है।

**ब्लड बैंक का लाइसेंस नवीकरण...**

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को यह निर्देशित किया कि वह हर हाल में इसको सुनिश्चित करें कि इस ब्लड बैंक का लाइसेंस का नवीकरण करा लिया जाये। यदि ऐसा नहीं होता है तो राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान इस पर फाइन भी लगा सकता है। इस संबंध में ड्रग इंस्पेक्टर चंदन कच्छप ने बताया कि ब्लड बैंक का लाइसेंस नवीकरण का काम प्रक्रिया में है। शीघ्र ही लाइसेंस का नवीकरण हो जायेगा। उन्होंने बताया कि लाइसेंस चालान जमा करने के कॉस्मेटिक एक्ट में रीन्यूल माना जाता है। पलामू जिला के ड्रग इंस्पेक्टर चंदन कच्छप ने बताया कि यहां दो बड़ी कमियां थी। पहला एलाइजा मशीन का नहीं होना, लेकिन अब यह एलाइजा मशीन इस ब्लड बैंक में इस साल फरवरी में ही खरीद लिया गया है। दूसरा ब्लड बैंक का फ्रीज, वह फ्रीज तापमान का ग्राफ नहीं दिखा पा रहा था। इसलिए ब्लड बैंक में इसी साल के फरवरी में दो अत्याधुनिक फ्रिज खरीद लिए गए हैं। कच्छप ने बताया कि अब इस ब्लड बैंक में कोई ऐसी कमी नहीं रह गई है, जिससे इसके लाइसेंस के दृघिकारण, विस्तारीकरण या नवीकरण में कोई परेशानी आए।

**एससी, एसटी और ओबीसी का...**

सरमा ने कहा कि इन्हें कांग्रेस-झामुमो की सरकार का समर्थन हासिल है। 30 साल पहले असम में भी घुसपैठ का सिलसिला शुरू हुआ था। तब की सरकार ने इसपर रोक के लिए कदम नहीं उठाया और आज यह समस्या इतनी गंभीर हो चुकी है कि 11 जिलों की जनसांख्यिकी बदल गई है। वहां हम माइनॉरिटी बन गए हैं। अगर यहां भी इस पर रोक नहीं लगाई गई तो पूरे झारखंड की यही स्थिति होगी। कोडरमा में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखे वार किए। कहा, राहुल गांधी कभी भारत के प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। अगर उन्हें पीएम बनना है तो वह पाकिस्तान जाकर यह शौक पूरी कर सकते हैं। हम उनका पासपोर्ट-वीजा बनाने में मदद करेंगे। भारत में तो प्रधानमंत्री का पद नरेंद्र मोदी के लिए बुक है।

**400 आया तो यूसीसी आएगा, कृष्ण लला आएंगे, ज्ञानवापी में मंदिर बनेगा :** हिमंता ने कहा की जब भाजपा ने 300 सीट पर किया तो कश्मीर से धारा 370 हटा, राम मंदिर का निर्माण हुआ और इस बार 400 पार सीट आया तो पीओके भी भारत होगा, मथुरा में कृष्ण लला आएंगे और ज्ञानवापी में भी मंदिर बनेगा। देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होगा। कांग्रेस की सरकारों ने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में धर्म के नाम पर मुसलमानों को आरक्षण देने का जो सिलसिला शुरू किया है, उसे खत्म करने के लिए भी चार सौ सीटें जरूरी हैं।

**ओरमांझी जैविक उद्याल में...**

प्रबंधन को जब इसकी जानकारी मिली तो कर्मी केज के अंदर गए और बाघिन को बच्चों से दूर किया। लेकिन, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और चारों शावकों ने दम तोड़ दिया था। बाघिन गौरी को 2018 में बिलासपुर से लाया गया था। बाघिन ने पहली बार चार शावकों को जन्म दिया था। सभी बच्चे समान्य व स्वस्थ्य थे। बाघ के बच्चों का आंख जन्म के 15वें दिन खुलता है। ऐसे में समान्य तौर पर मां ही बच्चों की देखरेख करती है और उसे दूध पिलाती है। लेकिन, करवट लेने के दौरान शावकों के दब जाने से यह हादसा हो गया।

**चार चरणों में ही हमें...**

घर-घर जा रहा है। आठ करोड़ घरों तक हम गए। हमने किसानों को कर्ज माफी की गारंटी दी है। मनरेगा में मजदूरी दर हम 400 रुपये करेंगे। जाति का जनगणना हर 10 साल में करवाएंगे। जयराम ने कहा कि चुनावी मुकाबले के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का गठन हुआ है। हम एक होकर लड़ रहे हैं इस संविधान को बचाने के लिए, जिसका एक मूल सिद्दांत संसदीय लोकतंत्र है। इसको बचाने के लिए हम चुनाव लड़ रहे हैं।

**धर्म के आधार पर न बजट...**

है। जब इस नकली शिवसेना का कांग्रेस में विलय हो जाएगा तब मुझे सबसे ज्यादा याद बालासाहेब ठाकरे की आएगी। नकली शिवसेना ने बालासाहेब के हर सपने को चूर-चूर कर दिया है। बालासाहेब ठाकरे का सपना था, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म हो। यह सपना पूरा हुआ, लेकिन, इससे सबसे ज्यादा चिढ़ नकली शिवसेना को हो रही है। कांग्रेस ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठोकर मारी तो नकली शिवसेना ने भी वही रास्ता चुना। इनकी ये पाप की पार्टनरशिप पूरे महाराष्ट्र के सामने एक्सपोज हो चुका है। कांग्रेस वीर सावरकर को दिन-रात गालियां देती है और ये चुप रहते हैं। महाराष्ट्र की स्वाभिमानी और राष्ट्रभक्त जनता सब देख रही है और नकली शिवसेना को सजा देने का मन बना लिया है।




# 4 चरणों के बाद इंडी गठबंधन आगे, 4 जून को भाजपा की विदाई तय : खरगे



**एजेंसी। लखनऊ**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया है कि चार चरणों के चुनाव के बाद इंडी गठबंधन आगे चल रहा है। चार जून को भाजपा की विदाई हो जायेगी। खड़गे ने लखनऊ में बुधवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब तक चार चरणों के चुनाव हो चुके हैं। इंडी गठबंधन काफी आगे है। जनता ने नरेंद्र मोदी की विदाई तय कर दी है। खरगे ने कहा कि यह चुनाव विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ वो लोग हैं जो कुछ अमीरों के लिए धर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं और दूसरी तरह गरीबों और युवाओं के लिए लोग लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई आरक्षण और संविधान बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थानों में पद खाली हैं, लेकिन केंद्र सरकार उनको भरने के लिए राजी नहीं। हमारी सरकार बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ लड़ रही है। हम लोग अमीर और गरीब के अंतर को मिटाने के लिए लड़ रहे हैं। ये देश का भविष्य बनाने वाला चुनाव है। हमारी आगे की पीढ़ी को बचाने की लड़ाई है। आरक्षण लेने वाले थोड़े लोग हो सकते हैं, लेकिन देश के संविधान को बचाने के लिए हम सबको लड़ना चाहिए।

# पीओके हमारा है, हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

**एजेसी। कोलकाता**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हुगली जिले के श्रीरामपुर में बुधवार को एक चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष के वादे पर सत्ता में आईं ममता अब मुल्ला, मदरसा और माफिया की तरफदारी कर रही हैं।

शाह ने कहा कि यहां इमामों को महीने पर तनख्वाह दी जाती है, लेकिन पुजारियों और मंदिरों के रखवालों को कुछ नहीं मिलता। हालांकि ताजिया में कोई बाधा नहीं है, लेकिन दुर्गा पूजा और काली पूजा पर विसर्जन जुलूस निकालने में नियमित बाधाएं हैं। क्या इसे जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ममता

## शाह ने ममता को दी चेतावनी



***भाजपा*** के वरिष्ठ नेता शाह ने ममता को चेतावनी दी कि घोटालों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार को नौ लाख करोड़ रुपये दिए जो ममता के भतीजे के गुंडे खा गए। सिर्फ मोदी जी ही राज्य को चिटफंड घोटाले, शिक्षक भर्ती घोटाले, नगर निगम भर्ती घोटाले, राशन घोटाले में डूबने से बचा सकते हैं।

सरकार दुर्गा पूजा रोकती है। इन्हें बिल्कुल वोट नहीं देना है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे। राहुल गांधी और ममता बनर्जी आपको डरना है तो डरते रहिए, ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि ममता और कांग्रेस-सिंडिकेट का कहना था कि अनुच्छेद 370 मत हटाओ। मैंने संसद में पूछा कि क्यों न हटाएं, तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। यह नरेन्द्र मोदी का शासन है।

पांच साल हो गए खून की नदियां बहाना छोड़ो, किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। मोदी ने अनुच्छेद 370 को हटाकर पूरे कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ दिया। जब कांग्रेस-नीत यूपीए का शासन था तो हमारे कश्मीर में हड़ताल होती थी। आज पीओके में हड़ताल होती है, पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पीओके में आजादी वाली नारेबाजी होती है। पहले कश्मीर में पत्थरबाजी होती थी, आज पीओके में पत्थरबाजी होती है।

शाह ने कहा कि दो करोड़ 11 लाख पर्यटकों ने कश्मीर आकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है और पीओके में आटे के भाव ने रिकॉर्ड बना दिया है लेकिन मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला देश को डराने का काम कर रहे हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके की बात मत करो।

मैं आज श्रीरामपुर की धरती से कहता हूं कि राहुल, आपको डरना है तो डरते रहिए, ममता बनर्जी आपको डरना है तो डरते रहिए, ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे।

## समय से पहले 20 को विदेश दौरे से लौटेंगे केरल सीएम विजयन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनके परिवार की विदेश यात्रा अब छोटी हो गई है। वे बुधवार सुबह दुबई पहुंच गए। सीएम विजयन 6 मई को इंडोनेशिया, सिंगापुर और यूएई के तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुए थे और 22 मई को देश लौटने वाले थे। बुधवार को उन्होंने दुबई से ही ऑनलाइन कैबिनेट बैठक की और अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों को बताया कि वह 20 मई को केरल लौटेंगे। उन्होंने अपनी निजी यात्रा का सिंगापुर चरण छोटा कर दिया है और बुधवार तड़के दुबई के लिए उड़ान भरी। सीएम विजयन का दौरा पहले गुप्त रखा गया था। कोच्चि से निकलने के बाद ही इसके बारे में लोगों को पता चला। कोई आधिकारिक सूचना नहीं थी। यह यात्रा उस समय विवादों में घिर गई जब केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सीएम विजयन के तीन देशों की निजी यात्रा पर होने की जानकारी देने के लिए मीडिया को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### नड्डा ने राजद के नौकरी देने के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा

# नौकरी के बदले जमीन लेनेवाले आज नौकरी देने की बात कर रहे

**एजेसी। मोतिहारी**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को राजद के नौकरी देने के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिन्होंने नौकरी के बदले जमीन लिखवा ली, आज वह नौकरी देने की बात कर रहे हैं। जेपी नड्डा ने शिवहर लोकसभा क्षेत्र के पूर्वी चंपारण जिले के शिकारगंज में जदयू प्रत्याशी लवली आनंद के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी सरकार के दस साल की उपलब्धियों को गिनाया तथा राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा।

जेपी नड्डा ने शिवहर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी लवली आनंद को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस को भ्रष्टाचारी, सनातन और राष्ट्र विरोधी पार्टी बताते हुए कहा कि जेएनयू में 'भारत तेरे टुकड़े होंगे', 'अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं' का नारा लगाने वाले के साथ राहुल गांधी आज हाथ से हाथ पकड़कर खड़ा होते हैं और वैसे लोगों को एमपी का कैंडिडेट बनाते हैं।

उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि राजद यानी आरजेडी का असली मतलब है आर से रिश्वतखोरी, जे से जंगलराज और डी से दलदल। उन्होंने कांग्रेस के घोटालों का भी जिक्र करते हुए कहा कि चाहे पाताल हो या समुद्र, अंतरिक्ष और जमीन, कांग्रेस ने हर जगह घोटाले किए। इन्होंने ऐसी कोई जगह नहीं छोड़ी, जहां घोटाला ना किया हो। हद तो तब हो गई जब इनके सहयोगी लालू यादव चारा तक खा गए। नौकरी के नाम पर जमीन ले ली। शिवहर में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होना है। यहां लवली आनंद का मुकाबला राजद प्रत्याशी रितू जायसवाल से है।



### केंद्र से जितनी भी योजनाएं बंगाल के लिए आती हैं, वे सब ममता दीदी रोक देती हैं : जेपी नड्डा

**कोलकाता।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को बांकुड़ा जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र से जितनी भी योजनाएं बंगाल के लिए आती हैं, वे सब ममता दीदी रोक देती हैं ताकि बंगाल के लोगों को इसका लाभ न मिले। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद से किसानों को दो-दो हजार रुपये हर चार महीने पर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल के किसानों को नहीं मिल रहे हैं क्योंकि ममता बनर्जी ने उसे रोक दिया है। नड्डा ने कहा कि देश के गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का मुफ्त बीमा मिल रहा है जिसके तहत वे लाइलाज बीमारियों का इलाज करवा रहे हैं लेकिन ममता बनर्जी ने इसे बंगाल में लागू नहीं होने दिया।

### नौजवानों को भाजपा नौकरी नहीं दे पा रही है : अखिलेश यादव

**अयोध्या।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चुनावी जनसभा में कहा कि नौजवानों को भाजपा नौकरी नहीं दे पा रही है। यह जो लोग बड़े-बड़े शहरों में होर्डिंग लगाए हैं डबल इंजन की, इनमें से इनका एक इंजन पहले से गायब है, इनका जो खटारा इंजन है, उसकी कहीं तस्वीर नहीं है। सपा मुखिया ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में असफल रही है, किसानों की आय तो बढ़ी नहीं, किसानों को अपने खेतों की खुद देखभाल करनी पड़ रही है, तार लगवाने पड़ रहे हैं। ये लोग जो बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं परिवारवाद, लेकिन इस बार पीडीए परिवार ही इनका मुकाबला करने जा रहा है, पीडीए परिवार ही इन्हें हराएगा। हमारे युवाओं ने मेहनत की, तैयारी की। सालों तक लगे रहे कि उन्हें नौकरी मिलेगी। इस सरकार में पेपर लीक हो गया। उनकी सारी मेहनत पानी में मिल गई। नौजवानों को भाजपा नौकरी नहीं दे पा रही है।

# ओडिशा में राहुल गांधी ने की संविधान बचाने की अपील

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बुधवार को ओडिशा में मतदाताओं से इंडिया ब्लॉक के लिए बड़ी संख्या में मतदान कर संविधान को बचाने का आग्रह किया। बलांगीर निर्वाचन क्षेत्र में एक सार्वजनिक सभा में गांधी ने कहा कि इस चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा संविधान और बीआर अंबेडकर, महात्मा गांधी के विचारों को बचाना है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान खत्म हो गया तो आम लोगों के अधिकार, उनकी जमीन, आरक्षण व्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अधिकार भी खत्म हो जायेंगे। गांधी ने लोगों को चेतावनी दी कि संविधान के 'विनाश' के बाद देश पर 22 अरबपतियों का नियंत्रण हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा, "पहली बार किसी राजनीतिक दल ने देश से कहा है कि अगर वह जीतेगी तो संविधान को नष्ट कर देगी। गरीब, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी, किसान, मजदूर ने जो कुछ भी सुरक्षित किया है वह संविधान के कारण ही किया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता कह रहे हैं कि वे इस संविधान को फाड़ के फेंक देंगे। मैं भाजपा के हर कार्यकर्ता और नेता से कहना चाहता हूं कि दुनिया में कोई भी हमारे संविधान को छूने की हिम्मत नहीं कर सकता।" उन्होंने कहा कि



भाजपा नेता आरक्षण को खत्म करने का भी दावा करते हैं।

राहुल गांधी ने आगे कहा, "जैसे ही 4 जून को केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, मनरेगा के तहत वेतन बढ़ाकर 400 रुपये कर दिया जाएगा, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओ का वेतन दोगुना कर दिया जाएगा, सरकारी क्षेत्र में 30 लाख खाली पद भरे जाएंगे।" उन्होंने प्रथम वर्ष में प्रत्येक नए स्नातक और डिप्लोमा धारक को नौकरी की गारंटी सुनिश्चित करने के पार्टी के वादे को भी दोहराया। बेरोजगार युवाओं को विश्व स्तरीय कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ-साथ उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे की हर घर की एक महिला के खाते में साल में 1 लाख रुपये भेजा जाएगा, जो हर महीने 8500 रुपये के हिसाब से आएगा। उन्होंने किसानों के कर्ज माफी की भी बात की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि 15 फीसदी दलित, आठ फीसदी आदिवासी, 15 फीसदी अल्पसंख्यक और पांच फीसदी गरीब सामान्य जाति के लोगों की किसी भी क्षेत्र, व्यवसाय, मीडिया या सरकार में कोई हिस्सेदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार 90 आईएएस अधिकारियों द्वारा चलाई जाती है, जिनमें से केवल तीन दलित हैं और एक आदिवासी जनजाति से हैं।

गांधी ने कहा, हमने अपने घोषणापत्र में जाति जनगणना का उल्लेख किया है जिससे गरीबों, दलितों, आदिवासियों और सामान्य जाति के गरीबों की वास्तविक जनसंख्या और देश में उनकी हिस्सेदारी का पता चलेगा। यह मीडिया, बड़ी कंपनियों, सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र में पिछड़े वर्ग, दलित, आदिवासी और गरीब सामान्य जाति के लोगों की संख्या को उजागर करेगा।" कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र को पूंजीपतियों के हाथ बेच दिया है। "उन्होंने (भाजपा सरकार) केवल अरबपतियों के लिए काम किया। भाजपा ने 22 सबसे अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया है, जो कि मनरेगा योजना के 24 साल के फंड के बराबर है।" दिलचस्प बात यह है कि राहुल गांधी ने अपने भाषण में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजेडी) के खिलाफ कुछ भी नहीं कहा।

## कर्नाटक कांग्रेस में जल्द ही भगदड़ देखने को मिलेगी : बीवाई विजयेंद्र



**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद कांग्रेस में भगदड़ देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया जल्द ही अपनी सरकार को गिरते हुए देखेंगे। विजयेंद्र ने कहा, बस समय की बात है। आप लोगों को खेमा बदलते देखेंगे। कांग्रेस की आंतरिक गुटीय लड़ाई भी उजागर होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भीतर प्रतिद्वंद्वी खेमे को अच्छी तरह पता है कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार के बीच हुए समझौते को सिद्दारमैया नहीं मानेंगे। उधर, शिवकुमार भी पार्टी आलाकमान के फॉर्मूले का विरोध करेंगे। माना जाता है कि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और डिप्टी सीएम शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर सत्ता-साझाकरण समझौते की व्यवस्था की है, जिसमें प्रत्येक को 2.5 साल का कार्यकाल दिया जाएगा। विजयेंद्र ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी खेमा खाली नहीं बैठा है और जवाबी रणनीति तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस पार्टी दिन-ब-दिन अपनी जमीन खोती जा रही है। पार्टी झूठे आश्वासन देकर सत्ता में आई है। इससे पहले मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा था कि जिन बीजेपी नेताओं को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिला, वे बदला लेने की फिराक में हैं। कर्नाटक सीएम ने कहा था, एक बार परिणाम घोषित होने के बाद, भाजपा को संकट का सामना करना पड़ेगा। भाजपा का एक गुट विजयेंद्र को कमजोर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

# तेजस्वी का 'जॉब शो' नहीं, 'अपहरण शो' : गिरिराज



**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने बुधवार को राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वे 'जॉब शो' नहीं 'जंगल शो', 'अपहरण शो' कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पांच विभाग उनके पास थे, कितने लोगों को नौकरी दी, यह तो बताएं। पटना में पत्रकारों ने गिरिराज सिंह से जब तेजस्वी के 'जॉब शो' को लेकर सवाल किया तो उन्होंने इसे झूठ कहा। उन्होंने कहा कि वह 'जंगल शो' कर सकते हैं, 'अपहरण शो' कर सकते हैं। इनके पास पांच विभाग थे, उस विभाग में कितने लोगों को जॉब मिली। तेजस्वी यादव को उन्होंने 'झूठों का सरदार' भी बताया। उन्होंने कहा कि जनता उनके साथ नहीं है, गरीब उनके साथ नहीं है। हमारे नेता नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के कारण सभी पिछड़े और गरीबों का वोट मिल रहा है, जिसका पता लालू यादव को भी नहीं है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता चुनाव के बाद भागेंगे। जब इनके पास वोट ही नहीं है, तो क्या करेंगे। इनको भारत से कोई प्रेम नहीं है। उल्लेखनीय है कि तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना में आयोजित रोड शो पर तंज कसते हुए कहा था कि वे 'रोड शो' करें, मैं तो 'जॉब शो' करूंगा।

### तेजस्वी ने किया पलटवार, कहा- बिना तर्क की बातों पर डिस्कशन करने का वक्त नहीं



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा राजद नेता तेजस्वी को झूठा का सरदार कहने पर तेजस्वी यादव ने कहा कि बेकार और बिना तर्क की बातों पर डिस्कशन में भाग लेने के लिए हमारे पास समय नहीं है। उनकी बातों में कोई गंभीरता नहीं है, जो मुंह में आता है बोल देते हैं। पीएम पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि उनकी गलत नीतियों के कारण 25 करोड़ नौजवान ओवरएज हो गए हैं। जो युवा ओवरएज हुए हैं, वह बेरोजगार हो चुके हैं। बहाली नहीं निकल रही है, नौकरी नहीं मिल रही है, इसलिए ये लोग ओवरएज हो गए हैं। इनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है, ये 25 करोड़ युवाओं की संख्या कोई मामूली संख्या नहीं है। अग्निपथ योजना को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए तेजस्वी ने कहा कि इस योजना के तहत युवा 22 साल में रिटायर हो जाएगा। 22 साल के बाद नौजवान क्या करेगा, यह एक गंभीर मसला है। वह 22 साल के युवा को रिटायर कर रहे हैं और 25 करोड़ को ओवरएज कर रहे हैं।

### सीएम नीतीश का नाम लेकर भ्रम फैला रहे हैं तेजस्वी : चिराग

राजद के नेता तेजस्वी ने कहा था कि नीतीश कुमार भले ही एनडीए में हों, लेकिन हैं हमारे साथ। इस पर लोजपा के प्रमुख चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, साथ ना होने के बावजूद भी तेजस्वी यादव राजनीतिक लाभ के लिए हमारे मुख्यमंत्री का नाम ले रहे हैं। नीतीश कुमार के नाम पर तेजस्वी भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, तेजस्वी यादव जागरूक जनता को बहला-फुसला नहीं सकते। वो जमाना जा चुका है जब लोगों को बहला-फुसला कर वोट ले लिया जाता था। उन्होंने कहा, पांचवें चरण का चुनाव नजदीक होने के बावजूद इंडी गठबंधन के घटक दल अभी तक साथ नहीं दिखे हैं, जबकि बीते दिनों पीएम मोदी की रैली से हमारे गठबंधन की एकजुटता प्रदर्शित हुई थी।

## चुनाव के रंग



लोस चुनाव को लेकर मुंबई में रोड शो के दौरान आरपीआई नेता रामदास अठावले और केंद्रीय मंत्री व उत्तरी मुंबई सीट से भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल।



सीपीआई (एम) उम्मीदवार सायरा शाह हलीम बुधवार को कोलकाता में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रही हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com